सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 18 जुलाई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 194, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 375 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 375 अंक की गिरावट के साथ 82,259.24 अंक पर बंद हुआ। } 14

## सेना से छेड़खानी के नतीजे भुगतने पड़ते हैं : शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा हमने पूरी दुनिया को यह मजबूत संदेश दिया कि किसी को भी भारत के नागरिक, उसकी सीमा या उसकी सेना से छेड़खानी नहीं करनी चाहिए वरना नतीजे भुगतने पड़ते हैं। } 16

## पटना के हॉस्पिटल में फिल्मी अंदाज में गैंगस्टर छलनी



एजेंसी

पटना। पटना स्थित एक निजी अस्पताल में हथियारबंद कुछ लोगों ने पैरोल पर जेल से बाहर आए हत्या के दोषी को बृहस्पतिवार को गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान बक्सर जिले के निवासी चंदन के रूप में हुई है और वह इलाज के लिए अस्पताल गया था। घटना का कथित सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। इसमें दिखाई दे रहा है कि पांच हथियारबंद लोग अस्पताल के आईसीयू में घुस रहे हैं और व्यक्ति पर गोलियां चला रहे हैं। पटना (मध्य) की पुलिस ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राष्ट्रपति ने लखनऊ को दिया तीसरे सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास के पथ पर अग्रसर उत्तर प्रदेश ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में भी अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। राज्य ने शहरी स्वच्छता और सैनिटेशन पहल के लिए शीर्ष रैंक और विभिन्न श्रेणियों में कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किए हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के नौवें संस्करण के पुरस्कार गुरुवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रदान किए। इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने यूपी को मिले पुरस्कारों को ग्रहण किया। समारोह में लखनऊ ने 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में स्वच्छ शहर पुरस्कार में तीसरा स्थान प्राप्त किया और ऐतिहासिक 7-स्टार कचरा मुक्त शहर (जीएफसी) रेटिंग हासिल की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कर-कमलों से गुरुवार को लखनऊ को प्रेसिडेंशियल अवार्ड प्राप्त हुआ है। वहीं प्रयागराज, आगरा, गोरखपुर एवं महाकुंभ 2025




को भी उत्कृष्टता का पुरस्कार मिला है। इसके साथ ही अब 5 स्टार रेटिंग से ऊपर वाले देश के 20 स्वच्छतम बड़े शहरों में से 6 शहर यूपी के हो गये हैं। राजधानी ...शेष पृष्ठ 14 पर

### नयी रैंकिंग प्रणाली के तहत अहमदाबाद अव्वल

नयी दिल्ली। सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में, बड़े शहरों में अहमदाबाद को सबसे स्वच्छ शहर नामित किया गया, जिसके बाद भोपाल और लखनऊका स्थान है। वहीं, स्वच्छता में असाधारण प्रदर्शन करने को लेकर इंदौर, सूरत, नवी मुंबई और विजयवाड़ा को नवगठित सुपर स्वच्छ लीग सिटीज श्रेणी में जगह मिली है। स्वच्छ सर्वेक्षण के नतीजे बृहस्पतिवार को घोषित किये गए।

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, 4,500 से अधिक शहरों में बातचीत, स्वच्छता ऐप, माईजीओवी और सोशल मीडिया के माध्यम से 14 करोड़ लोगों ने सर्वेक्षण में भाग लिया। इस वर्ष चार श्रेणियों में कुल 78 पुरस्कार प्रदान किए गए-सुपर स्वच्छ लीग शहरअ पांच जनसंख्या श्रेणियों में शीर्ष तीन स्वच्छ शहरअ विशेष श्रेणीः गंगा शहर, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### आकाश प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण



नयी दिल्ली। भारत ने लद्दाख में आकाश प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि इस हथियार प्रणाली को 4,500 मीटर की उंचाई पर संचालित करने के लिए तैयार किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, भारत ने 16 जुलाई को भारतीय सेना के लिए तैयार आकाश हथियार प्रणाली के उन्नत संस्करण आकाश प्राइम ने लद्दाख में उंचाई पर दो तेज गति वाले मानव रहित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।

### नाटो की धमकी को भारत ने किया खारिज

नयी दिल्ली। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव मार्क रूट द्वारा नयी दिल्ली के मॉस्को के साथ व्यापार जारी रखने पर प्रतिबंधों की धमकी पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए भारत ने बृहस्पतिवार को इस मामले में दोहरे मानदंडों के प्रति आगाह किया और जोर देकर कहा कि रूस से उसकी ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हितों और बाजार की गतिशीलता पर आधारित है। रूट ने भारत, चीन और ब्राजील को चेतावनी दी है कि अगर वे रूस के साथ व्यापार करना जारी रखते हैं, तो उन पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेसवार्ता में कहा, हमने इस विषय पर खबरें देखी हैं और घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

# हर जिले का तेजी से हो रहा है विकास : योगी

## चंदौली के विकास के लिए अनेक कार्यक्रम चला रही सरकार, मेडिकल कॉलेज व एक्सप्रेस-वे की मिलेगी सौगात

जिला संवाददाता

चंदौली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंदौली में समीक्षा बैठक के बाद गुरुवार को कहा कि चंदौली यूपी का कृषि प्रधान व सीमावर्ती जनपद है। चंदौली औद्योगिक प्रधान जनपद के रूप में भी विकसित होगा। डबल इंजन की सरकार ने जनपद के विकास के लिए पहले से ही अनेक कार्यक्रम आगे बढ़ाए हैं, जिसमें प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप वाराणसी का रिंग रोड चंदौली होते हुए विकास की धुरी बन गया है। बाबा कीनाराम की स्मृति में बना मेडिकल कॉलेज गत वर्ष संचालित भी हो चुका है।



मुख्यमंत्री ने जिले में समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि जनपद के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों की ओर से दिए गए प्रस्तावों को तेजी के साथ आगे बढ़ाया गया है। यहां वर्षों से जनपद कोर्ट के निर्माण की मांग की जा रही थी। यहां 200 करोड़ से अधिक की लागत का इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स दे रहे हैं। इसमें एक छत के नीचे सभी जिला स्तरीय कोर्ट बनेंगे। साथ ही अधिवक्ता चैंबर व न्यायिक अधिकारियों की आवासीय सुविधा भी कैंपस में रहेगी। राज्य सरकार के स्तर पर पहले ही इसकी स्वीकृति दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बॉर्डर क्षेत्र की अपनी चुनौतियां हैं। जनपद के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों व आमजन ने योगदान दिया है। जनपद तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। सीएम ने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे लखनऊ से गाजीपुर तक पहले ही आ चुका है, लोग इसका लाभ भी ले रहे हैं। इसे चंदौली होते हुए सोनभद्र (शक्तिनगर) तक पहुंचाने की कार्रवाई को हम लोगों ने सैद्धांतिक सहमति दी गई है। इसके सर्वे के कार्यक्रम चल रहे हैं, फिर इसे आगे भी बढ़ाएंगे। इस एक्सप्रेसवे के माध्यम से चंदौली की कनेक्टिविटी लखनऊ व दिल्ली से होगी। सीएम ने कहा कि चंदौली को गंगा एक्सप्रेसवे का भी लाभ मिलेगा। यह मेरठ से प्रयागराज के बीच निर्माण के अंतिम चरण में है। इसे प्रयागराज से मीरजापुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली होते हुए गाजीपुर तक मिलाने की कार्रवाई होगी। जनपद के लिए यह बड़ी उपलब्धि ...शेष पृष्ठ 14 पर

### स्वच्छता मानकों में पीछे न रहे बनारस

जिला संवाददाता

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सर्किट हाउस में विकास परियोजनाओं एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की, फिर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में गतिमान परियोजनाओं को युद्धस्तर पर अभियान चलाकर पूरा कराए जाने पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान जद में आने वाले धर्मस्थलों को स्थानीय लोगों से वार्ता कर आसपास उपयुक्त स्थल चिह्नित कर विधि विधान के साथ स्थापित कराएं। कार्यदायी संस्थाएं समय पर कार्य कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने शहर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश देते हुए कहा कि वाराणसी स्वच्छता में कतई पीछे नहीं रहना चाहिए। वाराणसी स्वच्छता में टॉप फाइव सूची में अवश्य होना चाहिए। इसके लिए नगर आयुक्त को नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाए जाने के लिए निर्देशित किया। नए बिल्डिंग बाइलॉज की जानकारी आम जन ...शेष पृष्ठ 14 पर

### साइबर अरेस्ट : अभियुक्त को सात साल का कारावास

लखनऊ। खुद को इंदिरा गांधी एयरपोर्ट दिल्ली के कस्टम विभाग का अधिकारी बताकर लारी केजीएमयू में कार्यरत एक महिला को साइबर अरेस्ट कर व डरा-धमका के 85 लाख रुपए वसूलने के आरोपी देवाशीष को दोषी ठहराते हुए स्पेशल सीजेएम कस्टम ने सात वर्ष के कठोर कारावास व 68 हजार रुपए के जुमार्ने से दंडित किया है।

अभियोजन की ओर से अदालत को बताया गया कि इस मामले की रिपोर्ट लारी केजीएमयू में कार्यरत सौम्या गुप्ता ने साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई थी जिसमें उसने कहा कि 15 अप्रैल 2024 को सुबह लगभग साढ़े नौ बजे जब वह ड्यूटी पर थी तो उसके पास एक ऑटोमेटिक कॉल आई, यह कॉल इंदिरा गांधी एयरपोर्ट दिल्ली के कस्टम विभाग की तरफ से था, जिसमें कहा गया कि उसके नाम पर एक कार्गो बुक है और इस संबंध में कस्टम अधिकारी से बात करने को कहते हुए काल को ट्रांसफर कर दिया गया। अदालत को बताया गया कि सौम्या गुप्ता को कस्टम अधिकारी से बात करने के लिए चार नंबर दबाने को कहा गया। वादिनी द्वारा ऐसा करने पर उधर से एक व्यक्ति जो कि अपने को कस्टम अधिकारी बता ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी : आठ वर्ष में 238 अपराधी हुए ढेर

### 15000 मुठभेड़ों के बाद 30 हजार से ज्यादा बदमाशों को गिरफ्तार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बीते आठ साल में पुलिस ने करीब 15000 मुठभेड़ों के बाद 30 हजार से ज्यादा बदमाशों को गिरफ्तार किया जबकि गोलीबारी में 238 अपराधियों की मौत हुई और तकरीबन 9000 आरोपी जख्मी हुए। पुलिस के शीर्ष अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्ष में प्रदेश पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए 14,973 अभियान चलाए गए और इस दौरान 30,694 अपराधियों



> मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले आठ वर्ष में प्रदेश पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए 14,973 अभियान चलाए गए और इस दौरान 30,694 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।
>
> -डीजीपी राजीव कृष्ण

को गिरफ्तार किया गया। कृष्ण ने बताया कि इस दौरान पुलिस पर हमला करने वाले 9,467 अपराधियों के पैर में गोली लगी, जबकि 238 अपराधी मारे गये। डीजीपी ने बताया कि सबसे अधिक मुठभेड़ें प्रदेश में पश्चिम क्षेत्र के मेरठ जोन में हुईं जहां पुलिस ने 7,969 अपराधी गिरफ्तार किए जबकि गोलीबारी में 2,911 अपराधी घायल हुए। उन्होंने बताया कि इसी तरह आगरा ज़ोन में 5,529 अपराधी गिरफ्तार किये गये, जबकि 741 अपराधी घायल हुए। कृष्ण के मुताबिक, बरेली ज़ोन में हुई मुठभेड़ों में 4,383 अपराधी पकड़े गए और 921 घायल हुए तथा वाराणसी जोन में 2029 अपराधी गिरफ्तार किये गये और 620 घायल हुए। डीजीपी ने बताया कि कमिश्नरेट में सबसे अधिक मुठभेड़ें ...शेष पृष्ठ 14 पर

### स्टेडियम में भगदड़ के लिए आरसीबी व कर्नाटक क्रिकेट संघ जिम्मेदार

बेंगलुरु। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में भगदड़ मचने से संबंधित मामले में पेश की गई स्थिति रिपोर्ट में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), कार्यक्रम के आयोजक मेसर्स डीएनए नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) पर पूर्व अनुमति के बगैर या शहर के अधिकारियों को अनिवार्य विवरण दिए बिना आरसीबी की विशाल विजय परेड निकालने का आरोप लगाया गया है। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। सरकारी सूत्रों ने बताया कि रिपोर्ट उच्च न्यायालय को सौंप दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, अहमदाबाद में आरसीबी और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल के खिताबी मुकाबले से कुछ घंटे पहले, शाम लगभग 6:30 ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखण्ड में युवाओं के लिए नया अवसर

### मुख्य सचिव स्वयं सचिवों के साथ मिलकर बनायें ठोस रणनीति : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। प्रत्येक जिले में स्थानीय लोगों को प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, कारपेंटर, मिस्त्री जैसे कार्यों के लिए बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। उद्योगों की मांग और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण कोर्स तैयार किए जाएं। प्रशिक्षण केंद्रों में अत्याधुनिक मशीनें, प्रयोगशालाएं (लैब्स) और स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना की जाए।



यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में कौशल विकास और श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने के लिए सभी संबंधित विभागीय सचिव समन्वय बनाकर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कौशल विकास को इन्क्यूबेशन और ग्रोथ सेंटरों से जोड़ने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य सचिव को सचिवों के साथ बैठक कर इसके लिए ठोस रणनीति बनाने के निर्देश भी जारी किए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जनपद की पारंपरिक पहचान को ध्यान में रखते हुए लोगों को कौशल विकास और प्रशिक्षण से जोड़ा जाए। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण बढ़ाने के साथ ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- छात्र 500 से अधिक तो मिलेगा आदर्श स्कूल का दर्जा (पृष्ठ-02)
- 'वेट इन मोशन' से अवैध खनन पर लगेगा अंकुश (पृष्ठ-02)
- कीवी इंश्योरेंस के स्वास्थ्य बीमा पर लग सकती रोक (पृष्ठ-14)
- रूसी तेल पर प्रतिबंध से चिंतित नहीं है भारत (पृष्ठ-14)
- भारत के वस्तु निर्यात के समक्ष आ सकती दिक्कत (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** छांगुर बाबा के सहयोगी की तलाश में गोंडा पहुंची एटीएस, मौके पर मौजूद रही सीआपीएफ की टीम

# छांगुर के यूपी और मुम्बई के ठिकानों पर ईडी की रेड

एजेंसी

नयी दिल्ली/लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छांगुर बाबा से संबंधित कथित धर्मांतरण गिरोह से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश और मुंबई में कई जगहों पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में 12 और मुंबई में दो ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक टीम की मौजूदगी में ईडी के अधिकारियों ने सुबह करीब पांच बजे छापेमारी शुरू की। संघीय जांच एजेंसी ने हाल में जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की गतिविधियों और वित्तीय विवरणों की जांच के लिए एक मामला दर्ज किया है।



वहीं दूसरी ओर बलरामपुर के बहुचर्चित धर्मांतरण प्रकरण के कथित सरगना जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के सहयोगी की तलाश में उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) का एक दल गोंडा पहुंचा। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि टीम यहां बुधवार को रमजान नामक व्यक्ति की तलाश में आई थी, उसकी मृत्यु की ...शेष पृष्ठ 14 पर

### धर्मान्तरण का आरोपी रसीद शाह बलरामपुर से गिरफ्तार



लखनऊ। यूपी एटीएस नें धर्मान्तरण के मामले में एक आरोपी रशीद शाह को बलरामपुर से गिरफ्तार किया है। यूपी एटीएस थाने में धारा 121ए/417/420/153ए आईपीसी व 3/5(1)/5(2)/5(3)/8(1) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम-2021 का मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मुकदमे में रशीद शाह पुत्र स्व. लिल्लाही, निवासी ग्राम मधपुर, थाना उतरौला, ...शेष पृष्ठ 14 पर

### प्रदेश में एक साथ 12 स्थानों पर पड़े छापे

बी.एस. परिहार/ सुरेन्द्र श्रीवास्तव

उतरौला, बलरामपुर। धर्मांतरण और आतंकी फंडिंग के मुख्य आरोपी छांगुर के सहयोगियों के साथ नकद व अचल संपत्तियों के लेन-देन करने वालों की जांच गुरुवार को ईडी की टीम ने की। बारह टीमों ने एक साथ चिन्हित स्थानों पर दबिश दी। नगर के सुभाषनगर मुहल्ले में स्थित आसवी बुटीक, मनकापुर स्टैंड स्थित आसी पिया शो रूम, मधपुर स्थित नीतू वोहरा की कोठी, छांगुर के मधुपुर स्थित पुराने आवास व रेहरामाफी स्थित छांगुर के ...शेष पृष्ठ 14 पर

### बंगलुरु : 100 करोड़ की धोखाधड़ी में ईडी का छापा

बेंगलुरु। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक स्थानीय बैंक के प्रवर्तकों के खिलाफ 100 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार को बेंगलुरु और उसके आसपास कई जगहों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि यह जांच सुश्रुति सौहार्द बैंक, श्रुति सौहार्द बैंक और श्री लक्ष्मी सौहार्द बैंक तथा एन श्रीनिवास मूर्ति व उनके परिवार के सदस्य समेत बैंक के प्रवर्तकों से संबंधित है। प्रवर्तकों पर 15,000 से अधिक जमाकर्ताओं के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एजेंसी ने शहर और उसके आसपास कम से कम 15 जगहों पर छापेमारी की।

# छात्र 500 से अधिक तो मिलेगा आदर्श स्कूल का दर्जा

## योगी की अगुवाई में परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प की ऐतिहासिक योजना स्वीकृत, अब शिक्षा का मतलब सिर्फ उपस्थिति नहीं, उत्कृष्टता भी है

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के संपूर्ण कायाकल्प के लिए 2,000 करोड़ की एकमुश्त बजट व्यवस्था को स्वीकृति दी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तैयार की गयी यह योजना बेसिक शिक्षा विभाग की अब तक की सबसे बड़ी निवेश योजना मानी जा रही है। इसे अनुदान संख्या-71 के अंतर्गत वृहद निर्माण कार्य मद से क्रियान्वित किया जायेगा।

इस सम्बन्ध में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हम शिक्षा को सिर्फ विद्यालय उपस्थिति तक सीमित न रखते हुए उसे संरचनात्मक, तकनीकी और बौद्धिक रूप से समृद्ध बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश को देश के शिक्षा के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित करें। हम हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए नवाचार, पारदर्शिता और समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।



### योगी सरकार की रणनीतिक सोच, अब नामांकन के आधार पर होगा विकास

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच के अनुरूप, यह योजना अब केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसका फोकस प्रभावी उपयोग और क्रियाशीलता पर भी होगा। प्रायः यह देखा गया है कि कम नामांकन वाले विद्यालयों में संसाधनों के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते, जबकि अधिक छात्रसंख्या वाले विद्यालयों में संसाधनों की सीमितता के बावजूद बेहतर उपयोग होता है। इसी परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2025-26 में 500 या अधिक छात्रसंख्या वाले विद्यालयों को 'आदर्श विद्यालय' के रूप में पुरस्कार स्वरूप उच्चीकृत किया जाएगा। इन विद्यालयों को स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी रूम, मल्टीपरपज हॉल, क्लब रूम, कंप्यूटर और कळळ लैब, लर्निंग बाय डुइंग स्पेस और एमडीएम शेड सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी।

### शिक्षा के बुनियादी ढांचे में ऐतिहासिक निवेश

■ इस योजना के अंतर्गत प्रदेशभर में संचालित परिषदीय विद्यालयों में भवन निर्माण, संसाधन सुदृढ़ीकरण, पेयजल, शौचालय, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, एमडीएम शेड, रैंप और चारदीवारी जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन प्राथमिक शिक्षा, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के अनुरूप ही इस कार्य योजना को गति दी जायेगी।

### 'शिक्षा के साथ बौद्धिक, तकनीकी और सामाजिक विकास': कंचन वर्मा

■ महानिदेशक स्कूल कंचन वर्मा का कहना है कि इस रणनीति से प्रदेश के स्कूलों में छात्र नामांकन में वृद्धि, पियर लर्निंग का विस्तार, सक्रिय सहभागिता और अनुभवात्मक अधिगम को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही शिक्षकों के लिए भी समय सारणी आधारित कक्षा आवंटन, कार्य विभाजन और सह-शिक्षण की व्यवस्थाएं और अधिक प्रभावी होंगी।

### वित्त विभाग ने कहा, 'दोहराव नहीं, दक्षता हो प्राथमिकता'

■ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कोई भी कार्य दोहराव में नहीं होगा। कार्यदायी संस्थाओं का नामांकन नियमानुसार होगा। क्रियान्वयन की निगरानी राज्य स्तर पर सुनिश्चित की जाएगी और योजना के अंतर्गत कार्यों की गति, गुणवत्ता और पारदर्शिता सर्वोपरि होगी।

**एक नजर में तथ्य**

**कुल बजट** - 2000 करोड़ (4202 लेखा शीर्षक के अंतर्गत)
**प्रमुख फोकस** - (विद्यालयों का उच्चीकरण, विशेष रूप से 500+ नामांकन वाले विद्यालय)
**विशेष संरचनाएं** - (स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, मल्टीपरपज हॉल, क्लब रूम आदि)
**लक्ष्य** - गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और तकनीक-समर्थ शिक्षा वातावरण तैयार करना।

# जनजातीय गौरव बिरसा मुंडा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आज उद्घाटन करेंगे सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

- **बिरसा मुंडा की विरासत आदिवासी सशक्तिकरण और राष्ट्रीय आंदोलन के लिए उत्प्रेरक विषय पर केंद्रित है राष्ट्रीय सेमिनार**

**वाराणसी।** बिरसा मुंडा की विरासत आदिवासी सशक्तिकरण और राष्ट्रीय आंदोलन के लिए उत्प्रेरक विषय पर केंद्रित एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन वसंत महिला महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को जनजातीय गौरव बिरसा मुंडा पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन 18 जुलाई को करेंगे। सेमिनार का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र में शोध, संवाद एवं विचार-विमर्श को बढ़ावा देना है। यह दो दिवसीय आयोजन 18-19 जुलाई को वसंत महिला महाविद्यालय एवं भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएसएसआर) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रहा है। देश के अनेक ख्याति प्राप्त विद्वान, शोधकर्ता, शिक्षक और छात्र इस अवसर पर अपने विचार साझा करेंगे। 100 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किये जायेंगे। मुख्य वक्ता पद्मश्री अशोक भगत होंगे' कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या अलका सिंह करेंगी। सेमिनार की संयोजक प्रो अंजना सिंह ने बताया कि इस राष्ट्रीय सेमिनार का उद्देश्य बिरसा मुंडा की बहुआयामी विरासत का पता लगाना है, जो एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने आदिवासी अधिकारों, सामाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षण का समर्थन किया। सेमिनार में उनके ऐतिहासिक महत्व की जांच, उनकी समकालीन प्रासंगिकता का विश्लेषण और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने की रणनीतियों पर चर्चा होगी।

दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्षों और योगदानों को एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व के रूप में फिर से देखने और फिर से व्याख्या करने का प्रयास होगा, जिसने आदिवासी चेतना को आकार दिया और सामाजिक-राजनीतिक आंदोलनों को प्रेरित किया। यह शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और कार्यकर्ताओं के लिए ऐतिहासिक, समाजशास्त्रीय, मानवशास्त्रीय और राजनीतिक दृष्टिकोण से आदिवासी मुद्दों की जांच करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा, जिसमें विरासत, पहचान और प्रतिरोध पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

# बालिकाओं के सशक्तीकरण को नयी उड़ान देगा 'स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी'

## प्रत्येक जिले से चयनित 6 शिक्षकों को राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में किया जायेगा प्रशिक्षित

विशेष संवाददाता (vol)

- **प्रयागराज में नौ बैचों में संपन्न होगी राज्य स्तरीय कार्यशाला**
- **चयनित 450 मास्टर ट्रेनर्स को विशेष प्रशिक्षण, प्रदेश के 45,656 विद्यालयों की मीना मंच सुगमकर्ता शिक्षिकाओं को करेंगे प्रशिक्षित**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बेटियों के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, जीवन कौशल और आत्मनिर्भरता को लेकर एक और ठोस पहल करने जा रही है। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत चल रहे 'स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी' के तहत अब बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण को मजबूती देने के उद्देश्य से प्रदेशभर में चयनित 450 मास्टर ट्रेनर्स को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण 4 अगस्त से 21 अगस्त 2025 के बीच 9 बैचों में सीमैट, प्रयागराज में संपन्न होगा। इस योजना के तहत प्रत्येक जिला से चयनित 6 शिक्षकों को राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। ये प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स, प्रदेश के 45,656 उच्च प्राथमिक विद्यालयों की मीना मंच सुगमकर्ता शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण देंगे। इसका उद्देश्य बालिकाओं के समग्र विकास के लिए विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को मीना मंच, जीवन कौशल, नेतृत्व विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, लैंगिक समानता और सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों पर संवेदनशील व सक्षम बनाना है।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के अधिकार से सशक्त करने के लिए सतत प्रयत्नशील है। स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी जैसे अभिनव कार्यक्रमों के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर बालिका को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, जीवन कौशल और आत्मविश्वास से भरपूर वातावरण मिले। इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित शिक्षिकाएं न सिर्फ शिक्षण का स्तर सुधारेंगी, बल्कि सामाजिक जागरूकता और आत्मरक्षा जैसी आवश्यकताओं के प्रति भी छात्राओं को सजग करेंगी। यह प्रशिक्षण हर बालिका तक परिवर्तन की ज्योति पहुंचाने का एक मिशन है।

### मीना मंच को और प्रभावी बनायेगी यह कार्यशाला

राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय द्वारा सभी जिलों को विस्तृत कार्ययोजना और दिशा-निर्देश पहले ही भेज दिए गए हैं, जिसमें मास्टर ट्रेनर्स की नामांकन प्रक्रिया से लेकर कार्यशाला की तिथियों और बैचों की योजना स्पष्ट रूप से निर्धारित है। सीमैट प्रयागराज में आयोजित होने वाली यह कार्यशाला बालिकाओं से संबंधित संवेदनशील मुद्दों को समझने, उनके अधिकारों और जरूरतों पर केंद्रित होगी। ज्ञात हों कि 'मीना मंच' वर्षों से प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बालिकाओं की आवाज बनने का माध्यम रहा है। अब इस मंच को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सुगमकर्ता शिक्षिकाओं को विषय-विशेषज्ञता प्रदान की जाएगी, जिससे विद्यालयों में बालिकाओं के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संवाद कौशल में स्पष्ट वृद्धि हो सके।

### 'शिक्षिकाओं को नेतृत्व मिलेगा बालिकाओं को नया आत्मबल'

डिप्टी डायरेक्टर और बालिका शिक्षा विशेषज्ञ डॉ. मुकेश सिंह का कहना है कि इस प्रशिक्षण के बाद न सिर्फ सुगमकर्ता शिक्षिकाओं की क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि वे अपने विद्यालय में बालिकाओं के बीच एक रोल मॉडल की भूमिका निभा सकेंगी। यह बदलाव न केवल पठन-पाठन की गुणवत्ता में नजर आएगा, बल्कि छात्राओं की नियमितता, संवाद क्षमता, जीवन कौशल और आत्मनिर्भरता में भी बड़ा सकारात्मक प्रभाव छोड़ेगा।

# किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के सामने संकट पैदा कर दिया है। किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है। खरीफ की फसल विशेष कर धान की रोपाई का सीजन चल रहा है। किसान को फसलों के लिए डीएपी, यूरिया की जरूरत है लेकिन प्रदेश के जिलों-जिलों में खाद का संकट है। सहकारी समितियों में खाद नहीं है। निजी विक्रेता कालाबाजारी, मुनाफाखोरी और ओवर रेटिंग कर रहे हैं। विभाग और सरकार की लापरवाही और लचर रवैये से किसान मारा-मारा फिर रहा है।

उन्होंने कहा कि गोंडा, बस्ती, हाथरस, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, समेत तमाम जिलों में खाद का संकट है। किसान परेशान है। भाजपा सरकार जब से सत्ता में आयी है तब से हर साल किसानों को खाद संकट का सामना करना पड़ रहा है। पुरूष किसानों के साथ-साथ महिलाओं को भी खाद के लिए सुबह से ही सहकारी समितियों पर लाइन लगानी पड़ रही है। कई घंटे लाइन में लगने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिलती है। किसानों का दर्द तब और बढ़ जाता है जब खाद के बजाय उन्हें पुलिस की लाठियां और प्रताड़ना मिलती है। उन्होंने कहा कि लखीमपुर खीरी के श्रीनगर की बहुउद्देशीय सहकारी समिति संकर भदूरा में 16 जुलाई को किसान खाद लेने के लिए पहुंचे। उनमें बड़ी संख्या में पुरूष व महिलाएं थी। किसानों को खाद नहीं मिली। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। कई लोगों को चोटें आयी है।

# युवक/युवतियों व कृषकों को खाद्य प्रसंस्करण का दिया जा रहा प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जिलों में स्थापित राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्रों एवं सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में विभाग द्वारा जिलों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रशिक्षण कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं। इन केंद्रों पर युवक/युवतियों व कृषकों खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र प्रशिक्षण दिया जाता है।

उप मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह प्रभावी कार्ययोजना व रूपरेखा तैयार कर इच्छित नवयुवकों, नवयुवतियों व किसानों को बेहतर से बेहतर प्रशिक्षण दिलाना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण कार्यों की लगातार निगरानी भी जाय और प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार से जोड़ने के प्रभावी प्रयास किए जाएं। प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रशिक्षणार्थी फूड प्रोसेसिंग का कार्य कर अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगे प्रशिक्षित लोग अपनी यूनिट लगाकर अनुदान व अन्य सुविधाओं का लाभ भी ले सकेंगे।

विभाग द्वारा आगरा, अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, कानपुर, झांसी, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या व गोरखपुर के राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्रो के प्रधानाचार्यो, मिजार्पुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, सहारनपुर व चित्रकूट धाम के खाद्य प्रसंस्करण अधिकारियों तथा फल संरक्षण अधिकारी लखनऊ को निर्देश दिए गए हैं कि वह निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप निर्धारित रोस्टर के अनुरूप समय से प्रशिक्षण पूरा करायें। वित्तीय वर्ष 2025-26 में खाद्य प्रसंस्करण में 150 लोगों, बेकरी एवं कन्फेक्शनरीमे 150 लोगों और कुकरी (पाक-कला) में 150 लोगों को एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स का लक्ष्य है। इसी तरह बेकरी एवं कन्फेक्शनरी में 250 लोगों, कुकरी (पाक-कला) में 250 लोगों व सम्मिलित कोर्स में 500 लोगों को एक मासीय अंशकालीन प्रशिक्षण दिये जाने का टारगेट है। मंडल/जनपद स्तर पर स्थापित राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्रों पर फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में 15 हजार से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिलाने का लक्ष्य निर्धारित है।

# अब 'वेट इन मोशन' तकनीक के जरिए अवैध खनन पर अंकुश लगायेगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार अवैध खनन और परिवहन को रोकने के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा ले रही है। इसके लिए एकीकृत खनन निगरानी तंत्र (आईएमएसएस) के तहत कई कदम उठाए जा रहे हैं। ड्रोन, जियो-फेंसिंग, (रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन) माइनिंग टैग और अक आधारित चेकगेट्स के जरिए पहले से ही निगरानी की जा रही है। अब सरकार 'वेट इन मोशन' (डब्ल्यूआईएम) तकनीक को लागू करने की तैयारी कर रही है, जो समय की बचत के साथ-साथ 100 प्रतिशत सटीकता सुनिश्चित करेगी। इस तकनीक से वाहनों की ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने खनन क्षेत्रों की निगरानी को और मजबूत करने के लिए कई तकनीकी उपाय किए हैं। खनन क्षेत्रों की जियो-फेंसिंग, कैमरा युक्त वेट-ब्रिज और वाहनों पर फत्रक्रकऊ टैग के जरिए खनिज परिवहन पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा, 25 जनपदों में 57 मानव रहित इंटरनेट ऑफ थिंग्स/आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चेकगेट्स स्थापित किए गए हैं, जिन्हें निदेशालय के कमांड सेंटर से एकीकृत किया गया है। वहीं अब विभाग ने हकट संयंत्र की स्थापना के लिए परिवहन आयुक्त से भी सहयोग मांगा गया है, ताकि अवैध खनन और परिवहन पर पूरी तरह रोक लग सके। खनन क्षेत्रों के सर्वे और निगरानी के लिए ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स, यूपी डेस्को और श्रीट्रोन इंडिया लिमिटेड जैसी संस्थाओं से तकनीकी और वित्तीय प्रस्ताव मांगे हैं।

**क्या है वेट इन मोशन तकनीक :** वेट इन मोशन (हकट) एक आधुनिक तकनीक है जो भारी वाहनों, जैसे खनन ट्रकों या मालवाहक वाहनों, का वजन उनके चलते समय मापती है। यह सिस्टम सड़क पर लगे सेंसरों का उपयोग करता है जो वाहन के वजन, गति और अन्य जानकारी को बिना रुके रिकॉर्ड करता है। इससे समय की बचत होती है, कार्यक्षमता बढ़ती है और सड़क सुरक्षा में सुधार होता है। खनन जैसे उद्योगों में यह ओवरलोडिंग रोकने, नियमों का पालन करने और डेटा के आधार पर कार्यों को बेहतर बनाने में मदद करता है। डब्ल्यूएमआईएम सिस्टम डेटा को तुरंत विश्लेषण के लिए भेजता है, जिससे ऑपरेटरों को वास्तविक समय में जानकारी मिलती है। यह तकनीक लागत कम करने और पर्यावरण पर प्रभाव को कम करने में भी सहायक है।

# धर्मपाल सिंह की माता की तेरहवीं में शामिल हुए केशव मौर्य



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/ बिजनौर।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरूवार को स्वास्तिक गार्डेन, धामपुर, बिजनौर में भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की माता स्वर्गीय भाग्यवती देवी के त्रयोदशी संस्कार में सम्मिलित होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि माता की मधुर स्मृतियां एवं उनके जीवन मूल्यों की छाया सदैव हमारे साथ जीवित रहेंगी।

प्रभु श्रीराम जी से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व देश और प्रदेश के गणमान्य लोगों व जनप्रतिनिधि गणों द्वारा नगीना-धामपुर रोड स्थित स्वास्तिक रिसार्ट में प्रदेश के बिजनौर निवासी धर्मपाल सिंह की माता स्वर्गीय भाग्यवती देवी के तेरहवीं कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

# सांसद से दुर्व्यवहार पर सपाई नाराज, कार्रवाई की मांग

विशेष संवाददाता (vol)

- **आयुक्त सहारनपुर को ज्ञापन देकर सांसद इकरा हसन के साथ हुए बर्ताव पर जताया रोष**

**लखनऊ।** आयुक्त सहारनपुर को ज्ञापन देकर सपा के नेताओं ने अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा लोकसभा सांसद कैराना के साथ किए गए दुर्व्यवहार प्रोटोकॉल उल्लंघन एवं अनुशासनहीन आचरण पर कार्रवाई की मांग की है। सम्बन्धित अधिकारी का आचरण अशोभनीय और संसदीय प्रोटोकॉल का उल्लंघन है।

आयुक्त को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि विगत 1 जुलाई 2025 को कैराना लोकसभा क्षेत्र की सांसद इकरा हसन द्वारा पूर्व सूचना देने के बाद सहारनपुर के अपर जिलाधिकारी से मिलने उनके कार्यालय पहुंचीं। उनके साथ नगर पंचायत छुटमलपुर की निर्वाचित अध्यक्ष शमा परवीन भी थी। बैठक का उद्देश्य जनसरोकार के कार्यों में आ रही समस्याओं को सीधे अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के समक्ष रखना था। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) को पूर्व में ही सूचित कर देने के बाद भी वें अपने कार्यालय में नहीं मिले ना ही उनके द्वारा सांसद का फोन रिसीव किया गया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के कर्मचारियों ने सांसद को यह कहकर टालने का प्रयास किया कि जो कहना है लिखकर दे जाइए। अंततः दो घंटे की प्रतीक्षा के बाद जब अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) कार्यालय आए तब सांसद ने उनसे पूर्व सूचना दिये जाने के बाद भी तथा फोन ना पिक करने पर नाराजगी व्यक्त की।

सांसद ने छुटमलपुर नगर पंचायत अध्यक्षा शमा परवीन के समक्ष आ रही परेशानियों संबंधित विषयों को उठाया तो उन्होंने पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर सांसद के सामने ही एक निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि को धमकाना व दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया, सांसद ने इस व्यवहार पर आपत्ति की तो अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने स्वयं सांसद को कहा आप मेरे कार्यालय से बाहर जाइए और जहां मेरी शिकायत करनी होकर दीजिए। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) का सांसद के प्रति ऐसा आचरण भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंघन है बल्कि सीधे तौर पर उनके संसदीय विशेषाधिकारों का हनन भी है। सपा द्वारा इस व्यवहार की घोर निंदा की गयी है।

ज्ञापन में कहा गया है कि इस घटना से समस्त समाजवादी कार्यकर्ताओं और जनता में भारी आक्रोश है। हम सब को आयुक्त से आशा है कि इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अपने स्तर से सम्बंधित अपर जिलाधिकारी प्रशासन के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए शासन को अपनी संस्तुति प्रेषित करने का कष्ट करें ताकि भविष्य मे कोई लोक सेवक किसी जनप्रतिनिधि के विशेषाधिकारों का हनन न कर सके।

# पंचायत चुनाव : नये बदलावों से प्रत्याशियों की बढ़ेंगी चुनौती

विशेष संवाददाता (vol)

- **512 प्रधान हुए कम, 58195 से प्रधानों की संख्या घटकर 57694 हुई**

लखनऊ। नए परिसीमन और बदलावों के चलते इस बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशियों के लिए चुनौती और भी बढ़ गई है। अब चुनाव दिलचस्प होने के साथ कांटे की टक्कर का होगा। जो उम्मीदवार पिछले परिसीमन को आधार बनाकर अपनी रणनीतियां तैयार कर रहे थे, उन्हें अब नए बदलावों के साथ फिर से अपनी योजनाओं पर विचार करना होगा।

प्रदेश में पुनर्गठन के दौरान 512 पंचायत इस बार कम हुई है। यानी इस बार 512 प्रधान कम चुने जाएंगे। जबकि 11 नई पंचायत का पुनर्गठन हुआ है। वर्ष 2021 के आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रदेश में 58195 ग्राम प्रधान चुने गए थे। जबकि अगले साल होने वाले चुनाव में यह संख्या घटकर 57694 हो जाएगी। प्रदेश में मार्च-अप्रैल 2026 में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। आरक्षण तय करने से पहले ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन पूरा कर लिया गया है। यूपी में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए प्रशासनिक तैयारियों की प्रक्रिया तेज हो गई है। शासन ने पंचायतों के परिसीमन का कार्यक्रम जारी कर दिया है, जिसमें ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत वार्ड भी शामिल हैं। यह परिसीमन 18 जुलाई से 6 अगस्त तक चलेगा, जिसके बाद चुनाव की तैयारियां और गति पकड़ेंगी। यूपी पंचायत चुनाव को लेकर तमाम सियासी दल बिसात बिछाने में जुट गए हैं। भले ही चुनाव 2026 के अप्रैल-मई महीने में होने हैं लेकिन राजनीतिक दलों चुनाव की तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू कर दी है। क्यों कि 2026 के पंचायत चुनाव को यूपी के सियासी दल 2027 विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल मानकर चल रहे हैं। यूपी के प्रमुख सियासी दल भाजपा और सपा ने अपनी योजनाओं के तहत कार्य भी शुरू कर दिया है। सपा चुनाव को लेकर उत्साहित है। वह इसलिए क्यों कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा को उन्हीं सीटों पर जीत मिली थी। जो ग्रामीण अंचल की थी। जिससे भाजपा को बड़ा झटका लगा था। इसी बात की चिंता भाजपा को सता रही है। इसीलिए सत्ताधारी दल भी पंचायत चुनाव को 2027 का लिटमस टेस्ट मानकर चल रहा है। दूसरी ओर सीएम योगी आदित्यनाथ ने पंचायत चुनाव में आरक्षण लागू कराने के लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया है। इसके लिए छह सदस्यीय पिछड़ा वर्ग आयोग गठित करने का सुझाव दिया है, जो जनसंख्या आधारित डेटा तैयार करेगा। इस रिपोर्ट के आधार पर ही ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत की सीटों पर आरक्षण तय होगा। विभागीय सूत्रों की मानें तो, प्रस्ताव पर कैबिनेट की मुहर के बाद आयोग का गठन होगा और फिर अक्टूबर तक आरक्षण की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। सीएम और प्रदेश सरकार के लिए पंचायत चुनाव में आरक्षण लागू कराना रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है।

### जारी की गयी समय-सारणी

- ■ 18 जुलाई से 22 जुलाई तक ग्राम पंचायत जनसंख्या का आकलन किया जाएगा।
- ■ 23 जुलाई से 28 जुलाई तक ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिपं के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) की प्रस्तावित सूची तैयारी और उसका प्रकाशन होगा
- ■ 29 जुलाई से दो अगस्त तक प्रस्तावों पर आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।
- ■ 3 अगस्त से 5 अगस्त तक प्राप्त आपत्तियों का होगा निस्तारण
- ■ 6 अगस्त से 10 अगस्त तक निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम सूची का होगा प्रकाशन

### तीन जिलों में सबसे अधिक पंचायतें हुई कम

देवरिया में सर्वाधिक शहरी विस्तार शहरी सीमा बढ़ने की वजह से देवरिया में 64, आजमगढ़ में 49 और प्रतापगढ़ में 46 ग्राम पंचायतें खत्म की गई हैं। इसके अलावा अलीगढ़ में 16, अम्बेडकरनगर में 3, अमरोहा में 21 और अयोध्या में 22 ग्राम पंचायतें समाप्त हुई हैं। बहराइच में दो नए राजस्व ग्राम बने बहराइच में 4 ग्राम पंचायतें खत्म हुईं जबकि 2 नए राजस्व ग्राम बनाए गए हैं।

### कहां कितनी ग्राम पंचायत हुई कम

बलरामपुर व बाराबंकी में 7-7, बरेली व बुलंदशहर में 5-5, चित्रकूट में 3, एटा में 6, इटावा में 2, फर्रुखाबाद में 14, फतेहपुर में 19, गौतमबुद्ध नगर में 6, गाजियाबाद में 19, गोंडा व गोरखपुर में 22-22, हरदोई में 14 ग्राम पंचायतें कम की गई हैं। हाथरस में 1, जौनपुर व लखीमपुर खीरी में 6 व 1, कुशीनगर में 23, लखनऊ में 3, मथुरा में 9, मऊ में 26, मुजफ्फरनगर में 11, रायबरेली में 8, संतकबीरनगर में 24, शाहजहांपुर में 1, सीतापुर में 11, सोनभद्र में 8 और उन्नाव में 4 ग्राम पंचायतें समाप्त की गई हैं। बस्ती में कोर्ट के आदेश से दो नई ग्राम पंचायतों का गठन हुआ है। वर्ष 2021 में ये क्षेत्र नगर क्षेत्र में शामिल कर लिए गए थे। इसके अलावा आजमगढ़, बाराबंकी, फतेहपुर, गोरखपुर, हरदोई, प्रतापगढ़ और उन्नाव में एक-एक नई ग्राम पंचायत बनाई गई है।

**कानपुर सीएमओ के स्थानांतरण का मामला**

# आदेश के बावजूद भी डॉ. नेमि को चार्ज लेने से रोकने वाले अफसरों पर हाईकोर्ट हुआ सख्त

विधि संवाददाता।

- **कोर्ट ने प्रकरण से जुड़ा सारा रिकार्ड 28 जुलाई को किया तलब**

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खडपीठ ने कानुपर के सीएमओ डा0 हरिदत्त नेमि के स्थानांतरण आदेष पर स्टे के बावजूद उनके आफिस में पहुंचने पर आला अफसरों द्वारा तमाषा खड़ाकर उन्हें कार्य करने से रोकने के मामले में कड़ा रूख अख्तियार किया है। कोर्ट ने पूरे मामले का सारा रिकार्ड तलब करते हुए चेतावनी दी है कि यदि रिकार्डो में हेराफेरी की गयी तो जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

कोर्ट ने अपने आदेष का माखौल उड़ाने की कार्यवाही करने वाले जिले के आला अफसरों के प्रति कड़ी नाराजगी जतायी । रिकार्ड तलब करते हुए कोर्ट ने अगली सुनवायी 28 जुलाई को सुबह 11 बजे नियत किया है । यह आदेष जस्टिस राजीव सिंह की एकल पीठ ने डा0 नेमि की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवायी करते हुए पारित किया है।

याचिका में प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन षर्मा , जिलाधिकारी कानपुर जीतेंद्र प्रताप सिंह , एडीएम कानुपर नगर राजेष कुमार, एसीपी अभिशेक पांडे, एसएचओ चकेरी थाना संतोश षुक्ला व सीएमओ कानपुर नगर डा उदय नाथ को विपक्षी पक्षकार बनाया गया है। गौरतलब हो कि याची डा नेमि को 16 जून को कानपुर से स्थानांतरित करके उनके स्थान पर डा उदयनाथ को चार्ज दे दिया गया था। डा नेमि की याचिका पर कोर्ट ने गत 7 जुलाई को उनके स्थानांतर ण पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

संक्षेप

## लापरवाही पर कोर्ट ने कानूनगो व लेखपाल का तलब किया स्पष्टीकरण

प्रतापगढ़। कोर्ट में मामला विचाराधीन रहते वरासत दर्ज करने को लेकर कानूनगो व लेखपाल का स्पष्टीकर तलब किया गया है। लालगंज तहसीलदान न्यायालय में वरासत के विवाद को लेकर केस विचाराधीन है। सांगीपुर बाजार के स्वर्गीय देवमणि वैश्य पुत्र रामनारायण की मृत्य बीती चौबीस जून का हुई थी। इस बीच प्रभावित पक्ष ने क्षेत्रीय लेखपाल को मृतक दानकर्ता की मृत्य व प्रकरण में कोर्ट में विचाराधीन होने की लिखित सूचना दिया। आरोप है कि सांगीपुर क्षेत्र में तैनात लेखपाल विद्या प्रकाश ने सूचना के बावजूद वरासत दर्ज कर दिया। क्षेत्रीय कानूनगो राजेशचंद्र शुक्ल ने भी वरासत की कार्रवाई को मंजूर कर दिया। मामला कोर्ट के संज्ञान में आने पर तहसीलदार ने कानूनगो व लेखपाल की लापरवाही को लेकर स्पष्टीकरण तलब किया है।

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

प्रतापगढ़। जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कौशिल्यापुर निवासी दिलीप कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती आठ जुलाई को खेत में मेड़ बांधने को लेकर हुए विवाद में बभनपुर निवासी शंकरलाल व मटियारा अगई निवासी कुलदीप ने उसे गाली देते हुए मारापीटा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस

प्रतापगढ़। रंजिशन हुई मारपीट में लालगंज पुलिस ने चार आरोपियों पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। लालगंज के भीमपुर सारीपुर निवासी फेरीलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दस जुलाई को आरोपियों ने रंजिशन उसके ऊपर हमला कर दिया। आरोपी गांव में पुत्तीलाल, विजय, दुलचाइन व फूलमती ने गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी से लहूलुहान कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने फेरीलाल समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## हाईवे पर दुर्घटना में पिकप चालक घायल, रेफर

प्रतापगढ़। अज्ञात ट्रक की टक्कर से पिकप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रयागराज के मऊआईमा निवासी चालीस वर्षीय शिवकुमार गुरूवार की सुबह रायबरेली के सलोन मंडी से पिकप पर सब्जी लादकर वापस मऊआईमा जा रहा था। लालगंज कोतवाली के नया का पुरवा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर भोर पांच बजे अज्ञात ट्रक ने पिकप में टक्कर मार दिया। दुर्घटना में पिकप चालक गंभीर रूप से घायल होकर फंस गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उसको बाहर निकालकर उपचार के लिए प्रयागराज भेजवाया।

## ओवररेटिंग में उर्वरक विक्रेता पर एफआईआर दर्ज

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जिले में उर्वरक बिक्री में ओवररेटिंग को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला कृषि अधिकारी अनिल प्रसाद मिश्र द्वारा विकासखंड गिलौला के अंतर्गत मेसर्स नित्या ट्रेडर्स, सोनवा स्टोर प्रो0 मनोज कुमार यादव पुत्र जगदीश प्रसाद यादव, ग्राम पुरखियापुर, थाना सोनवा के उर्वरक प्रतिष्ठान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कृषक राम किशुन पुत्र अशर्फी लाल, ग्राम पुरखियापुर से पूछताछ के दौरान सामने आया कि यूरिया उर्वरक 360 रुपये प्रति बैग में बेचा गया, जबकि निर्धारित मूल्य मात्र 266.50 रुपये प्रति बैग है। विक्रेता द्वारा न तो रसीद दी गई और न ही आधार कार्ड की मांग की गई। निर्धारित मूल्य से 93.50 रुपये अधिक वसूली पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 व उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के उल्लंघन में प्रो0 मनोज कुमार यादव के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई। निरीक्षण टीम में उर्वरक निरीक्षक अश्वनी कुमार व पटल सहायक महेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

# उर्वरक गोदाम का निरीक्षण

## डीएम गोदाम में रखे यूरिया में सीलन पाये जाने पर जतायी नाराजगी



**बलरामपुर।** विकास खंडवार नामित अधिकारियों द्वारा उर्वरक वितरण समितियों पर स्टॉक की उपलब्धता , वितरण आदि की जांच की गई डीएम ने तहसील सदर के भगवतीगंज में थोक उर्वरक विक्रेताओं के गोदाम का किया निरीक्षण, स्टॉक रजिस्टर से कराया मिलान ,गोदाम में रखे यूरिया में सीलन पाए जाने पर जताई नाराजगी , तत्काल सुधार के दिए निर्देश दिए। खरीफ सीजन में संबंधित अधिकारी कृषकों को सरलता एवं सुगमता से ससमय सभी प्रकार के उर्वरक उपलब्ध कराए जाना सुनिश्चित करने हेतु डी. एम. नें निर्देश दिए। खरीफ सीजन में कृषकों को सरलता एवं सुगमता से ससमय निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने को जनपद की सभी 53 उर्वरक वितरण समितियों पर उर्वरक की उपलब्धता, वितरण एवं ओवर रेटिंग आदि बिंदुओं पर डीएम के आदेश पर विकास खंडवार नामित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया एवं जांच रिपोर्ट डीएम को सौंपी गई। इस दौरान डीएम पवन अग्रवाल द्वारा तहसील सदर के भगवतीगंज में थोक उर्वरक विक्रेता मेमर्स कुंदनलाल कुड़ामल एवं मेमर्स कृषि विकास के गोदाम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी पंजिका का अवलोकन किया एवं स्टॉक पंजिका से स्टॉक का मिलान किया। उन्होंने स्टॉक पंजिका का प्रतिदिन का मिलान किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने मेमर्स कुंदनलाल कुड़ामल के स्टॉक गोदाम में बारिश के पानी के आने से यूरिया में सीलन पाए जाने पर नाराजगी व्यक्ति की एवं सुधार के निर्देश दिया।

## दहेज हत्यारोपियों को 10 वर्ष के कारावास की सजा

बांसी सिद्धार्थनगर। आपरेशन कन्विक्शनह्व के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना जोगिया उदयपुर पुलिस की प्रभावी पैरवी से दहेज हत्या के आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास व ?15,000/-के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया ! पुलिस महानिदेशक के चलाये जा रहे ह्लआपरेशन कन्विक्शनह्व के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में 17- जुलाई को रळ.ठ 848/2021 मु0अ0सं0 19/2021 धारा-498अ, 304इ भा0द0वि0 तथा र दहेज प्रतिषेध अधिनियम मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर न्यायाधीश मो0 रफी न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त विनोद पुत्र त्रिभुवन उर्फ गोजई निवासी दोहनी थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर को 10 वर्ष के कठोर कारावास व ?15,000/-के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया ।सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता चन्द्र प्रकाश पाण्डेय तथा न्यायालय पैरोकार थाना जोगिया उदयपुर मुख्य आरक्षी अशोक का सराहनीय योगदान रहा ।

## ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं को कर रहे जागरूक



**बलरामपुर।** महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व डीजिटल अरेस्ट व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया है। जनपद बलरामपुर में बालिकाओं/ छात्राओं/महिलाओं की सुरक्षा हेतु *महिला बीट अधिकारियों व नारी सुरक्षा दल* द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व *हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड* आदि की जानकारी दी गयी, और साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के बारें में बताया।

## एसपी ने सुनी जन फरियाद

सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया, पुलिस अधीक्षक गत ने गत गुरुवार पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई करते हुए ,शासन की मंशा एवं पुलिस महानिदेशक के दिए गए निर्देश के अक्षरसह अनुपालन में दायित्वों के प्रति क्रियाशील पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आए फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने की मंशा से फरियादियों का यथा संभव सम्मान करते हुए बड़े ही गम्भीरता से जनसुनवाई किया गया व उन्हें त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने का भरोसा दिलाते हुए समस्याओं का समाधान कर त्वरित न्यायालय सुलभता से दिये जाने आश्वासन दिया गया, पुलिस अधीक्षक ने साथ सम्बंधित को निर्देशित करते हुए फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने का आदेश भी पारित किया गया।

## हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार




सिद्धार्थनगर- भवानीगंज थाना क्षेत्र के भैंसहिया के टोला हैदर डीह में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया था ।मृतका किशलावती (23) का शव 14 जुलाई को फंदे से लटका मिला था। पुलिस ने इस मामले में अजय कुमार वर्मा और अवधेश वर्मा को गिरफ्तार किया है। मृतका के पिता रतीभान चौधरी ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी 18 अप्रैल 2024 को अजय कुमार वर्मा से की थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले एक लाख रुपये दहेज की मांग कर रहे थे। दहेज नहीं देने पर उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जाता था। किशलावती के एक बेटा है जो 7 महीने का है। बच्चे की पैदाइश के बाद भी प्रताड़ना जारी रही। पिता का आरोप है कि 14 जुलाई को सुबह 10 बजे उनकी बेटी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने पिता की शिकायत पर धारा 85,80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। 17 जुलाई को पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिसामुद्दीनपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया ।थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की।

## पुलिस लाइन में अपराध गोष्ठी सम्पन्न



सिद्धार्थ नगर ।पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने पुलिस लाइन सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी किया गया। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण एवं शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।पुलिस अधीक्षक ने 17. जुलाई को पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में अपराध गोष्ठी किया गया । अपराध गोष्ठी की शुरूआत सैनिक सम्मलेन से हुआ ।सर्वप्रथम पूर्व सैनिक सम्मलेन में उठे समस्याओं के समाधान के बारे में प्रतिसार निरीक्षक ने बताया तथा सम्मलेन में उपस्थित समस्त थानों से आये थानाध्यक्ष व कर्मचारीगण की समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को पुलिस अधीक्षक ने आदेशित किया गया । बाद उसके पुलिस अधीक्षक ने श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत तथा जनपद में कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु के दृष्टिगत कृत कार्यवाही की समीक्षा तथा शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, आपरेशन त्रिनेत्र के तहत स्थापित सीसीटीवी कैमरो की क्रियाशीलता, डिजिटल वॉरियर बनाये जाने की कार्यवाही की समीक्षा, साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, आपरेशन कन्विक्शन के तहत चिह्नित अभियोगों की समीक्षा, सम्पत्ति व महिला उत्पीड़न सम्बन्धित पंजीकृत अभियोगों में कृत कार्यवाही, गुमशुदा/लापता व बरामदगी हेतु शेष बच्चो की बरामदगी के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही करें।

## पौधरोपण कर मना प्रमोद तिवारी का जन्मदिन



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के जन्मदिन को लेकर रामपुर-संग्रामगढ़ ब्लाक क्षेत्र में विविध आयोजन हुए।

ब्लाक परिसर में पूर्व प्रमुख पुष्पा देवी, क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल ने पौधरोपण कर सांसद प्रमोद तिवारी के दीर्घ जीवन की कामना किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रधानों व बीडीसी सदस्यों की उत्साहजनक भागीदारी दिखी। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व प्रधान राकेश चतुर्वेदी व आलोक शुक्ल ने किया। इस मौके पर जितेंद्र द्विवेदी, रूपनाथ पटेल, ओम प्रकाश यादव, लालजी पटेल, दिवाकर शुक्ल, धीरज सिंह, जमुना पांडेय, कमल सिंह, राजू सिंह, अशोक तिवारी, रवि शंकर शुक्ल, अतुल सिंह, पिंटू जायसवाल, राकेश सिंह, सोनू शुक्ला, मनोज मिश्र, मोहित सिंह, आशीष सिंह, सुरेश चौरसिया, मख्खनलाल साहू, अजय निर्मल आदि रहे। वहीं हरनाहर स्थित भोलानाथ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में जन्मदिन पर लोगों ने केक काटकर खुशियां साझा की। यहां मुख्य अतिथि प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने कहा कि सांसद प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में रामपुर खास का विकास आज हर क्षेत्र के लिए नजीर बना है।

अध्यक्षता करते हुए भुवनेश्वर शुक्ल ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के द्वारा कराए गए क्षेत्रीय विकास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन समाजसेवी भोलानाथ पांडेय ने किया। इसी क्रम में जलेसरगंज के देवीगढ़ में सुरेशचंद्र पटेल विद्या मंदिर में भी राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का जन्मदिन समारोहपूर्वक मनाया गया। प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने यहां छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन कपिल कुमार पटेल व पवन कुमार पटेल ने किया। संचालन प्रधानाध्यापक पवन कुमार मौर्य ने किया। इस मौके पर आचार्य विद्याधर पटेल, मोनू पांडेय, दिनकर पांडेय, आदित्य कुमार, पिंटू मिश्रा आदि रहे।

## खाद की दुकानों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



सिद्धार्थनगर- जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने गुरुवार को मोहाना चौक स्थित खाद की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मेसर्स अली ट्रेडर्स और कैफ ट्रेडिंग कंपनी का दौरा किया। जिलाधिकारी ने दुकानों में स्टॉक और वितरण रजिस्टर की जांच की। मौके पर यूरिया की बोरियों की गिनती कराई गई, जो सही पाई गई। उन्होंने विक्रय रजिस्टर में दर्ज किसानों से फोन पर बात कर खाद वितरण की पुष्टि की। निरीक्षण में मेसर्स अली ट्रेडर्स का विक्रय रजिस्टर अधूरा मिला। दुकान में किसानों के खेत का रकबा भी दर्ज नहीं था।

इस पर डीएम ने जिला कृषि अधिकारी को दुकान को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी दुकानदारों को निर्देश दिए कि खाद लेने वाले किसानों का मोबाइल नंबर और खेत का रकबा रजिस्टर में जरूर लिखें। उन्होंने कहा कि खाद वितरण में पारदर्शिता और किसानों को सही मात्रा में खाद की उपलब्धता प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## महदेइया खास विद्यालय के विलय पर फूटा आक्रोश



इकौना श्रावस्ती। इकौना विकासखंड के महदेइया खास प्राथमिक विद्यालय को पंडित पुरवा में मर्ज किए जाने के प्रशासनिक फैसले के विरोध में आज गांव में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि वे बच्चों की पढ़ाई बंद नहीं होने देंगे और इस विद्यालय को हर हाल में यथास्थान चालू रखने की मांग करते हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा के निर्देशन में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामवासियों, अभिभावकों और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एक सुर में विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों का कहना था कि बच्चों को पढ़ाई के लिए तीन किलोमीटर दूर पंडित पुरवा भेजना सरासर अन्याय है। छोटे बच्चों के लिए यह दूरी बहुत मुश्किल है और इससे उनके भविष्य पर सीधा असर पड़ेगा। जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने खुलकर अपनी पीड़ा साझा की। लोगों ने कहा कि विद्यालय बंद होने से बच्चों की शिक्षा बाधित हो जाएगी। यदि विद्यालय बंद हुआ तो कई बच्चे पढ़ाई छोड़ देंगे। क्योंकि 3 किलोमीटर दूर पंडित पुरवा भेजना छोटे बच्चों के लिए संभव नहीं। महदेइया खास में पुनः विद्यालय को यथास्थान खोला जाए। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विनय कुमार पाण्डेय, मंत्री अनवर खान, संयुक्त मंत्री श्रवण कुमार सिंह ने भी इस विरोध को अपना पूरा समर्थन दिया और कहा कि बच्चों की शिक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि महदेइया खास विद्यालय को तत्काल पुनः यथास्थान संचालित कराया जाए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि देवी प्रसाद मिश्र, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष रविंद्र नाथ पाठक, रसोइया, ग्रामवासियों सहित न्याय पंचायत के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि विद्यालय पुनः चालू नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## विकास कार्यों की समीक्षा में डीएम सख्त



सिद्धार्थनगर- कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने बैठक की अध्यक्षता की। मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे ।डीएम ने मुख्यमंत्री डैश बोर्ड पर कम प्रगति वाले विभागों को फटकार लगाई। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और फसल बीमा योजना की समीक्षा की। फसल बीमा के लिए कैंप लगाकर अधिक किसानों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को ट्रांसफार्मर की समय पर बदली और सुरक्षा जाली लगाने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को एम्बुलेंस सेवाओं में सुधार के निर्देश मिले। पंचायती राज विभाग को पंचायत भवनों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने को कहा गया। जल जीवन मिशन के तहत ओवरहेड टैंक और पाइपलाइन के काम के बाद सड़कों की मरम्मत के आदेश दिए गए। डीएम ने सभी विभागों को कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से मुख्यमंत्री डैश बोर्ड पर स्वयं फीडिंग करने और जनपद को प्रथम श्रेणी में लाने का लक्ष्य दिया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया, डीसी मनरेगा संदीप सिंह, पीडी नागेन्द्र मोहन त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे।

## तीन दिवसीय विद्युत सेवा महाअभियान का शुभारंभ




प्रतापगढ़। बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए गुरूवार को यहां तीन दिवसीय विद्युत सेवा महाअभियान के शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में उपभोक्ताओं के बिल में सुधार, मीटर व कनेक्शन से जुड़ी समस्याओं के समाधान की पहल हुई। शिविर में अधीक्षण अभियंता इंजीनियर छैल बिहारी, अधिशासी अभियंता लालगंज रूपेश कुमार, एसडीओ इंजीनियर आशुतोष कुमार, एसडीओ शुभम गर्ग, एसडीओ वीरेंद्र कुमार मौर्य ने उपभोक्ताओं की समस्याओं का समधान किया। एसडीओ आशुतोष कुमार ने बताया कि उन्नीस जुलाई तक संचालित इस शिविर में उपभोक्ताओं की समस्याओं का हेल्प डेस्क में पंजीकृत कर समाधान कराया जाएगा। अधिशासी अभियंता रूपेश कुमार ने बताया कि अभियान के पहले दिन बहत्तर शिकायतें दर्ज हुई। इसमें बिल की पंद्रह, मीटर की सात, कनेक्शन व ट्रांसफार्मर की पचीस व क्षमता वृद्धि की चार शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया गया।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग भगाने वाला युवक गिरफ्तार



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती घनश्याम चौरसिया के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक मुकेशचन्द्र उत्तम के नेतृत्व में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना गिलौला पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है, जो नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। 14/15 जुलाई की रात्रि को थाना गिलौला क्षेत्र के निवासी ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी नाबालिग पुत्री को एक युवक बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले गया है। पीड़िता के पिता की लिखित तहरीर पर थाना गिलौला में मु0अ0सं0 170/25 धारा 137(2), 87 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा सुराग-साक्ष्य के आधार पर लगातार दबिश दी जा रही थी। दिनांक 16 जुलाई 2025 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को लेगड़ी गूलर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण , अनिल कुमार पुत्र राम गोपाल, निवासीः कटार, थाना गिलौला, जनपद श्रावस्ती लेगड़ी गूलर मोड़ के पास, थाना गिलौला क्षेत्र। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में महिला एवं बालिका अपराध के मामलों में त्वरित कार्यवाही की जा रही है। ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए चला ई-रिक्शा चेकिंग अभियान



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में जनपद में स्कूली बच्चों को लापरवाहीपूर्वक ले जा रहे ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार उत्तम व क्षेत्राधिकारी यातायात भरत पासवान के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात द्वारा मुख्य चौराहों, बाजारों एवं विद्यालयों के आसपास सघन जांच की गई। अभियान के दौरान भिनगा क्षेत्र में दो ई-रिक्शा सीज किए गए तथा लापरवाह चालकों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई। वाहन चालकों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में ऐसी लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्थानीय बाजारों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों और टैक्सी स्टैंडों पर चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर हेलमेट, सीट बेल्ट, बीमा, नंबर प्लेट, नशा कर वाहन न चलाने आदि के नियमों की जानकारी दी गई। यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट वितरित कर आमजन को नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गई।

## बिकवा घाट पर ट्रैक्टर खाई में गिरा



इकौना, श्रावस्ती। विकास खंड इकौना के ग्राम पंचायत चैनपुर स्थित बिकवा घाट पुल के पास बुधवार को एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर करीब 30 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में ट्रैक्टर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि गनीमत रही कि चालक को किसी गंभीर चोट नहीं आई और वह बाल-बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर तेज गति में था, मोड़ पर संतुलन बिगड़ने के कारण यह दुर्घटना हुई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। कुछ देर के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

## बिना सूचना स्थानांतरण और 3 के निलंबन के विरोध में लेखपालों का प्रदर्शन



सिद्धार्थनगर- डुमरियागंज तहसील में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने धरना प्रदर्शन किया। लेखपालों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लेखपाल संघ के कार्यवाही जिलाध्यक्ष रणधीर यादव ने मीडिया को बताया कि प्रशासन ने 29 लेखपालों का स्थानांतरण किया। उन्होंने कहा कि किसी भी लेखपाल को इसकी लिखित सूचना नहीं दी गई। लेखपालों को मौखिक रूप से जानकारी मिलने पर उन्होंने एक-दूसरे को चार्ज हस्तांतरण कर दिया। यादव ने बताया कि इसी मामले में तीन लेखपालों को बिना किसी कारण के निलंबित कर दिया गया। उन्होंने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले लेखपालों को निलंबित किया जाता है। फिर उन्हें स्थानांतरण आदेश दिया जाता है। उसके बाद निलंबन का आदेश थमाया जाता है। लेखपाल संघ का आरोप है कि प्रशासन नियमों के विपरीत तानाशाही रवैया अपना रहा है। इसी के विरोध में लेखपाल संघ धरना प्रदर्शन कर रहा है।

संक्षेप

## दबंगों ने युवक को तमंचा लेकर दौड़ाया

गोरखपुर। बडहलगंज क्षेत्र में दबंगों ने जान मारने की नीयत से तमंचा लेकर युवक को दौडा लिया। ग्रामीणों के सहयोग से युवक ने भाग कर किसी तरह जान बचाई पुलिस ने पीडित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताई जा रही है।

बडहलगंज कोतवाली क्षेत्र के छपिया उमराव निवासी मनीष यादव ने पुलिस को तहरीर देते हुए कहाकि गांव के ही सूर्यनाथ यादव, रणजीत यादव, परमहंस यादव व आकाश यादव ने पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए तमंचा लेकर दौड़ा लिया। गांव के रामकवल व रामजनम तथा अन्य ग्रामीणों के सहयोग से उसने भाग कर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने कहाकि वह गांव में जहां भी जाता है दबंग उसे मारने के लिए दौडा लेते है। जिससे उसका गांव में रहना मुश्किल हो गया है। आरोप है कि एक आरोपी सूर्यनाथ यादव मारपीट, डकैती व जानलेवा हमले व अन्य धाराओं में पहले भी जेल जा चुका है। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर चारो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सरयू पुल से वृद्ध ने लगायी छलांग, नाविकों ने बचायी जान

गोरखपुर। दोहरीघाट सरयू पुल से गुरुवार को सांय 5 बजे एक वृद्ध व्यक्ति ने छलांग लगा कर जान देने की कोशिश किया। लेकिन मुक्तिपथ पर मौजूद नाविकों ने जान जोखिम में डालकर उसको बचा लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार गगहा क्षेत्र के रहने वाले 65 वर्षीय जय प्रकाश शाम को पांच के करीब बड़हलगंज पहुंच कर सरयू पुल की ओर गया। जहां इधर उधर देखते हुए अचानक पुल से छलांग लगा दिया। वहां मुक्तिपथ पर मौजूद नाविक किशन साहनी व निर्भय साहनी ने अपना स्टीमर लेकर नदी की बीच धारा में जाकर जान जोखिम में डालकर बहादुरी के साथ उसको बचा लिया। उसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी। वह अधेड़ अपना सही पता नहीं बता रहा। वह घर से नाराज होकर निकला था। मौके पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है। उधर मुक्तिपथ व्यवस्थापक महेश उमर ने दोनों बहादुर नाविकों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। बता दें कि पिछले एक साल के भीतर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने पुल से छलांग लगाकर जान देने का प्रयास किया। धीरे धीरे यह पुल सोसायट प्वाइंट बनता जा रहा है। लोगों ने शासन व प्रशासन से मांग किया है कि पुल दोनों तरफ रेलिंग पर लोहे की जाली लगाया जाये।

## पेंशन से लेकर बेटी की शादी तक मिलेगा सहारा

जसवंतनगर, इटावा। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से कैस्त धर्मशाला परिसर में गुरुवार को लगे विशेष पंजीकरण शिविर ने सैकड़ों मजदूरों की उम्मीदें जगा दीं। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अशोक कुमार पांडेय ने शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि सरकार मजदूरों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ अब हर पंजीकृत श्रमिक को मिलेगा। 60 वर्ष पर 1000 मासिक पेंशन, 65 वर्ष के बाद 1500 मासिक पेंशन, कन्यादान योजना में आर्थिक सहयोग,बीमारी पर चिकित्सा सहायता, शिविर में सैकड़ों मजदूरों ने पंजीकरण कराया और योजनाओं की जानकारी ली। मौके पर ही एक सैकड़ा से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण किया गया।श्रम विभाग की टीम ने महलई टोला और ग्राम दुगार्पुरा में मृतक श्रमिकों मानिक चंद्र और शिवनाथ के घर जाकर स्थलीय जांच की, ताकि परिजनों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके।

# आयुष विवि के निर्माण में खामियां, जांच शुरू

## लखनऊ के अभियंताओं की टीम ने पकड़ीं कमियां



गोरखपुर। गोरखपुर में बने प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1 जुलाई को किया था। लोकार्पण के बाद भी कई काम होने थे। लेकिन राष्ट्रपति के कार्यक्रम के बाद निर्माण कार्य में सुस्ती नजर आने लगी। इस बात की शिकायत शासन को पहुंच चुकी है। इसी के बाद शासन ने लखनऊ से अभियंताओं की टीम भेजी थी। टीम ने बारीकी से निर्माण कार्य की जांच की और कई कमियां निकालीं। आयुष विश्वविद्यालय के विशेष सचिव हरिकेश चौरसिया ने भी गोपनीय जांच की है। अभियंताओं की टीम ने 3 दिनों तक आयुष विश्वविद्यालय के सभी भवनों, कक्षों का निरीक्षण किया।

टीम का नेतृत्व कर रहे अधीक्षण अभियंता सत्यवीर ने कमरों में लगाए गए दरवाजे, हैंडवाश के लिए लगाए गए बेसिन सहित कई जगहों पर कमियां निकालीं और उन्हें दुरुस्त करने का निर्देश दिया। अधीक्षण अभियंता सत्यवीर ने कुलपति रामाचंद्रा रेड्डी व अपनी टीम के साथ निरीक्षण किया। ओपीडी के बगल में जलजमाव व गंदगी नजर आयी। औषधि कक्ष में गए तो वहां फाल सीलिंग पर पानी का रिसाव दिखा। कुलपति ने कहा कि नमी के कारण औषधियां खराब हो सकती है। यहीं हैंड वाश के लिए दो बेसिन बनाए गए थे। निर्माणकर्ता फर्म उसके नीचे टाइल लगाना ही भूल गई थी। पंजीकरण कक्ष में टीम पहुंची तो वहां खिड़कियों के बाहरी भाग में प्लास्टर नहीं किया गया था। ग्राउंड फ्लोर के एक हाल में दो तरह के टाइल लगे थे, जिनकी ऊंचाई में एक इंच का अंतर था। अभियंता ने कहा कि इससे फंसकर कोई भी गिर सकता है मुख्य भवन का आरसीसी बीम टेढ़ा था। इसे देखकर अधीक्षण अभियंता ने नाराजगी जताई। दीवारों पर जगह-जगह होल किए गए थे लेकिन वहां प्लास्टर नहीं किया गया था।

### सफाई देने लगे पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता

निरीक्षण के दौरान पैनल रूम का दरवाजा खोला गया तो वह मानक के विपरीत मिला। उसमें फिटिंग भी मानक के अनुरूप नहीं थी। यह स्थिति सभी दरवाजों की थी। उसे तत्काल बदलने को कहा गया। क्लास रूम में सीढ़ियां (स्टेप्स) बिना मानक के बनी थीं। आगे की सीढ़ी काफी ऊंची थी। आडिटोरियम के आसपास काफी गड्ढे थे, उसे तत्काल भरने का निर्देश दिया गया। कार्यों के निगरानी के लिए नियुक्त कंपनी स्काई लाइन के प्रतिनिधि को फटकार लगाई और ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी दी। लगातार कमियां मिलने से पीडब्ल्यूडी गोरखपुर के अधीक्षण अभियंता सुनील सागर सफाई देने लगे। निर्माण करा रही फर्म के जुबीन सिक्का से कहा कि तीन बार कमियों को दूर करने के लिए वाट्सएप कर चुका हूं लेकिन आप पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

### इससे अच्छा तो गांव का किसान अपना घर बनाता है

निर्माण कार्य में कमियां देखकर लखनऊ से आए अधीक्षण अभियंता सत्यवीर इतना नाराज हुए कि उन्होंने तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इससे अच्छा तो गांव का एक किसान बिना किसी इंजीनियर की मदद से अपना घर बना लेता है। यहां इंजीनियरों की फौज लगाकर भी निर्माण में इतनी खामियां रह गईं। विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि लोकार्पण के बाद उन्होंने अपना कार्यालय मुख्य भवन में संचालित करने की तैयारी कर ली लेकिन दो सप्ताह बाद भी एसी, पंखा नहीं चला। निर्माण करने वाली फर्म की ओर से बताया गया कि दिन में इसे ठीक कर लिया जाएगा।

कुलपति ने बताया कि श्रमिकों की मजदूरी का समय से भुगतान न होने की शिकायत भी आती है। अधीक्षण अभियंता ने आडिटोरियम का निरीक्षण भी किया। निर्माण करने वाली फर्म के प्रतिनिधि ने बताया कि इसे 31 अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। अधीक्षण अभियंता ने अधूरे कार्यों को पूरा करने का एक प्लान तैयार कर दिखाने को कहा। फ्लोर वाइज अधिकारियों की ड्यूटी लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की ड्यूटी डबल शिफ्ट में लगाएं अधीक्षण अभियंता ने रात को भी निरीक्षण किया। उनके जाने के बाद आयुष विभाग के विशेष सचिव हरिकेश चौरसिया भी आयुष विश्वविद्यालय पहुंचे।

उन्होंने कुलपति के साथ पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उसे दौरान सभी कर्मचारियों को भी रोक दिया गया था। माना जा रहा है कि विशेष सचिव गोपनीय रिपोर्ट शासन में प्रस्तुत करेंगे। उसके बाद कुछ लोगों पर कार्रवाई हो सकती है।

## हाजी अजीम व हाजी हन्नान बने जिला उपाध्यक्ष



इटावा। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जनपद प्रभारी सर्वेश सिंह चैहान की उपस्थिति में पुराना आगरा रोड स्थित होटल रायल में उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कि जिला इकाई का विस्तार जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित व महामंत्री अभय टंडन ने सर्वसम्मति से किया जिसमें हाजी अजीम वारसी व हाजी हन्नान चांद मंसूरी को संगठन में जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर जिलाकोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, जिलाउपाध्यक्ष अशोक जाटव, हाजी शेख आफताब, उघोग मंच के जिलाध्यक्ष भारतेन्द्रनाथ भारद्वाज, रेडीमेड ऐसोसिएशन के जिलाध्यक्ष देव गुप्ता, युवा जिलाउपाध्यक्ष बल्लू फैय्याज, धर्मेन्द्र यादव, फैसल मंसूरी, विक्की मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

## करंट लगने से देवरानी झुलसी, जेठानी की मौत

इटावा ,इकदिल। क्षेत्र में करेंट के चपेट में आई दौरानी और जिठानी जिसमें जिठानी की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। गांव उधन्नपुरा के नगला पूठ के रहने वाले सुभाष राजपूत की 30 वर्षीय पत्नी जनक श्री उर्फ भूरी देवी और उनकी देवरानी संजू (27) पत्नी धर्मेंद्र , गुरुवार शाम करीब साढ़े चार बजे घर के बाहर बंधी भैंसों को दोनों महिलाएं चारा डाल रही थी ,तभी जानवरों के बांधने के लिए लगी टीनशेड में रोशनी के लिए लगे तारों से टीन के पाइप में करेंट उतर आया उसी पाइप में घेर के लिए बंधे लोहे के तार में करेंट आ रहा था जिसमे देवरानी का हाथ गया जिसे वह करेंट के चपेट में आ गई पास में भैंस को चारा डाल रही उसकी जिठानी भूरी ने देवरानी को करेंट लगता देख उसे छुड़ाने आई जिठानी भी करेंट के चपेट में आ गई। वहां से निकल रही एक महिला ने उन्हें करेंट से चिपका देख शोर मचाया आसपास के उसके शोर मंचाने पर परिजनों के साथ आस पास के लोग दौड़कर कर पहुंचे और तारों को काटकर दोनो महिलाओं को करेंट से छुटकारा कर दोनों को जिला अस्पताल ले गए वहां डॉक्टरों ने जिठानी जनकश्री उर्फ भूरी को मृत घोषित कर दिया। मृतकी कि जिठानी विमला देवी ने बताया देवरानी भेंस को चारा डाल रही थी तभी टीन शेड में करेंट आ जाने से हादसा हो गया है। मृतक महिला अपने पीछे बेटा करन दस साल और बेटी पांच साल के साथ परिजनों को रोते बिलखते छोड़ गई है।

# एथेनॉल के बाई प्रोडक्ट से बन रहा पशु आहार

## पशुपालकों के फीडबैक से गीडा स्थित आईजीएल प्रबंधन उत्साहित




गीडा, गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ह्यअनुसंधान और विकासह्व पर जोर देने के मंत्र को अपनाकर गोरखपुर के गीडा क्षेत्र में स्थित इंडिया ग्लाइकॉल्स लिमिटेड (आईजीएल) ने आम के आम गुठलियों के दाम वाली कहावत को चरितार्थ किया है। अनाज से एथेनॉल बना रही आईजीएल ने अब इसके बाई प्रोडक्ट (सह उत्पाद) से प्रोटीन से भरपूर पशु आहार का उत्पादन शुरू किया है। इसका ट्रायल सफल रहा है। अब कंपनी इसके वाणिज्यिक उत्पादन से जुड़ने जा रही है। आईजीएल गीडा क्षेत्र में स्थित बड़े उद्योगों में से एक है। इसके डिस्टलरी प्लांट में ग्रेन बेस्ड (अनाज आधारित) एथेनॉल भी बनता है। एथेनॉल बनाने के कंपनी मक्का और चावल का इस्तेमाल करती है। एथेनॉल बनाने के बाद बचे अनाज के अवशेष से आईजीएल ने पशु आहार बनाना शुरू किया है। आईजीएल के बिजनेस हेड एसके शुक्ला बताते हैं कि बाई प्रोडक्ट में कुछ और पोषक तत्व मिलाकर इसका ट्रायल शुरू किया। यह डीडीजीएस (डिस्टिलर्स ड्राईड ग्रेन्स विथ सॉल्यूबल्स) पशु आहार है। इसमें प्रोटीन और फाइबर प्रचुर मात्रा में है। आईजीएल ने तैयार पशु आहार को क्षेत्र के कई पशुपालकों को प्रयोग के तौर पर दिया गया। पशुपालकों से प्राप्त फीडबैक के अनुसार पंद्रह दिन लगातार यह पशु आहार देने के बाद प्रति दुधारू पशु दो लीटर अधिक दूध प्राप्त होने लगा। बिजनेस हेड के अनुसार अब कंपनी ने ह्यप्रोटीजीएसह्व ब्रांड से वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने की तैयारी कर रही है। शुरूआती चरण में प्रतिदिन 5 से 6 कुंतल उत्पादन किया जाएगा है। अभी पचास किलो की पैकिंग में पशु आहार उपलब्ध कराया जाएगा और इसके बाद यह 25 और 5 किलो के पैक में भी उपलब्ध होगा। एसके शुक्ला का मानना है कि उद्यमिता क्षेत्र में मुख्यमंत्री की अनुसंधान और विकास की अपील काफी काम आ रही है। एथेनॉल के बाई प्रोडक्ट से पशु आहार का उत्पादन होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से चौरीचौरा क्षेत्र में हो रही है मौत : ई सरवन निषाद



चौरीचौरा, गोरखपुर। विधानसभा चौरी चौरा के विधायक ई सरवन निषाद ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र में लगातार बिजली विभाग की लापरवाही से मौतें हो रही है। बताते चलें कि गुरुवार को बिजली विभाग की लापरवाही से ब्रह्मपुर ब्लॉक के रामपुरा में कक्षा पांचवी के छात्र का बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। विधायक ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दिया ।और तहसील प्रशासन को तत्काल पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया ।तहसील प्रशासन ने चार लाख रुपए 48 घंटे के अंदर परिवार के खाते में भेजने के लिए परिवार को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के लापरवाह कर्मचारियों ने एक मां से उसका बेटा छीन लिया है ।विगत कुछ माह पूर्व सोनबरसा में भी बिजली विभाग की लापरवाही से तीन लोगों की मौत हुई थी। क्षेत्र में लगातार विद्युत विभाग की लापरवाही लोगो पर भारी पड़ रही है ।लोगों को अपनी जान गवानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि चौरी चौरा विधानसभा मेरी मां है। और इनके लड़ाई के लिए मैं जल्द ही सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर पूरी समस्याओं से अवगत कराउंगा ।कई बार उच्च अधिकारियों को यहां के कर्मचारियों की लापरवाही पर पत्र लिखा गया है। लेकिन कार्यवाही सुनिश्चित नहीं होने से उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। और विधानसभा में लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं। जो बर्दाश्त से बाहर हैं। उक्त अवसर पर उपजिलाधिकारी चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह सीओ चौरी चौरा अनुराग सिंह, नायब तहसीलदार संजय सिंह, झंगहा थाना प्रभारी जयंत कुमार सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## विद्यालय के विलय के विरोध में माकपा ने प्रदर्शन किया




इटावा। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के प्रदेशीय आहवान पर प्राथमिक विधालयों के विलय के विरोध में माकपा द्वारा कचहरी पर प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए पार्टी के जिलामंत्री नाथूराम यादव ने कहा कि प्राथमिक विधालयों का विलय वास्तव में सरकारी विधालयों को बंद करने की शुरूआत है। सरकार धीरे-धीरे शिक्षा पूर्णतया निजी हाथों में सौपना चाहती है। सरकार ने प्राथमिक शिक्षा में सुधार करने के अपने कर्तव्य को दरकिनार कर विधालयों को बंद करने का निर्णय एक सोची-समझी साजिश के तहत किया है। सरकार ने एक तीर से दो निशाने साधें है। पहला 1.26 लाख रिक्त पडे शिक्षकों के पदो पर भर्ती नही करनी पडेगी और दूसरा गांव देहात तथा शहरों कस्बो के गरीब तबके के बच्चों को शिक्षा से वंचित रखने का मंसूबा भी पूरा हो जायेगा। शिक्षको की नियुक्ति के सम्बंध में मुख्यमंत्री और प्राथमिक शिक्षा राज्यमंत्री के बयान परस्पर विरोधी है। मुख्यमंत्री जल्द से जल्द खाली पडे पदों को भरने की बातें करते है, वहीं शिक्षा मंत्री कहते हैं कि विधालयों के विलय के बाद शिक्षको का समायोजन करने के बाद जितने पद रिक्त होगें उतने पदों पर शिक्षको की भर्ती की जायेगी। लगभग 28000 विधालयों की पेयरिंग के बाद शिक्षको के खाली पद ही नही रहेगें। उन्होने कहा कि 7 साल में 16 लाख युवक-युवतियां प्रशिक्षित होकर शिक्षक बनने के लिए भटक रहे है। भर्ती निकलने के लिये धरने दे रहे है। पहले चरण में सरकार द्वारा 5000 विधालय बंद कर दिये गये हैं। सचिव मंडल सदस्य संतोष शाक्य ने कहा कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी विधालयों को बंद करने का पूरी ताकत से विरोध करेगी और जनता के बीच जाकर सरकार द्वारा शिक्षा के अधिकार को छीनने के असंवैधानिक कदम का पदार्फाश करेगी। सचिव मंडल सदस्य डा. शौकीन सिंह और संतोष राजपूत ने बंद हुये विधालयों की रसोइया कर्मचारियों को उन विधालयों में समायोजित करने की मांग की जहां बंद हुये विधालयों के बच्चों को भेजा गया है। उन्होने यह भी कहा कि बंद हुये विधालयों के बच्चों को अब दूर के विधालयों में जाना पडेगा। उन्हे आने जाने में तो परेशानी होगी ही उनकी असुरक्षा, खासकर आज के दूषित वातावरण में बच्चियों को दूर जाकर पढने में बहुत खतरा बढ जायेगा। इस अवसर पर जिला कमेटी सदस्य रामवरन सिंह, मोनू यादव, पूर्व जिला कमेटी सदस्य विश्राम सिंह, रसाइया यूनियन की अध्यक्ष उमा देवी और मनोज राठौर ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया।

## दस साल पुराने ट्रैक्टर लूट केस में आरोपियों को सजा

इटावा। लंबे समय से न्याय की राह देख रहे एक लूट के मामले में आखिरकार न्याय की जीत हुई। विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम आलोक कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने लूट के संगीन मामले में तीन अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए पांच-पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने सभी पर आठ-आठ हजार रुपये का जुमार्ना भी ठोका है। जुमार्ना अदा न करने की स्थिति में दोषियों को छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह मामला 25 जनवरी 2015 का है, जब कन्नौज जनपद के सौरिख क्षेत्र के गांव मिरजापुर निवासी अतुल यादव अपना ट्रैक्टर लेकर इटावा आ रहा था। भरथना रोड पर दिनदहाड़े चार बदमाशों ने कार से रास्ता रोककर उसे जबरन पीटा और ट्रैक्टर लूटकर फरार हो गए। घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी थी। घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गहन विवेचना शुरू की।

# आकाशीय बिजली से लगी आग, चार लड़कियां झुलसी

चरगांवा,गोरखपुर। पिपराइच थाना क्षेत्र के महुअवां खुर्द सड़क पर स्थित एक मकान में आज आकाशीय बिजली गिरने से चार बालिकाएं झुलस कर घायल हो गयीं। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर 12:45 पर कड़कड़ाती बिजली के आवाज के साथ घनघोर बारिश हो रही थी । तभी अचानक कन्हैया शर्मा के घर पे आकाशीय बिजली गिरी जंहा पर बिजली से छत के उपर वाले कटरैन के कमरे में आग लग गई जो देखते ही देखते काफी भयावह हो गई। बिजली के तेज आवाज से उसके सीढ़ी की दीवार गिर गई। कन्हैया शर्मा के घर कुछ बच्चियां सिलाई सीखने के लिए आयीं थीं। जिसमें चार बच्चियां घायल हो गयी नेहा पुत्री रविंद्र सिंह निवासी मटिहानिया जनुबी, सुमन निवासी गौरा, महिमा शर्मा पुत्री बनवारी शर्मा निवासी महुअवां खुर्द और काजल राजभर पुत्री वीरेंद्र राजभर महुंअवा खुर्द झूलस कर घायल हो गईं। अचानक इस घटना से वंहा पर सभी लोग बदहवास की स्थिति में चिखने चिल्लाने लगे घटना जानकारी मिलते ही क्षेत्र पंचायत सदस्य इंद्रजीत यादव ग्रामीणों के साथ पहुंच कर घायलों को सीएचसी भेजा तथा आग पर काबू पाया। मामले की जानकारी पाकर थानाध्यक्ष पुरूषोत्तम आंनद सिंह ने पीड़ित के मदद के लिए मातहतों को घटनास्थल पर तुरंत भेज दिया।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर महिला की द मौत, दो घायल



सरहरी,गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के मजनू चौकी अन्तर्गत एक गाँव में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गयी तथा दो अन्य झुलसकर घायल हो गए। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, गुरूवार की दोपहर गरज-चमक के साथ बरसात हो रही थी। इसी दौरान खेत में निराई कर रही महिला मजदूरों पर आकाशीय बिजली आफत बनकर गिरी। जिसकी चपेट में आकर मनीता पत्नी अजय की मौत हो गयी। तथा चन्द्रावती व अजय झुलसकर घायल हो गए। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद मौकेपर भारी भीड़ जुट गई। मृतका के परिवार में कोहराम मच गया और सभी लोगों का रो-रो कर बुरा हाल था।

## सभासद ने अकालगंज वार्ड में चलाया स्वच्छता अभियान



इटावा। भारतीय जनता पार्टी के नेता व सभासद शरद बाजपेयी ने अपने वार्ड के वैरुन पंसारी टोला, अकालगंज, शाहगंज, चैखर कुआं, उझैदी, आदि मुहल्लों एवं मंदिर परिसरों में तीन घंटे तक स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने कई स्थानों पर जमा कूड़ा करकट, नालियों को एवं नालियों के किनारे उगे पौधों एवं घास व गंदगी को साफ कराया। साथ ही कई स्थानों पर उन्होंने स्वयं झाड़ू लगाकर सफाई की। भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने कहा कि प्रत्येक स्थान पर स्वच्छता रखना बहुत आवश्यक है और यह हमारा दायित्व भी है कि हम सभी सवच्छता रखें और इस बरसात के मौसम में संचारी रोगों से भी बच सकें क्योंकि संचारी रोगों से बचाव के लिए स्वच्छता बहुत आवश्यक है, मेरा सभी सम्मानित इटावावासियों से निवेदन है कि स्वच्छता रखने में आप सभी अपना सहयोग प्रदान करें और कूड़ा कूड़े गाड़ी में ही डाले, नालियों में कूड़ा न फेंकें, सुबह और शाम कूड़े गाड़ी में ही कूड़ा डाले। नगर में स्वच्छता रखने की जिम्मेदारी हम सभी इटावा वासियों की है। इसलिए सदैव स्वच्छता के प्रति सजग रहकर अपना योगदान प्रदान करें। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों के साथ सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सरैया भरथी, वि.ख. धनपतगंज, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-16.07.2025**

**निविदा/कोटेशन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- सरैया भरथी, विकासखंड-धनपतगंज, जनपद-सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार दिनांक- 18.07.2025 से दिनांक- 25.07.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत-सरैया भरथी पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 25.07.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्की सड़क से प्रा.पा. सरैया भरथी तक सी.सी. रोड निर्माण। | 2.80 लाख रुपये। | 20 एमएम स्टोन गिट्टी व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | पक्की सड़क से गंगाराम के घर तक सी.सी. रोड निर्माण। | 6.08 लाख रुपये। | 20 एमएम स्टोन गिट्टी व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 3. | पक्की सड़क से रुदापुर हरिजन बस्ती तक इंटरलाकिंग कार्य। | 13.89 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 4. | राकेश के घर से शिव शंकर के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 11.78 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट**- समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा0पं0- सरैया भरथी, वि0ख0-धनपतगंज**
**जनपद-सुलतानपुर**

# फर्जी एसडीएम साथी सहित लूट के मामले में गिरफ्तार

## एसएसपी ने पुलिस टीम को 15 हजार रूपये इनाम दिए



**सैफई, इटावा।** ऑनलाइन स्कार्पियो बुक कर लखनऊ से फिरोजाबाद जा रहे आजमगढ़ निवासी युवक से लूटपाट करने वाले दो युवकों को सैफई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक आरोपी खुद को एसडीएम बताता था और गाड़ी पर मजिस्ट्रेट लिखवाकर भ्रम फैलाता था। आरोपी यूपीएससी की असफल तैयारी के बाद खुद को आईएएस प्रोबेशनर बताकर सरकारी अधिकारी बनने का ढोंग रचता था। घटना के खुलासे को लेकर गुरुवार को पुलिस लाइन इटावा में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चंद्र और क्षेत्राधिकारी सैफई रामगोपाल शर्मा मौजूद रहे। एसएसपी ने पुलिस टीम को 15 हजार रूपए इनाम दिए। घटना 11 जुलाई की है। आजमगढ़ जिले के जीयनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डिघवनिया मझौवा निवासी रामप्रवेश यादव ने थाना सैफई में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने 10 जुलाई को एक ऐप के माध्यम से स्कार्पियो बुक की थी। वह रात 9.45 बजे लखनऊ के चहरिया क्षेत्र से गाड़ी में सवार हुआ।

गाड़ी में चालक के साथ एक युवक पहले से बैठा था। 11 जुलाई की तड़के करीब 2 बजे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर 105 किमी के पास दोनों युवकों ने तमंचा दिखाकर रामप्रवेश को गाड़ी से जबरन उतार लिया और उसका मोबाइल फोन, पर्स जिसमें नकदी, एटीएम और आधार कार्ड था, छीन लिया। साथ ही धमकी दी गई कि अगर किसी को बताया तो फर्जी ड्रग्स केस में फंसा देंगे। पीड़ित किसी तरह एक्सप्रेसवे किनारे एक पेट्रोल पंप तक पहुंचा और वहां से पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची थाना सैफई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। गुरुवार सुबह थाना सैफई पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम हैवरा कोठी क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक हैवरा बाईपास के पास किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। पुलिस टीम ने उन्हें घेराबंदी कर करहल बाईपास जाने वाले मार्ग के पास से पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने लूट की वारदात को स्वीकार किया। गिरफ्तार मुख्य आरोपी की पहचान अमर पाण्डेय पुत्र इन्द्र कुवर पाण्डेय निवासी ग्राम बेलवा विन्होनी भीखमपुर थाना बलरामपुर देहात, जनपद बलरामपुर के रूप में हुई है। अमर पाण्डेय ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी करता था, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर खुद को आईएएस प्रोबेशनर बताने लगा। उसने यूपीएससी का फर्जी नियुक्ति पत्र बना लिया और स्कार्पियो गाड़ी पर ह्यमजिस्ट्रेटह्व लिखवा लिया। वह खुद को एसडीएम ऊन, जनपद शामली बताता था। इसी फर्जी पद का उपयोग वह टोल टैक्स से बचने, प्रभाव जमाने और आपराधिक गतिविधियों से बचने के लिए करता था। स्कार्पियो में बैठने वालों को विश्वास में लेने के लिए वह अपने मोबाइल में तैयार नियुक्ति पत्र भी दिखाता था। गिरफ्तारी टीम में सैफई थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा, निरीक्षक तेज सिंह, उपनिरीक्षक शकील अहमद, हेड कांस्टेबल लुकमान खां, कांस्टेबल अनुराग कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, संदीप कुमार, सुरेंद्र व महेश शामिल रहे।

## बकेवर में पूर्व चेयरमैन का भतीजा लापता

इटावा। बकेवर कस्बे के लखना रोड स्थित आदर्शनगर दक्षिण से 23 वर्षीय युवक लापता हो गया। लापता युवक पूर्व चेयरमैन जनवेद का भतीजा है। परिजनों ने खोजबीन के बाद युवक के साथ अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। कस्बे के लखना रोड स्थित आदर्शनगर दक्षिण नगला बनी निवासी राजेश यादव ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका बेटा रेसू उर्फ मुंशी बुधवार की दोपहर 12 बजे स्कूटी पर सवार होकर बकेवर गया था। जब वह देर शाम वापस नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन की जिस पर उसकी स्कूटी जनता कॉलेज के सामने एक प्रोविजन स्टोर की दुकान पर खड़ी मिली। एक घंटे बाद आने की कही थी बात घर वालों ने दुकानदार से पूछा तो दुकानदार ने बताया कि युवक दोपहर के समय स्कूटी यह कहकर खड़ी कर गया था कि वह एक घंटे बाद वापस आकर स्कूटी ले जाएगा। इसके बाद वह वापस लौटकर नहीं आया। स्कूटी मिलने के बाद स्वजनों ने रिश्तेदारों के यहां तलाश किया जब कोई सुराग नहीं मिला।

संक्षेप

## निखिल शुक्ला ने किया सीएचसी परिसर में पौधारोपण



शाहजहांपुर। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत खुटार सीएचसी पर तैनात डॉक्टर निखिल शुक्ला नें सीएचसी परिसर में पौधारोपण किया और सभी से अधिक से अधिक पौध रोपित करने के साथ साथ उसकी देखभाल करने की अपील की। इस मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉक्टर संजीव कुमार, डॉक्टर तरुण, व अन्य लोग मौजूद रहे

## टेलीविजन चैनल पर सुनाई देगा आशुतोष का स्वर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) क्षेत्र के हैदराबाद गांव निवासी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव का स्वर अब टेलीविजन पर सुनाई देगा। जिन्हें डीडी यूपी चैनल पर कवि के रूप में आमंत्रित किया गया है। दूरदर्शन उत्तर-प्रदेश टेलीविजन चैनल पर प्रसारित होने वाले साहित्यिक कार्यक्रम वन्स-मोर के एपिसोड में हैदराबाद गांव निवासी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव पुत्र रवीश कुमार श्रीवास्तव को कवि के रूप में आमंत्रित किया गया है। जिसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है शीघ्र ही इस एपिसोड का प्रसारण दूरदर्शन उत्तर प्रदेश पर होगा। आशुतोष की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। आशुतोष ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े हैं तथा वर्तमान में लखनऊ विश्वविद्यालय से हिन्दी विषय से पीएचडी कर रहे हैं।

## ट्रक की टक्कर से एक की मौत दो गंभीर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में अलीगंज के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन गंभीर घायल हो गए जिन्हें सीएचसी लाया गया। जहां एक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दो को जिला अस्पताल पर किया गया है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कपरहा निवासी अनिल कुमार के 21वर्षीय बेटे हिमांशु अलीगंज से वापस लौट रहा था कि गोला की तरफ से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी जो जितेंद्र उर्फ गणेश पुत्र आशाराम यादव निवासी लक्ष्मण जती गोला की बाइक में भी जा लगी उधर से दौलतगंज निवासी इकरार अली पुत्र सलामुद्दीन ई रिक्शा लेकर जा रहा था वह भी चपेट में आ गया और उसका ही रिक्शा खाई में पलट गया जिससे वह तीनों घायल हो गए। उन्हें सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने हिमांशु को मृत घोषित कर दिया। जितेंद्र और इकरार अली को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## इमलिया गांव के पास फिर हुई गोकशी, लोगों में गुस्सा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र में गोवंश के अवशेष मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच गोवंश के अवशेषों को एकत्र कर नष्ट कराया है। हैदराबाद थाना क्षेत्र में गोकशी की घटनाएं आम होती जा रही हैं। पुलिस उस पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। गुरुवार को ग्राम नगरा सलेमपुर और इमलिया गांव से कुछ दूरी पर बांकेगंज रोड पर गन्ने के खेत में गोवंश के अवशेष पड़े देखे गए तो तमाम लोग की भीड़ पहुंच गई। लोगों में गुस्सा देखा गया। इलाके के लोगों का कहना है कि मोहर्रम पर्व के दौरान भी यहां पर गौ कशी को अंजाम दिया गया था, पर हैदराबाद पुलिस ने शादी वर्दी में पहुंचकर अवशेषों को भरकर कहीं नष्ट कर दिया था, पर घटना के तह तक जाने का प्रयास नहीं किया गया जिसकी वजह से फिर से गांव में गोकशी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस संबंध थाना अध्यक्ष हैदराबाद से संपर्क करने का प्रयास किया, पर उन्होंने काल रिसीव नहीं की।

# सोसाइटीज पर बढ़ती भीड़, डीएम-एसपी सख्त

- यूरिया वितरण में गड़बड़ी पर तुरंत होगी एफआईआर
- लेखपालों की लगेगी ड्यूटी, खतौनी से होगा खाद वितरण, लापरवाही पर कार्रवाई तय
- बॉर्डर से बाजार तक निगरानी बढ़ी, एसएसबी को सख्त निर्देश




लखीमपुर खीरी। जनपद में यूरिया वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं नियमावली के अनुरूप संचालित कराने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने गुरुवार को एनआईसी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एसडीएम, सीओ और एसएसबी के तीनों बटालियन कमांडेंट के साथ अहम बैठक की। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उर्वरक वितरण की प्रक्रिया पूर्णतः नियमबद्ध, नियंत्रित एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों एवं विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डीएम ने कहा कि हर एसडीएम अपने क्षेत्र की सोसाइटी पर लेखपाल और राजस्व निरीक्षकों की तैनाती सुनिश्चित करें, जो वितरण की निगरानी करेंगे। खाद वितरण कृषकों की खतौनी देखकर ही किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि जरूरत से ज्यादा उर्वरक का आवंटन किसी को न मिले। डीएम ने स्पष्ट कहा कि टैगिंग या ओवररेटिंग करते पाए जाने पर निजी विक्रेताओं का लाइसेंस रद्द कर एफआईआर दर्ज की जाएगी। सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए कि वह खुद फील्ड में जाएं, उर्वरक दुकानों की जांच करें और देखें कि दुकानें बंद न हों तथा स्टॉक की नियमित जांच हो। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने-अपने थानों से समन्वय बनाते हुए फोर्स की ड्यूटी सोसाइटीज पर लगाएं और खुद भी फील्ड में उतरें। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि लेखपालों की ड्यूटी और उपस्थिति की मॉनिटरिंग की जाएगी। एसडीएम खुद मौके पर पहुंचकर वितरण व्यवस्था की निगरानी करेंगे। बैठक में जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता रजनीश प्रताप सिंह, जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## खाद दुकानों पर बड़ी कार्रवाई: एक सील, एक का लाइसेंस निलंबित, कई को नोटिस

लखीमपुर खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर उर्वरक दुकानों की सघन जांच अभियान के तहत गुरुवार को जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने गोला क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं, जिस पर तत्काल सख्त कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान वर्मा फर्टिलाइजर और वर्मा खाद भंडार को अनियमितता पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं गणेश खाद भंडार के स्टॉक को सील कर दिया गया। दयाल कृषि फर्टिलाइजर परिसर से खाद का नमूना लिया गया, साथ ही वहां की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। उर्वरक में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर अंसारी खाद भंडार, जलालपुर का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि स्टॉक उपलब्ध होने के बावजूद अगर निजी उर्वरक विक्रेता दुकान बंद पाए गए, तो संबंधित का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा। कहा कि किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जो भी खाद विक्रेता नियमों की अवहेलना करेगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जनपद के सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित दर पर बिना किसी टैगिंग के उर्वरक वितरित करें। कृषकों को उनकी जोत भूमि के अनुसार संस्तुत मात्रा में उर्वरक दिया जाए और प्रत्येक किसान को उर्वरक खरीद का बिल अनिवार्य रूप से प्रदान किया जाए। सभी विक्रेता सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपने विक्रय केंद्र अवश्य खोलें। यदि किसी विक्रेता द्वारा मनमानी की जाती है या दुकान बंद रखी जाती है, तो किसान सुबह 10 से शाम 5 बजे तक कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। समिति संबंधित शिकायत हेतु संपर्कः 7007918909, कृषि विभाग कंट्रोल रूम नंबर 7570088259, 7839882212 पर संपर्क करें।

## परिवार परामर्श केंद्र का पुलिस लाइन शाहजहांपुर में आयोजन



शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन जनपद शाहजहांपुर में किया गया आज 13 पत्रावली पर सुनवाई की गयी तथा 02 दम्पति को विदा किया गया। थाना मदनापुर जनपद शाहजहंपुर के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 04 वर्ष पूर्व हुई थी। पति शराब पीकर मारपीट करता था। आवेदिका नाराज होकर 4 माह से मायके में थी। इसी बात को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा था। दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र जनपद शाहजहांपुर बुलाया गया कदोनो पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया कप्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार है। दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहांपुर के एक दंपति जिनकी शादी को 3 वर्ष हो चुके हैं आवेदक ने बताया कि घर के काम को लेकर विवाद था जिस बात से नाराज होकर पत्नी सारे जेवर और पैसे लेकर अपने मायके चली गई इसी बात को लेकर विवाद था पत्नी करीब 2 माह से अपने मायके में रह रही हैं। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया और समझाया गया ।जिसमें दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हैं। दोनों पति पत्नी को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया ।इस मौके पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र जनपद शाहजहांपुर उपनिरीक्षक मधु यादव, मुख्य आरक्षी पूनम मिश्रा, महिला आरक्षी मोनिका रानी, महिला आरक्षी करुणा, महिला आरक्षी पिंकी, महिला आरक्षी मोनिका कुमारी आदि मौजूद रहे।

## खाद की कालाबाजारी तथा बिजली की समस्याओं को लेकर किसानों का प्रदर्शन



शाहजहांपुर। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के सैकड़ों किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे. जहां किसानों ने जिले में खाद की किल्लत और कालाबाजारी के साथ बिजली की समस्याओं को लेकर जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की ।दरअसल जिले की पुवायां तहसील मिनी पंजाब के नाम से जानी जाती है जहां के कस्बा बंडा खुटार सहित पुवायां क्षेत्र में किसान गेहूं और धान की फसलों की पैदावार की जाती है। क्षेत्र में इस समय धान रोपाई के चलते किसानों को खाद और बिजली की अत्यंत आवश्यकता होने पर के चलते आज भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मनजीत सिंह धालीवाल के नेतृत्व में सैकड़ों किसान सहकारी समितियों के द्वारा खाद वितरण में धांधली करने और माफियाओं से सांठ गांठ कर की जा कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां किसानों ने माफियाओं के साथ जिला कृषि अधिकारी सहित जिम्मेदारों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की. इस दौरान किसानों ने जिले में बिजली की कटौती और लो वोल्टेज से संबंधित समस्याओं को लेकर भी मोर्चा खोला. किसान नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनकी मांगों पर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो वह आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी समस्त नैतिक जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# लापरवाह शिक्षिका निलंबित, स्मार्ट क्लास की बिजली समस्या पर एक्शन

### सीडीओ ने फूलबेहड़ ब्लॉक के दो स्कूलों का किया औचक निरीक्षण, बच्चों को पढ़ाकर परखी शिक्षा की गुणवत्ता



लखीमपुर खीरी। जनपद के परिषदीय विद्यालयों की गुणवत्ता और व्यवस्था को परखने के लिए सीडीओ अभिषेक कुमार ने गुरुवार को फूलबेहड़ विकासखंड के दो स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लापरवाह शिक्षकों पर कड़ी फटकार लगाई, साथ ही स्मार्ट क्लास में आ रही बिजली की समस्या के त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए। सीडीओ अभिषेक कुमार जब प्राथमिक विद्यालय कुंवरापुर पहुंचे, तो वहां शिक्षिका रूबी वर्मा इस शैक्षिक सत्र में बिना किसी अधिकृत अनुमति के लगातार अनुपस्थित रहने की बात सामने आई। इस गंभीर लापरवाही पर सीडीओ ने नाराजगी जताते हुए तत्काल निलंबन के आदेश दे दिए।

### कक्षा में खुद बने शिक्षक, बच्चों को पढ़ाया

सीडीओ ने शिक्षक की भूमिका निभाते हुए बच्चों को पढ़ाया और उनके शैक्षिक स्तर की गहराई से जांच भी की। उन्होंने बच्चों से सवाल पूछे, उत्तर सुने और शिक्षण पद्धतियों को परखा। इस मौके पर सीडीओ ने शिक्षक डायरी, उपस्थिति पंजिका, मिड डे मील रजिस्टर सहित सभी अभिलेखों की जांच की और सुधारात्मक निर्देश दिए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षण कार्य की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। शिक्षकों को चेतावनी दी गई कि वे समय से विद्यालय पहुंचे, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें और बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहभागी बनें।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अपने कर्तव्य का बोध होना चाहिए, बच्चों का भविष्य किसी की लापरवाही की भेंट नहीं चढ़ने देंगे। इसके बाद सीडीओ ने संविलियन विद्यालय सांडा का निरीक्षण किया। यहां विद्यालय में बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने की शिकायत मिली। स्कूल के पास 200-300 मीटर की दूरी पर ही विद्युत पोल है, लेकिन तार टूटने की समस्या के कारण स्मार्ट क्लास और अन्य तकनीकी सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। सीडीओ ने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि वे विद्युत विभाग से समन्वय करते हुए एक अतिरिक्त पोल लगवाएं और स्थायी समाधान सुनिश्चित करें।

## नगर व्यापार मंडल ने उप जिला अधिकारी पलिया को सौंपा ज्ञापन




पलियाकलां-खीरी। अवगत कराना है कि पलिया खीरी क्षेत्र में विगत दिनों से विद्युत की समस्या उत्पन्न हो रही है, लगातार अघोषित कटौती की जा रही है एवं विद्युत व्यवस्था बहुत ही बुरी है जिस कारण आम जनता काफी परेशान है।

1-यह कि पलिया नगर में विद्युत की अघोषित कटौती की जा रही है तथा लो वोल्टेज की भी समस्या है, प्रतिदिन विद्युत कटौती होने पर विद्युत विभाग द्वारा प्रतिदिन फाल्ट का बहाना बनाकर विद्युत आपूर्ति बन्द कर दी जाती है जिससे आम जनता काफी परेशान होती है जिसका निराकरण किया जाना आवश्यक है। 2-यह कि पलिया क्षेत्र में कई ट्रांसफार्मर काफी पुराने व जीर्ण शीर्ण अवस्था में है आये दिन खराब रहते है जिन्हे बदलना आवश्यक एवं विद्युत उपभोक्ताओं के हित में है। इसके अतिरिक्त ट्राली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करायी जाये।

3-यह कि पलिया नगर में ग्रामीण क्षेत्र के ही अनुसार कर्मचारी है जिस कारण फाल्ट का समय पर निस्तारण नही हो पाता है जबकि पलिया नगर में नगरीय क्षेत्र के अनुसार कर्मचारी की नियुक्ति होनी चाहिए।

4-यह कि पलिया क्षेत्र नगरपालिका परिषद के अन्तर्गत है परन्तु विद्युत विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के रोस्टर के अनुसार विद्युत सप्लाई दी जा रही है। विद्युत विभाग द्वारा पलिया क्षेत्र को ग्रामीण क्षेत्र घोषित किया जा चुका है (छायापति संलग्न) परन्तु विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओ से विद्युत बिल की शहरी क्षेत्र की दरों के अनुसार वसूली की जा रही है जो कि उपभोक्ताओ के साथ छल किया जा रहा है।

5-यह कि विद्युत को जब से ठेके पर दिया गया है तब से ठेकेदार विद्युत उपभोक्ताओ से मनमाने ढंग बिद्युत बिल पर अधिक लोड दिखाकर उससे अप्रत्याशित बिल की वसूली कर रहे है तथा जब उपभोक्त अपना बिल सही करवाने विद्युत कार्यालय जाता है तो बिल पर फर्जी तरीके से चढे अधिक लोड व पुरानी शेष रीडिंग बताकर उसको टरका देते है जब उपभोक्ता कहता है कि मेरे घर का लोड चेक कर लो तो उक्त कहते है कि तुम्हारे घर की वायरिंग में गड़बड़ है और बिल सही न कर उपभोक्ता को वहां से भगा देते है। उनके इस प्रकार के कृत्य से विद्युत उपभोक्तागण मानसिक एवं आर्थिक रूप से काफी परेशान है ।घर का लोड चेक कर लो तो उक्त कहते है कि तुम्हारे घर की वायरिंग में गढ़बड़ है और बिल सही न कर उपभोक्ता को वहां से भगा देते है। उनके इस प्रकार के कृत्य से विद्युत उपभोक्तागण मानसिक एवं आर्थिक रूप से काफी परेशान है।

6-यह कि वर्तमान समय में उक्त ठेकेदारों द्वारा स्मार्ट मीटर लगाये गये है जिनके द्वारा पुराने मीटरो की अपेक्षा दो से तीन गुनी अनुपातिक बिल में वृद्धि होकर बिल आ रहे है, जिस कारण उपभोक्ताओ को बिल सुधरवाने हेतु काफी भटकना पड़ता है।

## ड्यूटी न मिलने से नाराज कर्मचारियों का मिल गेट पर धरना



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) बजाज चीनी मिल में कर्मचारियों को ड्यूटी न देने पर नाराज श्रमिक कल्याण संघ ने धरना प्रदर्शन कर यूनिट हेड का घर किया।

इस समय चीनी मिल में कर्मचारियों को ड्यूटी नहीं दी जा रही है। जिसे लेकर गुरुवार को कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा और मिल गेट पर एकत्र होकर जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर धरना शुरू कर दिया। फिर यूनिट हेड का घेराव कर कर्मचारियों को ड्यूटी दिए जाने की मांग की। श्रमिक कल्याण संघ के महामंत्री विश्वनाथ सिंह, संगठन मंत्री दीनानाथ यादव, उपाध्यक्ष राजेश वालिया, सुरेश ठाकुर, सत्यवीर सिंह वीरेश अवस्थी, गुप्ता, बड़ी संख्या में कार्यकताओं की मौजूदगी में समझौता हुआ कि तीन दिन बाद सब ठीक कर कर्मचारियों को दो, दो महीने की ड्यूटी देने के सम्बन्ध उच्च अधिकारियों से वार्ता कर निर्णय लिया जाएगा। संघ के अधिकारियों से तीन दिन बाद घोषणा करने पर धरना तीन दिन के लिए स्थगित किया है।

## सांसद अरूण सागर ने रेलवे बोर्ड चैयरमेन से मुलाकात कर शाहजहांपुर की समस्याओं से अवगत कराया



शाहजहांपुर। सांसद अरुण सागर ने रेलवे बोर्ड चेयरमैन से मुलाकात करके समस्याओं से अवगत कराया सांसद ने समस्याओं को लगातार पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और अधिकारियों तक पहुंचाकर समाधान कराने का प्रयास कर रहे हैं। बुधवार को सांसद ने रेलवे से जुड़ी समस्याओं को लेकर दिल्ली मे रेलवे बोर्ड के चैयरमेन सतीश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शाहजहांपुर वासियों को ट्रेन से सफर के दौरान होने वाली समस्याओं को उठाया। सांसद ने चैयरमेन से कहा कि कहा कि रेलवे क्रासिंग संख्या 334 तिलहर-डभौरा एवं क्रासिंग संख्या 341 कटरा पर बन रहे रेलवे ओवरब्रिज की ठडउ दिलवाई जाए। जिससे क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को खत्म किया जा सके। रेलवे पर स्टेशन पर धीमी गति से चल रहे कार्यों को लेकर भी चर्चा की। सांसद ने चर्चा के दौरान रेलवे बोर्ड के चैयरमेन सतीश कुमार से कहा कि लखनऊ से शाहजहांपुर होते हुए दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन की बहुत अवश्यकता है। उस ट्रेन का शाहजहांपुर में भी ठहराव किया जाए। शाहजहांपुर वासियों ने कई बार उनसे वंदे भारत ट्रेन शुरू कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे पहले इसकी मांग की जा चुकी है।

## सच्चे प्रेम और भक्ति का उदाहरण है शिव पार्वती विवाह



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) छोटी काशी स्थित साईं मैरिज लान में चल रही सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास संजीवनी मिश्रा ने भगवान शिव और देवी पार्वती के विवाह की कथा बहुत ही रोचक ढंग से सुनाई है। उन्होंने कहा कि देवी पार्वती भगवान शिव को अपने पति के रूप में पाने के लिए वर्षों तक कठोर तपस्या करती हैं। वह उन्हें प्रसन्न करने के लिए अपनी भक्ति और प्रेम को प्रदर्शित करती हैं। जब वह तपस्या से प्रसन्न होते हैं, तो वे उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार करते हैं। शिव पार्वती का विवाह सच्ची प्रेम और भक्ति की किसी भी बाधा को पार कर सकती है। रोचक पहलू भी हैं जैसे कि भगवान शिव का विवाह के लिए तैयार होना, देवी पार्वती का सोलह श्रृंगार करना, और विवाह समारोह में देवताओं और ऋषि-मुनियों का आगमन। यह कथा हमें प्रेम, भक्ति और तपस्या के महत्व को समझाने के साथ-साथ हमें जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को भी सिखाती है। इस मौके पर व्यापारी नेता एवं समाजसेवी पटेल अशोक कनौजिया, जिला पंचायत सदस्य शिखा कनौजिया, सतीश वर्मा, पवन वर्मा, राजदीप एडवोकेट, प्रदीप कुमार, कृष्ण मुरारी, रामसेवक प्रियंका समेत दर्जनों श्रोता मौजूद थे।

## इग्नू अध्ययन केन्द्र में सत्र की बढ़ाई गई प्रवेश तिथि

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में जुलाई सत्र के लिए ऑनलाइन प्रवेश शुरू कर दिए गए हैं। इग्नू से अपनी इच्छानुसार पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते है इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केन्द्र-27131, सीजीएन (पीजी) कॉलेज, गोला में बीए/बीकाम/एमए (हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, ग्रामीण विकास, छःमाह के विभिन्न सर्टिफिकेट कोर्स व एक वर्षीय रोजगारपरक डिप्लोमा आपदा प्रबन्धन, ग्रामीण विकास, अनुवाद, खाद्य एवं पोषण आदि में ऑनलाइन प्रवेश प्रारम्भ है। एडमिशन प्रोसेस के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पहदवनंकउपेपवद. उंतजी. मकन.पद पर आवेदन किया जा सकता है। इग्नू में साल में दो सेशन (जुलाई और जनवरी सेशन के लिए एडिमिशन प्रोसेस चलता है।

## दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के बाहर से बनेगी ब्रॉड गेज रेलवे लाइन

- नानपारा रायबोझा के बीच होगा गेज परिवर्तन का काम
- 03.58 करोड़ का बजट पास, अब होगा डीपीआर बनाने का कार्य

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) रेल मंत्रालय ने हिमालय की तराई में रेल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के लिए भीरा रायबोझा (120 किमी.) के मध्य नई लाइन निर्माण तथा मैलानी-भीरा (16 किमी.) एवं नानपारा-रायबोझा (13 किमी.) के आमान परिवर्तन के लिये सर्वेक्षण (फाइनल लोकेशन सर्वे- एफएलएस) को स्वीकृति प्रदान की है ताकि मैलानी से नानपारा के मध्य ब्रॉड गेज की सुविधा उपलब्ध हो सके और यह क्षेत्र देश के ब्रॉड गेज नेटवर्क से जुड़ कर विकास की मुख्य धारा में आ सके। पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में बहराइच और खीरी जिलों में अवस्थित मैलानी-नानपारा मीटर गेज लाइन के मैलानी-भीरा और नानपारा-रायबोझा खंडों का गेज परिवर्तन तथा भीरा एवं रायबोझा के मध्य ह्यदुधवा राष्ट्रीय उद्यानह्य के बाहर से नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस सर्वेक्षण को रुपये 03.58 करोड़ की लागत से मंजूरी दी गई है। फाइनल लोकेशन सर्वे के साथ विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने का कार्य किया जायेगा। इस रेलवे लाइन के ब्रॉड गेज होने से दिल्ली सहित देश के पश्चिमी एवं उत्तरी भाग में जाने के साथ ही पूर्वी भारत से पीलीभीत एवं उत्तराखंड जाने के लिए भी एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हो जायेगा। साथ ही क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा यहाँ के वन्य एवं कृषि उत्पादों को विपणन के लिए देश के महानगरों में सीधी ट्रेन की सुविधा से भेजा जा सकेगा।

## विद्यालय मर्ज किए जाने के विरोध में उतरे अभिभावक और बच्चे



पुवायां, शाहजहांपुर। ग्राम पंचायत महुआ पाठक के ग्राम बलरामपुर में स्कूल का मर्जर किए जाने के विरुद्ध ग्रामवासी आज विद्यालय में एकत्र हुए। सभी अभिभावकों ने कहा कि कक्षा 1 और 2 के बच्चे यातायात से भरी सड़क पर चलके महुआपाठक कैसे जा पाएंगे ? हम सभी कमजोर आय वर्ग के लोग है। अपने काम के लिए सुबह घर से निकल जाते है। एकतरफ नेताओं और अधिकारियों के बच्चों को शिक्षा के लिए सभी सुविधाएं प्राप्त है और दूसरी ओर गांव-गरीब के बच्चे शिक्षा से वंचित किए जा रहे है। गांव के युवाओं ने कहा कि संविधान की धारा 21 ए के अनुसार बच्चों को उनके घर से 1 किमी के दायरे में शिक्षा की सुविधा दी जाए। एकत्रित ग्रामवासियों में रविंद्र सिंह, पूनम देवी, राधा देवी, सरोजिनी देवी, अजीत, महिपाल, सुनीता देवी, सुमन देवी, राधेश्याम, वीर सिंह, गया सिंह अतेंद्र सिंह, कैलाशा देवी, अनीता देवी, राकेश, रमेश, डिप्टी सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, अनुज, राजाराम, साहब सिंह आदि थे।

## सर्वांगीण विकास का रोडमैप तैयार करेगा पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स

लखीमपुर खीरी। ग्राम पंचायतों की प्रगति का आकलन अब आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा। पंचायत स्तर पर चल रही विभिन्न योजनाओं की वस्तुस्थिति को परखने और जरूरत के अनुसार बेहतर योजना निर्माण के लिए ₹पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स₹ पोर्टल एक अहम कड़ी बनेगा। इसी उद्देश्य से गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई।

संक्षेप

## युवक को चाकू मार कर किया घायल

**आजमगढ़।** देवगांव कोतवाली क्षेत्र के बैरीडीह गांव में मामूली विवाद के दौरान एक युवक को चाकू मारकर बुरी तरह घायल कर दिया गया। घायल की पहचान 32 वर्षीय प्रदीप कुमार के रूप में हुई है, जिसे गंभीर हालत में वाराणसी हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना के बाद इलाके में पुलिस सतर्कता बरत रही है। मिली जानकारी के अनुसार, बैरिडीह गांव निवासी प्रदीप कुमार बीती रात में अपने बच्चों के लिए बिस्किट और नमकीन खरीदने गांव के ही सत्यदेव की किराना दुकान पर गया था। दुकान पर उसी समय गांव के निवासी आजम और इमलाक आपस में किसी बात को लेकर झगड़ रहे थे। प्रदीप ने शांति से दोनों के बीच सुलह कराने का प्रयास किया, लेकिन यह कोशिश उस पर भारी पड़ गई। बताया जा रहा है कि प्रदीप के बीच-बचाव से नाराज होकर दोनों ने उसे पकड़ लिया और दुकान के बाहर ही बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि दोनों ने मिलकर प्रदीप पर चाकू से कई वार किए, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग व परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय, लालगंज ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए वाराणसी हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## चार बड़ी चोरियों का नहीं हुआ पर्दाफाश

**जौनपुर।** सुजानगंज थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि उन्होंने 12 दिन के अंदर चार बड़ी चोरियों को अंजाम दिया। इन घटनाओं का आज तक खुलासा नहीं हो सका। इसमें दहेव गांव में 30 लाख की बड़ी चोरी भी है। कुछ वारदातें सीसीकैमरे में कैद हैं। गौर करने वाली बात ये है कि सभी घटनाओं में चोरी का एक ही तरीका है। जैसे रात एक से दो बजे के बीच घटना हुई, 10 मिनट में चोरी कर निकल गए। खिड़की व दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे।12 जुलाई को बारा और दहेव गांव में चोरी हुई थी। तीसरे गांव में करौरा में एक जुलाई को घर से, दो जुलाई को शचिपुरम में प्राथमिक विद्यालय में वारदात हुई। इन मामलों में पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। हर चोरी करने का तरीका लगभग मिलता-जुलता है इससे लग रहा है कि गिरोह काफी सक्रिय है। इन घटनाओं से क्षेत्र में दहशत और डर का माहौल है।

## चलती ई-स्कूटी में लग गयी आग

**जौनपुर ।** नगर के हुसेनाबाद कॉलोनी में गुरुवार को पूर्वान्ह 11 बजे एक चलती ई-स्कूटी में अचानक आग लग गई। टीडी कॉलेज रोड स्थित ऑफिसर कॉलोनी के पास हुई इस घटना में स्कूटी चालक ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचाई। स्कूटी मालिक आलोक सिंह ने बताया कि उन्होंने यह स्कूटी मात्र 10 दिन पहले 35 हजार रुपए में खरीदी थी। वह किसी काम से कालोनी आए थे। अचानक स्कूटी से धुआं निकलने लगा और कुछ ही पलों में वह पूरी तरह आग की चपेट में आ गई। इस घटना में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंची। जिला विकास अधिकारी के आवास से एक कर्मचारी ने पानी की मदद से आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी का कहना है कि उन्हें घटना की सूचना नहीं मिली। घटना के दौरान आसपास के लोग और राहगीर सहम गए। कुछ लोग डरकर दूसरे रास्ते से निकल गए, जबकि कुछ युवक घटना का वीडियो बनाने लगे।

# उप जिलाधिकारी ने किया कनहर बांध का निरीक्षण

### डूब क्षेत्र खाली कर उच्चे स्थानों पर लें शरण, जल्द मिलेगा पुनर्वास पैकेज



**दुद्धी, सोनभद्र।** अमवार कनहर बांध का गुरुवार को एसडीएम निखिल यादव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बांध की बढ़ते जल स्तर को नियंत्रित करने एवं बरतने वाली सावधानियों के बारे में सिंचाई विभाग एवं कार्य दायी संस्था के अधिकारियों से चर्चा की। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कनहर बांध की जलस्तर की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही हैं, जलस्तर बढ़ने पर तत्काल फाटक खोल दिए जाते हैं। इसके बाद एसडीएम ने भिसूर गाँव में डूबने के कगार पर पहुंचे कई घरों को तत्काल घर खाली करके उच्चे स्थानों पर शरण लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार जल्द विस्थापन पैकेज दिया जायेगा। जिनका घर कनहर के पानी के नजदीक हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर विस्थापन पैकेज देने कि प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एसडीएम निखिल यादव ने बताया कि डूब क्षेत्र खाली करने के निर्देश दिए गए है तथा सिंचाई विभाग, कार्यदायी संस्था एवं लेखपालों की टीम बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर बनाएँ हुए है। बचाव एवं सावधानी को लेकर एलर्ट रहने के लिए निर्देश जारी कर दिए गए है। इस दौरान सिंचाई विभाग के जेई नंदलाल, कार्यदायी संस्था के एजीएम संजीव कुमार, सत्यनारायण राजू सहित अन्य मौजूद रहें।

**कनहर बांध जलस्तर में उतार-चढ़ाव जारी**

छतीसगढ़ में रुक-रुक कर हो रहें बरसात से कनहर बांध के जलस्तर में उतार-चढ़ाव जारी है।बुधवार को जल स्तर बढ़ने से भिसूर गाँव के कई परिवारों का घर बाढ़ की पानी से घिरने के करीब पहुंचते ही 8 फाटक खोलें गए तब जाकर बांध का जलस्तर नियंत्रित हुआ और विस्थापित का घर डूबने बच सका, लेकिन जिस तरह बांध की पानी का उतार-चढ़ाव जारी है उससे भिसूर गाँव के विस्थापितों का खतरा टलता हुआ नही दिख रहा है।

**बिना पुनर्वास पैकेज के घर छोड़ने को तैयार नही विस्थापित :** कनहर डूब गाँव भिसूर के विस्थापित बिना पैकेज के घर छोड़ने को तैयार नही है, जबकि तहसील प्रशासन लगातार विस्थापितों को समझा-बुझाकर घर खाली कराने की कोशिश में जुटे हुए है लेकिन विस्थापित अपनी जिद पड़े अड़े है कि जब तक पैकेज नही दिया जाता तब घर खाली नही करेंगे। हालांकि गुरुवार को एसडीएम निखिल यादव मौके पर पहुंच दो-तीन विस्थापितों को समझाने कि कोशिश की और कहा कि दो से तीन दिन में विस्थापन पैकेज मिल जायेगा।

## नगर से गांव तक बाढ़ जैसे हालात जन-जीवन हुआ अस्त-व्यस्त

**मीरजापुर।** जिले में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। मिजार्पुर में मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक गरज के साथ बौछारें और 70-80% बारिश की संभावना जताई है, जिसमें तापमान 31-34 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। सड़कों पर जलजमाव व नदियों के उफान से यातायात और सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मिजार्पुर में कई क्षेत्रों में पानी भरने की खबरें हैं, जिसके चलते जिलाधिकारी के निर्देश पर स्कूलों को बंद कर दिया गया है। सर्वाधिक गंभीर स्थिति नगर के उन इलाकों की होनी बताई जा रही है जहां हल्की बरसात में भी जल प्लावन का नजारा दिखाई देने लगता है वहां पिछले तीन दिनों की बारिश ने बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न कर दी है। ग्रामीण क्षेत्रों की और भी बुरी स्थिति बताई जा रही है। कई गांवों में सम्पर्क मार्ग, रपटा, पुलिया बहने से आवागमन बाधित हुआ है। जिससे कई गांवों में सम्पर्क बाधित हुआ है। मिजार्पुर के हलिया क्षेत्र में 24 घंटे से हो रही भारी बारिश के चलते अदवा नदी उफान पर है वहीं हलिया-हथेडा संपर्क मार्ग पर बनें पुल के ऊपर से पानी बहने से आवागमन बाधित हुआ है। पुल के रेलिंग पानी में डूबने से नदी में हुए अतिक्रमण की वजह से इस पर खतरा मंडराने लगा है। दूसरी ओर अदवा नदी किनारे बने घरों में बरसात का पानी आ जाने से लोगों का बुरा हाल हो रहा है तो वहीं आवागमन बाधित हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार बताया जा रहा है कि मॉनसून रेखा मिजार्पुर के ऊपर सक्रिय है, जिसके कारण हवाओं की गति 10-15 किमी प्रति घंटा तक रह सकती है। इसके प्रभाव से अगले 24-48 घंटों में भारी बारिश और गरज के साथ आंधी की संभावना है। दूसरी ओर जिला प्रशासन ने लोगों से नदियों और निचले इलाकों से दूर रहने की सलाह दी है, साथ ही आपातकालीन सेवाओं को अलर्ट पर रखा गया है, ताकि किसी भी विषम स्थिति में मोर्चा संभाला जा सकें। गंगा नदी सहित अन्य पहाड़ी नदियों में बाढ़ की विषम स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मातहतों खासकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए अलर्ट रहने को कहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। पिछले तीन दिनों से हुई अनवरत बरसात में नगर के सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है जाम पड़े नल और नालियों में बरसात का पानी आते ही कई घरों में नाली का गंदा पानी प्रवेश कर गया है तो वही कचरे के ढेर और गंदगी के मारे उठने वाली दुर्गंध से भी लोगों का बुरा हाल होने लगा है नगर के कई निचले हिस्सों में भारी जल जमाव और कचरा के ढेर बीमारियों को बढ़ावा देने के लिए आतुर हो उठें हैं।

## एडीएम ने नपा बिलरियागंज का औचक निरीक्षण किया



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी के आदेश के अनुक्रम में अपर जिलाधिकारी वि/रा गम्भीर सिंह द्वारा नगर पालिका परिषद् बिलरियागंज का औचक निरीक्षण किया गया। अपर जिलाधिकारी वि/रा द्वारा नगर पालिका बिलरियागंज में सड़क के किनारे सूखे पेड़, झाड़ व जगह-जगह उगे घास को कटिंग कराने हेतु निर्देशित किया गया। मार्ग प्रकाश व्यवस्था के तहत लगी कुछ लाइटें खराब पायी गयी, जिन्हें तत्काल बदलने हेतु अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया गया। अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर पालिका में तीन टाइम सफाई कार्य कराया जाता है, जिसके क्रम में निरीक्षण के दौरान सफाई संतोषजनक पायी गयी। नपा बिलरियागंज में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो पात्र लाभार्थी हैं और उनके द्वारा आवेदन नहीं किया गया है, उसके सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी वि/रा ने निर्देश दिया कि टीम गठित कर ऐसे पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कराकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी वि/रा द्वारा एमआरएफ सेन्टर की जांच की गयी। जांच के दौरान सूखे कूड़े की झटाई करते हुए कर्मचारी पाये गये तथा उक्त एमआरएफ सेन्टर क्रियाशील अवस्था में पाया गया। उन्होने एमआरएफ सेन्टर के चहारदीवारी के चारों तरफ पेड़ लगवाये जाने के निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी वि/रा द्वारा नगर पालिका स्थित वार्ड संख्या 25 शेखूपुर में रामाश्रय के घर से रमई के घर होते हुए सीसी रोड तक इण्टरलांकिग कार्य का निरीक्षण किया, कार्य संतोषजनक पाया गया।निरीक्षण के दौरान प्रदीप शुक्ला, अधिशासी अधिकारी, नपाबिलरियागंज, कोमल पासवाल, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि, फखरे आलम, सभासद प्रतिनिधि, विजय बहादुर यादव, लिपिक व अन्य नगरवासी उपस्थित थे।

## पेड़ पर लटकी मिली गायब युवक की लाश

**जौनपुर।** जिले के सुजानगंज थाना क्षेत्र के नारीपुर गांव निवासी माता दयाल गौतम के 18 वर्षीय पुत्र अर्जुन की लाश मिश्राइन पट्टी गांव के पश्चिम में शीशम के पेड़ पर लटकी मिली। गुरुवार सुबह की इस घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। उसकी जेब से मोबाइल भी बरामद हुआ है। परिजनों के अनुसार अर्जुन की मतरी गांव की एक लड़की से बातचीत होती थी। लड़की के परिवार की ओर से उन्हें लगातार धमकियां मिल रही थीं। बताते है कि घटना 15 जुलाई की शाम की है। परिवार के सदस्य पड़ोस में एक बर्थडे पार्टी में गए थे और अर्जुन घर पर अकेला था। किसी के बुलावे पर वह घर से निकला और फिर लौटकर नहीं आया। परिजनों ने उसे काफी खोजा और 16 जुलाई को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लिया। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की सही स्थिति स्पष्ट होगी।

## 33 दुकानों पर छापा, सात उर्वरक लाइसेंस निलम्बित

**जौनपुर।** जिले में तहसीलवार एसडीएम व कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम गठित कर सभी 33 उर्वरक की दुकानों पर छापा मारा गया। इस दौरान उर्वरक की सात दुकानें बंद पाए जाने पर उनके लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। वहीं 17 नमूने लिए गए जबकि चार प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया ?जिला कृषि अधिकारी विनय सिंह ने बताया कि किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक मिले इसके लिए केराकत क्षेत्र में सीडीओ, एसडीएम, बीडीओ, केराकत व कृषि विभाग द्वारा संयुक्त रूप से तहसील केराकत में बहुद्देशीय साधन सहकारी समिति नरहन का निरीक्षण किया। तहसील मड़ियाहूं में भूमि संरक्षण अधिकारी तहसील शाहगंज में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए एवं तहसील सदर में उप कृषि निदेशक के नेतृत्व में छापे की कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों के स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर, उर्वरक प्राधिकार पत्र, पीओएस मशीन के सापेक्ष स्टॉक, रेट एवं स्टॉक बोर्ड जांच की गई। कुल 33 उर्वरक बिक्री प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, 17 नमूने लिए गए गये एवं सात उर्वरक लाइसेंस निलम्बित किया गया। जबकि चार प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी की गयी।

# स्कूलों का विलय सरकार को वापस लेना चाहिए : अमित



**जौनपुर।** समाजवादी मजदूर सभा बैठक आयोजित हुई जिसमें बीजेपी सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों को बंद करने के निर्णय के विरोध किया गया तथा 22 जुलाई को जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। मुख्य अतिथि अमित यादव राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी मजदूर सभा ने कहा कि पूर्व में सरकारें हर एक कोस पर पाठशाला का निर्माण कराती थी ताकि शिक्षा का स्तर बढ़ सके लेकिन वर्तमान की योगी सरकार पाठशाला के बजाय हर एक कोस पर मधुशाला बना रही हैं। भाजपा का उद्देश्य पीडीए समाज को शिक्षा से दूर रखना हैं। ग्रामीण अंचलों में प्राथमिक विद्यालय का दर्जा अत्यंत ऊंचा हैं। गांव में सरकारी विद्यालय विकास मार्ग का मील का पत्थर हैं। ग्रामीणों की भावना जुड़ी हुई हैं। अगर किसी विद्यालय में छात्र कम हैं तो उसका जिम्मेदार सरकार स्वयं हैं। उन कमियों को तलाशना चाहिए जिससे छात्रों का रुझान सरकारी विद्यालयों में बढ़ाया जा सके। कहा कि सरकारी विद्यालयों का मर्जर न्यायपूर्ण और तर्कसंगत नहीं हैं इसलिए सरकार को इस निर्णय को वापस लेना चाहिए। राम प्रताप बिंद जी और विशाल कनौजिया को जिला उपाध्यक्ष मजदूर सभा का बनाया गया। रमाशंकर चैहान को जिला सचिव और सादिक अली को जिला कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया और साहब लाल बिंद को विधानसभा शाहगंज का सचिव मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता मनोज कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष और संचालन मंजय कनौजिया ने किया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती सीमा खान राष्ट्रीय सचिव साथ ही प्रदीप यादव जिला उपाध्यक्ष और अखिलेश यादव जफराबाद विधानसभा अध्यक्ष और साथ में तौसीफ सिद्दीकी और मेहंदी लाल आदि उपस्थित रहें।

## बजरंग त्रिपाठी का निधन, आज भी बंद रहेंगे शिक्षण संस्थान



**आजमगढ़।** प्रमुख शिक्षाविद एवं समाजसेवी बजरंग त्रिपाठी जी के असामयिक निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसआई) से संबद्ध विद्यालयों के संगठन एवं यू.पी. बोर्ड संबद्ध विद्यालयों के संगठन ने कल एक दिवसीय शोक संवेदना कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर जिले के सभी सीबीएसई, आईसीएसई, यू पी बोर्ड सहित सभी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में शिक्षण कार्य स्थगित रहेगा। यह निर्णय संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव, मंडल अध्यक्ष शिव गोविंद सिंह, अयाज अहमद खान, प्रदूम्न जायसवाल, अशोक खंडेलिया, आलोक जायसवाल, गौरव अग्रवाल, नितिन गौंड, संजय पाठक, देवी प्रसाद मौर्य, उमेश चैहान, रमाकांत वर्मा एवं अनिल यादव जिले के सभी विद्यालय प्रबंधकों की उपस्थिति में विचार-विमर्श के उपरांत लिया गया। सभी ने शिक्षाविद त्रिपाठी जी के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए गहरा दुख व्यक्त किया। संगठन की जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि दिवंगत आत्मा की शांति हेतु कल सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य भाग लेंगे। बजरंग त्रिपाठी ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना संपूर्णह्न जीवन समर्पित कर दिया था। उनकी शिक्षण पद्धति, अनुशासन और छात्रों के प्रति समर्पण भाव को सदैव स्मरण किया जाएगा।

# समीक्षा बैठक में डीएम ने कसे मातहतों के पेंच



**आजमगढ़।** डीएम रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यक्रमों से संबंधित सीएम डैशबोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने विभागीय कार्यक्रमों में बी, सी, डी एवं ई ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों की समीक्षा की। डीएम ने परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देशित किया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत जिन नगर पंचायत या नगर पालिकाओं से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, वहां पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पीएम सूर्य घर के लाभार्थियों को लाभान्वित कराने हेतु वेण्डरों को निर्देशित किया जाए। उन्होने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि ओडीओपी योजना के अंतर्गत जितने भी लाभार्थियों का आवेदन बैंकों में लंबित है, उनका बैंकवार/ ब्रांचवार विवरण तैयार किया जाए तथा लाभार्थियों को बुलाकर उनके साथ बैठक करके किस ब्रांच और किस बैंक में उनका आवेदन लंबित है, उसकी जानकारी प्राप्त करें व उनके आवेदनों का यथाशीघ्र निस्तारण कराया जाए। इसके संबंध में भी एक पंपलेट बनाया जाए, कि ओडीओपी योजना से क्या लाभ होता है तथा सीएम युवा योजना के अंतर्गत क्या लाभ प्राप्त होता है, दोनों का तुलनात्मक विवरण स्पष्ट अंकित किया जाए। बैठक में पाया गया कि अवधेश कुमार सिंह ग्राम पंचायत सचिव विकासखंड लालगंज द्वारा अपनी ग्राम पंचायत में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष शून्य व्यय किया गया है, जिस पर डीएम ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि इन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया जाए। इसके साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में कार्यरत डीसी द्वारा अवगत कराया गया कि विकासखंड फूलपुर में ग्राम पंचायत सचिव शैलेंद्र द्वारा चार लाख धनराशि रिसीव करने के सापेक्ष 24 लाख धनराशि रिसीव की गई तथा विकासखंड पवई के ग्राम पंचायत सचिव संजय कुमार द्वारा 110000 धनराशि रिसीव करने के सापेक्ष 11 लाख की धनराशि रिसीव की गई। जिस पर डीएम ने सीडीओ को निर्देश दिया कि तीनों सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जनपद में कुल 27 परियोजनाएं पर अभी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, जिसके अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की 1, माध्यमिक शिक्षा विभाग की 1, समाज कल्याण विभाग की 2, गृह विभाग की 5, व्यावसायिक शिक्षा की 02, आयुष विभाग की 02, पूर्वांचल विकास नीति राज्यांश की 07, पर्यटन विकास की 3 तथा नगर विकास की 4 परियोजनाओं पर कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित को निर्देश दिया कि इन 27 अनारंभ परियोजनाओं में से 07 परियोजनाएं जिन पर समस्या है, को छोड़कर शेष 20 परियोजनाओं पर कार्य प्रारंभ हो जाना चाहिए। जनपद में 50 करोड़ से ऊपर की कुल चार परियोजनाएं के संबंध में कार्यदायी संस्थाओं को अवगत कराया गया कि सभी कार्यों को प्रारंभ कराया जाए। अगवत कराया गया कि गोलाघाट पर सेतु निगम का कार्य वर्षा बाद प्रारंभ होगा। जनपद में कुल 17 परियोजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, परंतु अभी तक हैंडओवर नहीं हो पाई है, के संबंध में डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि 15 दिनों में पूर्ण परियोजनाओं में जो भी छोटी-मोटी कमियां है, उसको दूर कर संबंधित विभाग को हैंडओवर कर दिया जाए। डीएम ने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन विभागों के कार्यक्रमों में जनपद को ए प्लस ग्रेड या ए ग्रेड प्राप्त है, वह उसे बनाए रखें तथा जिन विभागों के ग्रेड बी, सी, डी तथा ई आया है, वह प्रयास कर अपनी विभाग की प्रगति बढ़ाते हुए रैंकिंग में सुधार लाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि यदि इसमें कोई समस्या आती है तो स्वयं आकर अवगत कराएं, अन्यथा की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि आप द्वारा अपने कार्यों में रुचि नहीं ली जा रही है।

## विवेकानंद पुस्तकालय में 21 प्रशिक्षुओं ने कार्यभार संभाला



**जौनपुर।** पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में प्रशिक्षुओं का नया प्रभात उत्साह, अनुभव और उम्मीदों की रोशनी लेकर आया। विश्वविद्यालय एवं नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग बोर्ड, कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में चयनित 21 नवप्रवेशी प्रशिक्षुओं ने कार्यभार ग्रहण किया, वहीं पूर्व प्रशिक्षुओं ने सफलता पूर्वक एक वर्षीय प्रशिक्षण पूर्ण कर प्रमाणपत्र प्राप्त किए।पूर्व प्रशिक्षुओं ने साझा किया कि जब वे यहां आए थे, तो उनके पास केवल पुस्तकीय ज्ञान था, लेकिन यहां से विदा होते समय वे पुस्तकालय संचालन के हर पहलू में दक्ष हो चुके हैं। टाइम मैनेजमेंट, बुक्स की एक्सिसनिंग, प्रोसेसिंग, सर्कुलेशन, औरै व्न्स सॉफ्टवेयर जैसे तकनीकी अनुभवों ने उनके व्यक्तित्व को निखार दियो।प्रो. राजकुमार ने नियुक्तिपत्र एवं प्रमाणपत्र वितरित करते हुए सभी प्रशिक्षुओं को आशीर्वाद दिया। प्रभारी डॉ. इंद्रेश कुमार गंगवार ने जहां नवप्रवेशियों का स्वागत किया, वहीं पूर्व प्रशिक्षुओं को भावपूर्ण विदाई दी। विदाई समारोह में अवधेश प्रसाद, मसूदुल हसन खान, शशांक, विकास, नीरज, जयचंद, दीपिका , उपासना, वरूणा, खुशी, पूनम, प्रिया सिंह यादव आदि अन्य लोगों उपस्थित थे।

## एनटीपीसी रिहंद में टॉपर विद्यार्थियों के सम्मान व संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**बीजपुर, सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद परिसर स्थित केन्द्रीय विद्यालय, डीएवी पब्लिक स्कूल एवं सेंट जोसेफ विद्यालय के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन शिवालिक अतिथिगृह में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव द्वारा परंपरागत रूप से किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने सभी टॉपर विद्यार्थियों का रोज बड देकर अभिनंदन किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को विशेष प्रस्तुतीकरण के माध्यम से साझा किया गया। कार्यक्रम की विशेषता ह्यखुले मंच संवाद सत्रह्न रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने परियोजना प्रमुख से अपने जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। श्री श्रीवास्तव ने सभी प्रश्नों का सहज, प्रेरणात्मक उत्तर देते हुए विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। समारोह के दौरान सभी टॉपर विद्यार्थियों को मेमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं में सेंट जोसेफ विद्यालय की मैत्रयी ने 95.6:, डीएवी के सुमित केशरी ने 95.2: एवं केन्द्रीय विद्यालय के मोहित कुमार ने 91.4: अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग में डीएवी की ईशिता सिंह ने 97.2:, सेंटजोसफ के ईशान कुमार ने 94: एवं केन्द्रीय विद्यालय की अनामिका कुमारी ने 87: अंक अर्जित किए। वाणिज्य वर्ग में डीएवी की वंशिका श्रीवास्तव ने 93.8: तथा केन्द्रीय विद्यालय के ध्रुव गुप्ता ने 78: अंकों के साथ टॉप किया। उल्लेखनीय रूप से, सेंट जोसेफ विद्यालय के ईशान कुमार ने श्रम्म्एडवांस परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 2496 प्राप्त कर आईआईटी पटना में कंप्यूटर साइंस शाखा में प्रवेश लेकर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। अपने समापन संबोधन में परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें राष्ट्र का भविष्य बताया तथा जीवन में निरंतर सीखते रहने की प्रेरणा दी।

# एनसीएल ने किया एक्सटेंशन बिल्डिंग का उद्घाटन




**सोनभद्र।** सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने गत बुधवार को निगाही परियोजना स्थित डीपीएस एक्सटेंशन बिल्डिंग का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबन्धक (निगाही), सुमन सौरभ, स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन), गौरव वाजपेयी एवं परियोजना जेसीसी सदस्य एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी व विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। वर्तमान में एनसीएल की निगाही परियोजना स्थित डीपीएस विद्यालय में 1440 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। एनसीएल द्वारा नवनिर्मित एक्सटेंशन बिल्डिंग में 17 आधुनिक कक्षाएँ एवं 500 लोगों की क्षमता का अत्याधुनिक ऑडिटोरियम शामिल हैं जिससे विद्यालय के नवनिर्मित भवन से अब 360 और विद्यार्थियों को पढ़ने का अवसर मिलेगा। इस दौरान अपने उद्बोधन में सुमन सौरभ ने कहा कि एनसीएल अपने वित्त पोषित विद्यालयों के माध्यम से सिंगरौली परिक्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवा रही है। इसके अतिरिक्त उन्होने कहा कि डीपीएस विद्यालय के भवन विस्तार से और स्थानीय क्षेत्र के और अधिक जरूरतमन्द बच्चों को विद्यालय में नामांकन लेने का सुअवसर मिलेगा। गौरतलब है कि एनसीएल अपने 11 वित्त पोषित विद्यालयों के माध्यम से कर्मियों के बच्चों सहित स्थानीय क्षेत्र के 14,000 से अधिक बच्चों को शिक्षा प्रदान कर उनका भविष्य संवार रही है। हाल ही में एनसीएल ने निगाही परियोजना स्थित डीएवी एक्सटेंशन बिल्डिंग का शुभारंभ किया है जिसमें 24 आधुनिक कक्षाएँ एवं प्रयोगशालाएँ शामिल हैं।

**एनसीएल की 40वीं वार्षिक आम बैठक सम्पन्न**

**सोनभद्र।** गुरुवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की 40वीं वार्षिक आम बैठक सिंगरौली स्थित मुख्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पी. एम. प्रसाद, एनसीएल सीएमडी बी. साईराम, निदेशक (मानव संसाधन) कोल इंडिया, विनय रंजन, एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीक) सुनील प्रसाद सिंह, कंपनी सचिव (कोल इंडिया) बी. पी. दूबे, कंपनी सचिव (एनसीएल) सुशांत पांडा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनी की गतिविधियों व प्रदर्शन का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। एनसीएल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोयला उत्पादन, प्रेषण, अधिभार हटाव जैसे भौतिक पैमानों के साथ वित्तीय मानकों पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

## भारी बारिश से जनजीवन हुआ प्रभावित, नदी नाले उफान पर

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज क्षेत्र में बुधवार शाम से हो रही बारिश बंद होने का नाम नही ले रही है। भारी बारिश से क्षेत्र के नदी नाले उफान पर आ गए हैं। क्षेत्र के ड्रमंडगंज हलिया मार्ग स्थित सुखनई नदी के पुल के ऊपर पानी बहने से सुबह से आवागमन बाधित है। सुरक्षा की दृष्टि से पुल के दोनों ओर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। बबुरा रघुनाथ सिंह गांव स्थित मछेहुआ नाले में आई बाढ़ से ग्रामीणों का आवागमन ठप हो गया है।ड्रमंडगंज स्थित न्यू पीएचसी में नाले का पानी अस्पताल में घुसने से स्वास्थ्य कर्मियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नाले में आई तेज बाढ़ से रात में ही स्वास्थ्य कर्मियों के आवास में पानी भर गया है जिसके चलते स्वास्थ्य कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज का परिसर जलमग्न हो गया है। कंपोजिट विद्यालय ड्रमंडगंज के कमरों के भीतर नाले का पानी पानी घुसने से जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ड्रमंडगंज देवहट मार्ग पर जलजमाव होने से स्थानीय लोगों के अलावा राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सेमरा कलां गांव में सेवटी नदी में आई तेज बाढ़ से अंत्येष्टि स्थल की चहारदीवारी धराशाई हो गई। सेमरा कलां घरों में पानी घुसने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में बारिश से हालत बिगड़ते जा रहे हैं। बबुरा खुर्द गांव निवासी कल्लू चौरसिया का कच्चा मकान का एक हिस्सा धराशाई हो गया घर के भीतर रखा गृहस्थी का सामान दबकर नष्ट हो गया।खोदाईपुर गांव निवासी झड़ंगी भूंज के रिहायशी कच्चे मकान पर रात में नीम का विशालकाय पेड़ गिर पड़ा संयोग था कि मकान के भीतर सो रहे परिवार का कोई सदस्य दुर्घटना का शिकार नहीं हुआ। पेड़ गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। क्षेत्र के नदी नालों का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है।जिससे चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है।

संक्षेप

## कृषि विज्ञान केन्द्र में फील्ड लेवल कार्मिको की बैठक सम्पन्न

**बहराइच** । कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच में कृषि विभाग के फील्ड लेवल कार्मिको की बैठक उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी बहराइच शिशिर कुमार वर्मा, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए व बी तथा जिले के सभी ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर, बीटीएम उपस्थित रहे। उप निदेशक कृषि ने विभाग में चल रही योजनाओं की समीक्षा की तथा सभी कर्मचारियो को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होनें जिले में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान सभी ग्रुप बी को निर्देश दिया कि फील्ड विजिट कर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अधिक से अधिक किसानों का बीमा कराने हेतु प्रेरित करें ध्यान रहे 31 जुलाई 2025 प्रधानमंत्री फसल बीमा करने की अंतिम तिथि है, इसके पूर्व किसानो को अधिक से अधिक फसल बीमा से जोड़ना है। डीडी एग्रीकल्चर ने उपस्थित वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए को निर्देश दिया कि तहसील स्तर पर उपस्थित होकर सभी कर्मचारियों की दय-नंदानी का अवलोकन करें, तथा उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

# सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय के लिए तहसीलों में भूमि चिन्हित

जिला संवाददाता

**कुशीनगर**। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सुविधाओं को लेकर उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रत्येक जनपद में एक ऐसे विद्यालय स्थापित करने की है, जिसमें प्रत्येक विद्यालय पर लगभग 25- 30 करोड़ रुपए खर्च होंगे और वे स्मार्ट क्लास रूम, डिजिटल लाइब्रेरी, प्रयोगशालाओं सहित सभी आधुनिक सुविधाओ से लैस होंगे। यह परियोजना शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी।

### मॉडल कंपोजिट विद्यालय की क्या है विशेषताएं

डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि इस विद्यालय में प्री प्राइमरी से कक्षा 12 तक की कक्षाएं संचालित होंगी। इसके अंतर्गत माध्यमिक वर्ग अंतर्गत विज्ञान गणित, वाणिज्य एवं कला वर्ग की विषयवार कक्षाओं का आधुनिक अवस्थापनाओं एवं शैक्षणिक संसाधनों के साथ संचालित की जाएंगी, परियोजना शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी। उक्त विद्यालय भवन में लगभग 1500 छात्र-छात्राओं को आधुनिकतम शैक्षणिक परिवेश में शिक्षित किए जाने के उद्देश्य से 30 कक्षा कक्षों से युक्त विद्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा। मॉडल कंपोजिट विद्यालय में कक्षा 1 से 12 तक की पृथक-पृथक कक्षाओं का संचालन किया जाएगा साथ ही कक्षा 11 एवं 12 के लिए विज्ञान कला एवं गणित विषयों के लिए पृथक-पृथक कक्षाओं का प्राविधान किया जाएगा, इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा कक्ष में बच्चों को डिजिटल एजुकेशन प्लेटफॉर्म एवं डिजिटल लर्निंग के माध्यम से गुणवत्ता परक शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु स्मार्ट क्लास की स्थापना एवं डिजिटल उपकरणों की व्यवस्था की जाएगी।

### विद्यालय भवन को न्यूनतम 05 एकड़ एवं अधिकतम 10 एकड़ के भू स्थल पर है प्रस्तावित

डीएम ने बताया कि मॉड्यूलर कंपोजिट - मैथ, विज्ञान, लेबोरेट्री, मॉड्यूलर फिजिक्स, केमेस्ट्री और बायोलॉजी लेबोरेट्री, कंप्यूटर लैब, भाषा लैब सॉल्यूशन, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक हेतु अलग अलग पुस्तकालय, सेपरेट स्टाफ रूम पुरुष/महिला, प्रधानाचार्य कक्ष, ऑफिस /रिकॉर्ड रूम, सीसी टीवी कैमरा, कंट्रोल सिक्योरिटी सेंटर, 300 व्यक्तियों की क्षमता से युक्त ऑडिटोरियम हाल, म्यूजिक रूम, एन सीसी रूम मल्टी एक्टिविटी रूम, रोबोटिक लर्निंग सेंटर, मेडिकल कक्ष, क्राफ्ट रूम, प्रतिदिन लगभग 1000



बच्चों के लिए भोजन को स्वच्छतापूर्वक एवं शुद्धता के साथ पकाने के उद्देश्य एक मॉड्यूलर किचन, 1000 बच्चों हेतु मिड डे मिल डायनिंग हाल, ओपन जिम, रेस ट्रैक, वालीबाल/बैडमिंटन कोर्ट, साइकिल पार्किंग, सोलर प्लांट, आर ओ वाटर शीतल पेय जल, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, दिव्यांग जनों हेतु रैम्प,, आदि आधुनिक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त खेल गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थल के साथ असेंबली स्थल और सपोर्ट ग्राउंड का विकास किया जाएगा तथा एक अस्थाई स्टेट के साथ झंडा फहराने और बच्चों के परदे मार्च के लिए समुचित स्थान होगा इसके अतिरिक्त बच्चों के खेलकूद के लिए विभिन्न प्रकार के झूलों ओपन जिम के भी स्थापना की जाएगी।

- प्रति विद्यालय में 25–30 करोड़ की अनुमानित लागत: डीएम
- विद्यालय स्थापना हेतु 05 से 10 एकड़ भूमि की है आवश्यकता
- परियोजना शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी: डीएम

डीएम ने शासन के उक्त निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त तहसीलों में भूमि चिन्हित किए जाने हेतु पूर्व में समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम में तहसील पडरौना हेतु ढोरही ग्रामपंचायत में 29000 वर्ग मीटर, तमकुहीराज के ग्राम पंचायत रजवटिया में 22257 वर्ग मीटर, कसया अंतर्गत नदवा विशुनपुर में 34398 वर्ग मीटर, हाटा अंतर्गत ग्राम पंचायत मुजहना हेतिमपुर में 21120 वर्ग मीटर, कप्तानगंज अंतर्गत अमडरिया में 43750 वर्ग मीटर, खड्डा अंतर्गत नवल छपरा में 27480 वर्ग मीटर, भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है।

डीएम द्वारा उक्त चिन्हित भूमि से संबंधित समस्त विवरण सहित शासन से बजट आवंटन हेतु मांग पत्र प्रेषित की गई है, ताकि शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जा सके।

## वांछित अभियुक्त अवैध देशी तमंचा व जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार

**देवरिया**। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम हेतु वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीरामपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 129/2025 धारा 126(2),352,351(3) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त नितिश कुशवाहा पुत्र रामइकबाल कुशवाहा साकिन कड़सरवा खुर्द थाना श्रीरामपुर को मुखबिर की सूचना पर मैदनिया पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी अवैध तमंचा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। मालूम हो कि 11 जुलाई को पवन कुमार मिश्र पुत्र अनिल कुमार मिश्र निवासी बलिवन टोला मिश्रौली थाना श्रीरामपुर ने थाना पर तहरीर देकर अवगत कराया था कि 10 जुलाई की रात्रि में बलिवन चौराहा स्थित अपने समाचार पत्र के प्रकाशन कार्यालय पर जाने के दौरान रास्ते में उनकी चारपहिया वाहन को अभियुक्त नितिश कुशवाहा द्वारा अपने 3 साथियों के साथ मिलकर उनकी गाड़ी रोकवाकर उनपर पिस्टल तानकर गाली-गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

इस सम्बन्ध में श्रीरामपुर पुलिस ने अभियुक्त नितिश कुशवाहा व उसके 3 साथियों के विरूद्ध मु0अ0सं0 129/2025 धारा 126(2),352,351(3) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचना की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. बलराम सिंह, पुनित यादव, विनय कुमार और अशोक कुमार शामिल रहे।

## रुद्रपुर क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से दो भैंसों की मौत

**देवरिया**। रुद्रपुर तहसील अंतर्गत गांव वरदगोनिया में आज दोपहर हुई तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की दो भैंसों की मौके पर ही मौके पर ही मौत हो गई ।घटना के समय भैसें किसान के दरवाजे पर बधी थी ।बतलाया गया है कि त्रिलोकी मौर्य जो एक गरीब किसान है।

बारिश के दौरान दरवाजे के पास गिरी बिजली की चपेट में दोनों भैंसे आ गई ।घटना की जानकारी ग्राम प्रधान द्वारा हल्का लेखपाल को दी गई नेपाल ने उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया उधर ग्रामीणों ने किसान माली हालत देखते हुए उसे आर्थिक मदद देने की मांग की है।

## विद्युत मेगा महाशिविर कैंप का हुआ आयोजन, 123 प्रकरणों का निस्तारण

**देवरिया**। विद्युत वितरण खंड गौरी बाजार के अंतर्गत पुराने बस स्टेशन पर विद्युत मेगा महा शिविर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें उपभोक्ताओं के विद्युत बिल संबंधित नए संयोजन संबंधित, विद्युत चोरी संबंधित कुल 211 प्रकरणों का पंजीकरण किया गया।

इस दौरान कुल 123 प्रकरणों का तत्काल निस्तारण किया गया। कैंप का निरीक्षण अधीक्षण अभियंता अमित कुमार सिंह तथा उपमुख्य लेखा अधिकारी लेखा अधिकारी पीके अग्रवाल ने किया। कैंप में अधिशासी अभियंता गौरी बाजार ऋषिकेश सिंह यादव एवं सभी उपखंडों के उपखंड अधिकारी व लिपिक, लेखाकार उपस्थित रहे।

उक्त कैंप 18 जुलाई एवं 19 जुलाई को भी आयोजित किया जाएगा। त्वरित समाधान हेतु उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि बचे हुए दो दिनों में कैंप में पहुंचकर अपने शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराए।

## बरियारपुर पुलिस ने दुष्कर्म का प्रयास करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**देवरिया**। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सलेमपुर दीपक शुक्ल के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बरियारपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0-229/2025 धारा 65(2), 62 बीएनएस0 व 5ट/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित पीड़िता के ही गाँव का रहने वाला नामजद अभियुक्त रजबुद्दीन अंसारी पुत्र मकसुद्दीन को विगत रात्रि में मुखबिर की सूचना पर लंगड़ा-धुंसवा मार्ग के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष त्रिवेन्द्र कुमार मौर्य, अखिलेश गुप्ता, प्रदीप कुमार और अजय यादव शामिल हैं।

## यूपी में बिजली व्यवस्था ध्वस्त: विजय रावत

**बरहज, देवरिया**। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने भ्रष्ट बिजली विभाग के खिलाफ पुतला फूँक विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा कि प्रदेश में बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी हैं। बिजली कटौती आम जनता का बुरा हाल हैं।

बिजली विभाग इसे सुधारने के बजाय जनता के ऊपर अधिक बिजली बिल और स्मार्ट मीटर का बोझ डालते जा रहा हैं। भाजपा सरकार को आम जनता के समस्या से कुछ लेना देना नहीं है।

भाजपा सरकार विकास विरोधी के साथ जन विरोधी सरकार है। जल्द ही विद्युत व्यवस्था ठीक नही हुई तो समाजवादी पार्टी आन्दोलन करने का काम करेगी। इस दौरान विपिन सिंह, विकास यादव, राहुल सिंह, राजेश, अनिकेत तिवारी, संजय कुमार, आकाश कुमार मौजूद रहे।

# झमाझम वर्षा से किसानों के चेहरे खिले: सूख रही फसल को मिला जीवन

जिला संवाददाता

**देवरिया** । आज जिले में हुई झमाझम बारिश से वर्षा की आस लगाए किसानों के चेहरे खिल गए हैं ।पिछले एक पखवाड़े में अवर्षण से एक तरफ जहां खेतों में पानी चलाकर रोपी गयी धान की फसल सुख रही थी वहीं रोपाई भी प्रभावित हो रही थी ।आज हुई झमाझम बारिश ने खेतों में सुख रही फसल में जान डाल दी और धान की रोपाई भी शुरू हो गई। अवर्षणऔर तेज धूप के कारण खेतों में धान की रोपाई मुश्किल हो रही थी कई जगह खेतों में धान रोपटे समय मजदूरों के बेहोश होकर गिरने और अस्पताल पहुंचने तक की सूचनाऐं मिली थी ।अब जबकि मौसम सुहाना हो गया है और वर्षा के कारण खेतों में पलावे के लिए पानी भी कम लग रहा है तो छोटे और साधनविहीन किसान अपने खेतों में सिंचाई कर धान की रोपाई में जुट गये है। आज सुबह से ही वर्षा की उम्मीद लगी रही और दोपहर होते-होते झमाझम बारिश हुई जिससे मौसम भी सुहावना हो गया गर्मी उमस से उबल रहे शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को तापमान गिरने से राहत मिली है। वहीं हमेशा से चली आ रही मान्यता की सावन मास में भगवान को जल चढ़ाते ही वर्षा होती रही है। शिवभक्त इसे अपनी भक्ति का प्रसाद मैन रहे हैं ।विदित हो कि शुखे और गर्मी के कारण कांवड़ियों को भी कष्ट उठाना पड़ रहा था ।जानकारों का उँ१३ है की मानसून का रुख हिमालय के मैदानी भागों की तरफ होने से आने वाले दिनों में वर्षा होने की संभावना बढ़ चली है । अवर्षण और तेज गर्मी उमस से बिजली की खपत शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो तक बढ़ने से आपूर्ति चरमरा गई थी अब इसमें भी सुधार की उम्मीद बाद गयी है ।

आज हुई वर्षा से अकबर फिर शहर के विभिन्न मुहल्लों में कचड़े से भरे नालों ,नालियों के उफनने से जगह जगह सड़कें पानी मे दुब गयीं ।नालों की सफाई के बाद सड़क पर पड़े खच्चर के ढेर फैलने से नागरिकों की मुसीबत बाद गयी ।शहर के विभन्न मुहल्लों में निर्माण ,मरम्मत ,सफाई,गैस लाइन के लिए खोदी ,तोड़ी गयी सड़को के कारण उधर आना जाना मुश्किल हो गया । विदित हो कि कभी जलापूर्ति ,गैस पाइप लाइन तो कभी केबल के लिए वर्षभर खोदी ,तोड़ी जा रही मुहल्ले ,गलियों की सड़कें ,रास्ते पहले से ही टूटी उखड़ी सड़को के लिए जले पर नमक साबित हो रहा है । उधर सड़कों रास्तों पर बेधड़क हो रहर अतिक्रमण एक गम्भीर समस्या बन गयी है ।नीची सड़कों पर लोंगों द्वारा बनाई जा रही सीडिया, वाहनों के लिये स्लैब अनाधिकृत ब्रेकर एक नई समस्या बन है जन्हें देखने ,रोकने वाले आंख मुद्दे बैठे है ।कई जगह इसको लेकर नागरिकों में विवाद और मारपीट भी हों जा रही है ।

# साढे तीन लाख पशुओं को लगाया जायेगा रोग से बचाव का टीका

जिला संवाददाता

**कुशीनगर**। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) के तहत खुरपका मुँहपका रोग नियंत्रण व बीमारी के पूर्ण उन्मूलन के लिए जनपद में सघन टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ 23 जुलाई से किया जायेगा।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 रविन्द्र कुमार ने बताया कि अभियान 23 जुलाई से 05 सितम्बर तक कुल 45 दिनों तक चलाया जायेगा। इस कार्यक्रम हेतु जनपद को 301900 (तीन लाख एक हजार नौ सौ) टीका डोज (वैक्सीन) पशुओं को टीकाकरण हेतु प्राप्त हो गयी है। टीके को कोल्डरूम में उचित तापमान में भण्डारित किया गया है। जनपद के समस्त विकास खण्डों को लक्ष्यानुसार वैक्सीन की आपूर्ति की जा रही है, जिनको आईसलाईनर व फिज में सुरक्षित रखा गया है। अभियान के दृष्टिगत विकास खण्ड स्तरीय टीकाकरण हेतु टीमों का गठन किया गया है। जिसमें 01 पशुचिकित्साधिकारी, 01 पशुधन प्रसार अधिकारी, 1 चतुर्थ श्रेणी व 02 स्थानीय पैरावेट/मैत्री शामिल है। पशुपालन विभाग द्वारा उक्त अभियान को सुचारू रूप से संचालन हेतु जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी डा० विद्याराम वर्मा, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी सदर पडरौना होगें। उन्होंने बताया कि उपरोक्त गठित टीमें पशुपालकों के घर-घर जाकर पशुपालकों की उपस्थिति में पशुओं का रजिस्ट्रेशन कर निःशुल्क टीकाकरण करेगी तथा स्थल पर ही भारत पशुधन एप पर टीकाकरण सूचना अपलोड करेगी। प्रतिदिन की सूचना विकास खण्ड स्तरीय नोडल अधिकारी के माध्यम से जनपद स्तर पर नामित नोडल अधिकारी डा० विद्याराम वर्मा, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी सदर पडरौना के मोबाईल नम्बर 9450556594 पर व्हाट्सएप के माध्यम से किया जायेगा। जनपद स्तर से 14 विकास खण्डों के टीकाकरण की सूचना संकलित कर गूगल शीट के माध्यम से निदेशालय पशुपालन विभाग लखनऊ को प्रेषित की जायेगी।अभियान के तैयारियों के सम्बन्ध में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा० रवीन्द्र प्रसाद ने बताया कि 20वीं पशुगणना के अनुसार जनपद में 165224 गोवंशीय तथा 170194 महिषवंशीय कुल 335418 पशु है, जिनका टीकाकरण किया जाना है। सभी पशुचिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि खुरपका मुँहपका रोग की महत्ता को इंगित करते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार कर पशुपालकों को टीकाकरण हेतु प्रोत्साहित किया जाए। बहुउद्देशीय सचल वाहनों से पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से टीकाकरण के पूर्व पशुपालकों को अवगत करा दिया जाए। उन्होंने जनपद के समस्त पशुपालकों से अपील किया है कि उक्त अभियान अन्तर्गत अपने-अपने पशुओं को खुरपका मुँहपका रोग से बचाव हेतु, शत-प्रतिशत एफएमडी टीकाकरण अवश्य करायें।

# एडीजी जोन ने पुलिस अधिकारियों की ली क्लास, अपराध नियंत्रण पर दिया सख्त निर्देश

जिला संवाददाता

**देवरिया**। अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन, गोरखपुर मुथा अशोक जैन ने देवरिया पुलिस लाइन स्थित सभागार में एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अरविन्द कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य जनपद में कानून-व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना तथा पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना रहा। अपर पुलिस महानिदेशक ने अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, बीट व्यवस्था, पुलिस-जन सहयोग तथा पुलिसकर्मियों के आचरण संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए मजबूत खुफिया तंत्र, सुदृढ़ गश्त व्यवस्था एवं प्रभावी पेट्रोलिंग आवश्यक है। क्षेत्राधिकारीगण व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों की सूची तैयार कर उनके विरुद्ध निरंतर कार्यवाही करें। उन्होंने यह भी कहा कि महिला अपराधों के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और महिला हेल्प डेस्कों को और अधिक संवेदनशील तथा सक्रिय बनाया जाए। साइबर अपराधों की बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए उन्होंने संबंधित शाखा को सशक्त करने और आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही बीट पुलिसिंग को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु निर्देशित किया। ताकि आमजन से सीधे संवाद बना रहे और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। बैठक में श्रावण मास (सावन) को देखते हुए कांवड़ यात्रा, शिवालयों में बढ़ने वाली भीड़, तथा धार्मिक आयोजनों के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिया गया। श्री मुथा अशोक जैन ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शिव भक्तों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और मेडिकल सहायता के संबंध में संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करें। साथ ही संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी और रूट डायवर्जन जैसी व्यवस्थाएँ समय रहते सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए और किसी प्रकार की अफवाह या सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी पर तुरंत कार्रवाई की जाए। मीटिंग के दौरान जिले की कानून व्यवस्था, अपराधों की प्रवृत्ति, पुलिस थानों की कार्यप्रणाली, तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की सतत निगरानी जैसे विषयों पर विस्तार से मंथन किया गया। मुथा अशोक जैन ने निर्देशित किया कि थाना स्तर पर जनसुनवाई की प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाए तथा आम नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ।बैठक के पश्चात अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस लाइन स्थित आरटीसी बैरकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं से संवाद किया गया। तदोपरान्त उन्होंने ट्रेनी पुलिस कर्मियों के ठहरने की व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, भोजन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया।

# घूस लेते हुए रंगेहाथ लेखपाल को एंटी करप्शन ने दबोचा

जिला संवाददाता

**कुशीनगर**। विभागों में चल रहे भ्रष्टाचार व घूसखोरी के खिलाफ एंटी कॉप्सन की टीम ने जिले मे बडी कार्रवाई की ।बुधवार को एंटी करप्शन की टीम ने पडरौना के एक लेखपाल विनय कुमार सिंह को दस हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथो पकड़ा।

- एंटी करप्शन की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ की बडी कार्रवाई, भ्रष्टाचारियों व घूसखोरो में मचा हुआ है हड़कंप
- लेखपाल के खिलाफ नेबुआ नौरंगिया थाने में दर्ज कराया मुकदमा

लेखपाल यह रकम पैमाइश के लिए मांगी थी। एंटी करप्शन की टीम ने लेखपाल को गिरफ्तार कर सारी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नेबुआ नौरंगिया थाने को सुपुर्द कर दिया है।

इस घटना के बाद भ्रष्टाचारियों व घूसखोरो में हड़कंप मच गया। एंटी करप्शन के हत्थे चढा लेखपाल विनय कुमार सिंह पडरौना तहसील के मटिहनियां खुर्द का रहने वाला है और वर्तमान में उसकी तैयारी पडरौना तहसील में है।

बतादे कि पडरौना तहसील क्षेत्र के गांव मड़ार बिंदवलिया के सतीश सिंह ने एक वर्ष पूर्व गांव में ही लगभग दस कट्ठा भूमि बैनामा लिया है, जिसके एक हिस्से पर गांव के ही मलाही टोला निवासी आकाश कुमार का अवैध कब्जा है। तकरीबन 15 दिन पूर्व सतीश ने संपूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बैनामा ली गई भूमि पर किए गए अवैध कब्जा को हटाए जाने की मांग की थी ।तहसील प्रशासन द्वारा प्रकरण में लेखपाल से रिपोर्ट मांगी गई थी। आकाश कुमार ने लेखपाल से संपर्क कर पक्ष में रिपोर्ट लगाने को कहा। इस पर लेखपाल ने आरोपित के पक्ष में



रिपोर्ट लगाने के लिए 10 हजार रुपये घूस मांगा। आकाश ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम गोरखपुर से की। इसके बाद एंटी करप्शन की टीम ने लेखपाल को घूस लेते रंगे हाथो पकडने के लिए योजना बनाई। निर्धारित योजना के तहत भ्रष्टाचार निवारण संगठन के मौजूदगी में आकाश ने लेखपाल विनय कुमार सिंह से फोन पर बात कर दोपहर में पकड़ियार बाजार में मिलने को बुलाया। उधर शिकायत के आधार पर टीम दोपहर दो बजे पकड़ियार बाजार पहुंची। जहां चाय की दुकान में आकाश द्वारा लेखपाल विनय सिंह को दस हजार रुपये घूस देते ही निरीक्षक रामबहादुर पाल के नेतृत्व में आई टीम ने लेखपाल को पकड़ लिया। निरीक्षक ने बताया कि दस हजार घूस लेते पकड़े गए लेखपाल विनय कुमार सिंह के विरुद्ध नेबुआ नौरंगिया थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

# जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की हुई बैठक

**कुशीनगर**। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की माह जून की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

स्वास्थ्य समिति की बैठक में संस्थागत प्रसव, आशा बहुओं के भुगतान, बच्चों के टीकाकरण, गर्भवती माताओ की जांच, मंत्रा पर डाटा फीडिंग, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु रिपोर्टिंग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जन्म पंजीकरण, गर्भवती मां के उपचार की स्थिति आदि पर समीक्षा हुई ।बैठक में माह जून के आशा भुगतान, ए.एन. सी. पंजीकरण के संबंध में जानकारी लेते हुए सभी एमओआईसी को मासिक टारगेट पूरा करने हेतु एएनसी पंजीकृत की संख्या पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने, संस्थागत प्रसव में सुधार करने, सभी पीएचसी एवं सीएचसी पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सभी चिकित्सीय भवनों को चिकित्सीय उपकरणों से लैश कर सुविधाकृत कर जनपद में स्वास्थ्य व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाने हेतु सभी एमओआईसी को निर्देशित किया गया।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड तथा आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने में प्रगति लाई जाय, साथ ही सभी चिकित्सीय भवनों में इंफ्रास्ट्रक्चर गैप को पूर्ण करें। जो दवाएं चिकित्सालय में उपलब्ध है की समीक्षा दौरान कई प्रकार की दवाओं की कमी संज्ञान में आने पर एमवाईसी विशुनपुरा को दवाओं की उपलब्धता,/वितरण का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा दौरान रेफरल करने वाले चिकित्सकों/कारणों की भी समीक्षा की गई तथा मरीजो पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिए गए। बिना कोई ठोस कारण के मरीजों के रेफर कतई ना करें। साथ ही मंत्रा एप पर फीडिंग करने एवं आधार प्रमाणीकरण करने, वीएचएसएन डी सत्र में गर्भवती महिलाओं की नियमित समय समय पर जांच करने, जिन क्षेत्रों में विभिन्न टीकाकरण से बच्चे छूट गए है तो छूटे हुए बच्चों को अभियान चलाकर वृहद स्तर पर टीकाकरण करने के निर्देश सीडीओ ने दिए। इस दौरान अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम तथा ई संजीवनी के माध्यम से ऑनलाइन वीडियो कंसलटेंसी की प्रगति, पीएचसी के अनटाइड फंड, ई कवच, आभा आईडी की भी समीक्षा की। बैठक के दौरान मंत्रा पर फीडिंग के सापेक्ष आधार प्रमाणीकरण की प्रगति की समीक्षा भी की। पीएचसी एमसीसी में जो मशीन खराब हैं उसकी सूची तैयार कर प्रस्तुत करें जिस की समय से उसे ठीक कराया जा सके या नया क्रय किया जा सके। इसके अतिरिक्त वेट मशीन क्रय किए जाने हेतु सभी एमवाईसी को दिए गए। बैठक दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में बच्चों के टीकाकरण की प्रगति भी जानी तथा इस संदर्भ में जागरूकता के प्रसार को निर्देशित किया तथा गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य के संदर्भ में भी प्रगति जाना । उन्होंने संस्थागत प्रसव के मामले में प्रगति भी जानी तथा संस्थागत प्रस्ताव के मामलों में संगिनी एवं आशा के कार्यों विस्तृत समीक्षा कर यथावश्यक सुधार करने के निर्देश एवं सभी चिकित्साधिकारियों को दिए गए। जनपद में चल रही शासन की स्वास्थ्य योजनाओं को प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने हेतु विशेष रणनीति तैयार कर क्रियान्वित करने के लिए सीएमओ और सभी एमओआईसी को कहा।

## जनपद के पडरौना रैक प्वांट से 1325 मी.टन यूरिया हुआ प्राप्त

**कुशीनगर**। जिला कृषि अधिकारी डॉ0 मेनका ने बताया कि खरीफ अभियान में किसान बंधुओं द्वारा धान एवं गन्ना का टाप ड्रेसिंग का कार्य किया जा रहा है। खरीफ फसलों के लिए सभी प्रकार का उर्वरक प्र्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। जनपद में कुल 8275 मी० टन यूरिया, 3551 मी०टन डीएपी, 1051 मी०टन एमओपी एवं 4131 मी० टन एनपीके उपलब्ध है ।जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि आज दिनांक-17.07 2025 को पडरौना रैक प्वांट से 1325 मी०टन यूरिया की मे० यारा कम्पनी से जनपद को प्राप्त हो रही है जिसमें से 530 मी० टन पीसीएफ को शेष 795 मी० टन निजी क्षेत्र को प्राप्त हो रही है इसी क्रम में एचयूआरएल कम्पनी से 490.5 मी० टन पीसीएफ को आवंटित कर दिया गया है ।19 जुलाई को 1200 मी० टन कृभको की यूरिया जनपद में प्राप्त हो रही है। जो जनपद की विभिन्न समितियों एवं फुटकर विक्रेताओ को प्रेषित किया जा रहा है। उन्होंने किसान बंधुओं से अनुरोध किया है कि तात्कालिक आवश्यकता के लिए ही उर्वरक का क्रय करें एवं संस्तुत मात्रा में ही प्रयोग करें ताकि अधिक उपज के साथ-साथ मिट्टी की गुणवत्ता भी बनी रहे।

कृषि, सहकारिता एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा सहकारी एवं निजी केन्द्रो पर उर्वरक का वितरण सूचारू रूप से कराया जा रहा है। अन्तराज्यीय सीमाओं पर सचल दल का गठन किया गया है जिससे सीमाओं पर निरन्तर निगरानी किया जा रहा है इसी क्रम में विभागीय पोर्टल पर उर्वरको के उपलब्धता एवं वितरण की सतत निगरानी एवं अनुश्रवण किया जा रहा है। उन्होंने किसान भाईयो से अपील किया है कि अपनी आवश्यकतानुसार जोत बही/खतौनी के अनुसार अपने नजदीकी निजी /सहकारी क्षेत्र के उर्वरक प्रतिष्ठान से पीओएस मशीन के माध्यम से आधार कार्ड से उर्वरक प्राप्त करे। साथ ही किसान भाईयों से यह भी अपील की जाती है कि उर्वरक क्रय करने मे किसी प्रकार की समस्या हेतु कन्ट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 8317015135 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। जिसका निस्तारण तत्कालिक रूप से किया जायेगा।

## ई-केवाइसी व चेहरा प्रमाणीकरण में प्रगति न लाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर रोक

कुशीनगर। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्र० बाल विकास परियोजना अधिकारी, कसया, के द्वारा अवगत कराया गया कि लाभार्थियों का ई-केवाईसी व चेहरा प्रमाणीकरण कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने कारण बाल विकास परियोजना, कसया के 53 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय पर रोक लगा दिया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के क्रम में रोका गया है तथा इनको पूर्व में नोटिस निर्गत किया जा चुका है। सम्बन्धित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा अपेक्षित प्रगति में सुधार नहीं पाया जाता है तो उनके विरूद्ध संविदा आधारित मानदेय सेवा समाप्त करने की कार्यवाही प्रचलित कर दी जायेगी।

संक्षेप

## स्कूल के विलय पर सरकार करें पुनर्विचारः चक्रवर्ती सिंह

**अयोध्या।** सरकारी स्कूलों की बजाय अमान्य स्कूल बंद कराए सरकार। उक्त बातें उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कही। मानक विहीन संचालित प्राइवेट विद्यालयों की बाढ़ आ गई है। बार - बार अभियान चलाने के बाद भी इन विद्यालयों का संचालित होना स्पष्ट है कि रक्षक ही परिषदीय विद्यालयों का भक्षक बन चुके हैं। ब्लॉक पूरा के प्राथमिक विद्यालय कुतुबपुर में हुई बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री डॉ चक्रवर्ती सिंह ने कहा की मर्जर जैसे कठोर निर्णय पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए। विद्यालय बंद होने से उस मजरे,पुरवे के बच्चे बुनियादी शिक्षा से बड़े पैमाने पर दूर हो रहे हैं। विद्यालयों में कम नामांकन के लिए सरकार की नीतियां भी जिम्मेदार हैं।अशिक्षित होने से भविष्य में सामाजिक अपराधों में भी वृद्धि हो सकती है।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता,पर्यवेक्षक संचराज वर्मा,राजीव सिंह तथा बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। ब्लॉक बीकापुर प्राथमिक विद्यालय पूरा कुबरी पंडित में अभिभाव को के साथ आयोजित बैठक में विचार व्यक्त करते हुए जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भारती ने विद्यालय के बंद किए जाने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। छात्रों की पढ़ाई में समस्या उत्पन्न होगी तथा रसोइयों के सामने आजीविका का संकट पैदा होगा।अनिल सिंह, रविन्द्र गौतम सहित गांव की भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। बलाक तारुन में पर्यवेक्षक जितेंद्र वर्मा, ब्लॉक मंत्री प्रवेश कुमार ने प्राथमिक विद्यालय देवरी में अभिभावकों से संवाद कायम किया।सभी ने एक स्वर में विद्यालय बंद होने का विरोध किया।

## रोजगार मेले में 54 युवाओं को मिला रोजगार

अयोध्या। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेन्टर अयोध्या द्वारा झुनझुनवाला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, परिसर, अयोध्या में आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों के एच0आर0 द्वारा 110 प्रतिभागी अभ्यर्थियों में से 54 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। देवव्रत कुमार, सहायक निदेशक, सेवायोजन अयोध्या ने मेले में प्रतिभाग कर रहे अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामनाकी।

इसी क्रम में एक कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

# एसपी ने किया थाने का निरीक्षण

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने बीती देर रात थाना बार का आकस्मिक निरीक्षण किया।इस दौरान थाना परिसर, कार्यालय का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसपी ने थाना बार क्षेत्रान्तर्गत पीआरबी डायल 112 की सतर्कता को चैक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये। एसपी ने थाना कार्यालय, महिला हेल्प

**अधीनस्थ अधिकारियों को दिए निर्देश**

डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रख-रखाव हेतु निर्देशित कर मुकदमों से संबंधित मालों का विधिक निस्तारण, सही रख-रखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधी व हिस्ट्रीशिटर की सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महिला सम्बन्धी अपराधों को रोकने के लिये सूचना पर त्वरित रूप से संज्ञान लेकर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर उनका निस्तारण करें तथा उपरोक्त प्रकरण की सूचना पर उच्चाधिकारियों को देने हेतु निर्देशित किया गया। महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन थाना क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया गया जिससे महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करें। निकट भविष्य में पंचायती चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अपराधियों पर आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही कर उन्हे ज्यादा से ज्याद धनराशि से पाबन्द कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

आगामी त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति- व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ऑपरेशन दृष्टि अभियान के तहत थानाध्यक्ष बार को थाना क्षेत्र में आमजन से संवाद कर मुख्य स्थानों, चैराहों, बाजारों व हॉटस्पॉट पर सीसीटीवी कैमरों का क्रियाशील कराना सुनिश्चित करें, जिससे अपराध नियंत्रण में सहयोग मिलेगा। एसपी ने थाना क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चैराहों,



सराफा, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। लूट, चोरी, छिनैती आदि प्रकार की घटनाओं के पूर्व अपराधियों का भौतिक सत्यापन कर उनके विरूद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। जनपद में गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत सम्पति जब्तीकरण की कार्यवाही व इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों में वांछित, वारन्टी, टॉप टेन, अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही, करना सुनिश्चित करें। पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों की बरामदगी, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जाये। किसी भी दशा में अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थों की बिक्री न हो। थानाध्यक्ष बार को निर्देशित किया गया कि बीट प्रणाली को मजबूत करने हेतु स्वयं बीट कर्मचारियों को उनके बीट क्षेत्रों में किये कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करें।

थानाध्यक्ष बार को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट, शराब पीकर, फर्राटें भरने वाले आदि वाहन चालको की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसपी ने पीआरबी डायल 112 वाहनों का औचक निरीक्षण कर प्रभारी कर्मचारियों की उपस्थिति, वाहनों की साफ-सफाई, उपकरणों की स्थिति, और तत्परता की गहन समीक्षा की।

## विधायक की दहाड़ से भयभीत भ्रष्टतंत्र और विरोधी



**बांदा।** जिले में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी की बढ़ती लोकप्रियता से कुछ राजनैतिक नेता कुंठाग्रस्त हो गये हैं। वैसे तो वह बांदा सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गये हैं लेकिन लोगों का दुख-दर्द बांटने और समस्याओं का निस्तारण करने के लिए जिले भर में जाने जाते हैं। यही वजह है कि बबेरू, नरैनी व तिंदवारी विधानसभा के लोग भी अपनी समस्याएं लेकर सदर विधायक के पास पहुंचते हैं और उनका यथोचित समाधान भी होता है। गांव से लेकर शहर तक हर मोर्चे पर लोगों की जुबान पर प्रकाश भैया का ही नाम आता है। विधायक के रूप में उन्होने जनप्रियता की ऐसी लकीर खींच दी है जिसे पार करना विरोधियों के लिए सपना बन गया है। विरोधियों की बेचैनी अब बदनाम करने की साजिश के रूप में देखी जा रही है लेकिन इन साजिशों को वह अपने काम और जन विश्वास से पराजित करने में भी सफल हो रहे हैं।

**समस्या निस्तारण के लिए लोगों का तांता**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन सबका साथ सबका विकास की राह पर चलकर लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ ही जन समस्याओं का निस्तारण भी तन्मयता के साथ करते हैं यही वजह है कि जिले के दूरस्थ गांवों और कस्बों से भी लोग अपनी समस्याएं लेकर अन्य राजनेताओं के पास न पहुंचकर प्रकाश द्विवेदी की जन सुनवाई में पहुंच रहे हैं। जन समस्याओं को लेकर वह बेहद संजीदा हैं। जन समस्याओं को सुनने के बाद कार्रवाई कराने और मौके पर पहुंचकर तत्काल समाधान की पहल ने ही उन्हे जन समुदाय के भरोसेमंद चेहरे के रूप में स्थापित करने का काम किया है। बांदा के विकास, जनहित की योजनाओं और प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर उनके आक्रामक तेवर से भ्रष्ट तंत्र की नींद उड़ी हुई है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि प्रकाश द्विवेदी की बढ़ती लोकप्रियता से पार्टी के ही कुछ असंतुष्ट चेहरे भी भीतर घात की कोशिश में लगे रहते हैं।

## बिहार में वरिष्ठ पत्रकार अजीत अंजुम पर दर्ज हुए मुकदमें के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**बिजनौर।** बिहार के बेगूसराय जनपद में वरिष्ठ पत्रकार अजीत अंजुम पर दर्ज किये गए मुकदमें के विरोध में प्रेस क्लब स्योहारा ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन स्योहारा थाना प्रभारी अमित कुमार को सौंपा। ज्ञापन में पत्रकारों ने इसे प्रेस की आजादी पर हमला बताते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। स्योहारा प्रेस क्लब द्वारा दिये गए ज्ञापन में कहा गया है कि वरिष्ठ पत्रकार अजीत अंजुम जनहित के मुद्दों पर निर्भीक पत्रकारिता के लिए जाने जाते हैं।

उनके खिलाफ बार-बार दर्ज की जा रही एफआईआर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन है। यह न केवल लोकतंत्र के लिए हानिकारक है, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों के भी प्रतिकूल है। सभी ने एक मत से राष्ट्रपति से अपील करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्रवाइयों पर रोक लगाने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। पत्रकारों ने यह भी कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चैथा स्तंभ है, और यदि पत्रकारों को उनकी बात कहने पर प्रताड़ित किया जाएगा तो यह देश की लोकतांत्रिक संरचना के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकता है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने न केवल अजीत अंजुम के प्रति एकजुटता दिखाई, बल्कि समस्त मीडिया बिरादरी के अधिकारों की रक्षा की भी आवाज बुलंद की।

ज्ञापन देने वालों में प्रेस क्लब स्योहारा के अध्यक्ष शारिक जैदी, महामंत्री नजम सिद्दीकी, वरिष्ठ पत्रकार अहमद और दानिश अहमद उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ता दलालों से परेशान



जिला सवाददाता

**बांदा।** शहर में बिजली विभाग का स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान बीते छह माह से चल रहा है और मीटर भी लगभग आधे शहर में लगाए जा चुके हैं लेकिन इसमें तमाम विसंगतियां भी सामने आने लगी हैं। जिन्हें निस्तारित करने में अधिकारियों के पसीने छूट रहे हैं।

समस्या के समाधान को शहर के पीलीकोठी में सुबह 10 बजे से शिविर लगाया गया। शिविर में अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित एसडीओ व जेई मौजूद रहे। यहां पर भारी संख्या में उपभोक्ताओं ने पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करायी। अधिकारी ने बताया कि लगभग ढाई सैकड़ा से अधिक शिकायतें दर्ज की गयी हैं। जेई अरुण कुमार ने बताया कि मीटर बदलने के समय उपभोक्ताओं

**मनमाने तरीके से बकाये के नाम पर भेजे जा रहे बिल**

को दी गयी सीलिंग सर्टीफिकेट के समय जमा बिल व उसके बाद बढ़े हुए बिल की ज्यादातर शिकायतें रही। जिनका संशोधन करवाया जा रहा है। यह शिविर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आगे भी जारी रहेंगे। गुरूवार को केवल पीलीकोठी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के बिलों में आ रही त्रुटियों को देखा गया। पहुंचे परेशान उपभोक्तओं में राहुल कुमार, गिरजा देवी, सुनील कुमार, महेश, अजीमुन, सुदर्शन आदि ने बताया कि उनके बिल जमा है फिर भी बकाये के रूप में 10 से 40 हजार रुपये का बिल भेजा गया है। मीटर सीलिंग में निल व जीरो रीडिंग होने पर भी बकाया दिखाकर अवैध वसूली की जा रही है।

विभाग में दलाल सक्रिय हैं। न देने पर हर बार बिल में यह रकम जोड़कर भेजी जा रही है। यदि दलालों को पैसा दे दिया गया तो समस्या का समाधान हो जाता है, अन्यथा अधिकारी नियमानुसार कार्यवाही करें यह लिखकर खानापूर्ति की जा रही हैं।

## दिव्यांग, बीमार शिक्षकों की लगायी बीएलओ ड्यूटी



**बांदा।** खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय से शिक्षक-शिक्षिकाओं को बीएलओ बनाने के लिए आंख बंद कर नाम तहसील कार्यालय भेज दिये जाते हैं। यहां पर उन्हें बीएलओ का दायित्व दे दिया जाता है। जब आदेश उन्हें थमाया जाता है तब यह हकीकत सामने आती है और साहब भी शर्मिंदा होने लगते हैं। लेकिन आदेश तो बन चुका अब अगर काटते हैं तो यह नजीर बनकर अन्य के लिए भी सुविधाजनक हो जाएगी। ऐसी स्थिति में दिव्यांग, गंभीर मर्ज से जूझ रहे लोगों को मजबूर होकर बीएलओ की डयूटी करनी पड़ती है। सदर तहसील व पैलानी तहसील में लगभग 17 शिक्षक-शिक्षिकाएं ऐसी निकलीं जो बीमारी से ग्रसित थे। सुनवाई न होने पर संघ पदाधिकारियों ने पहल की। उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजवीर सिंह ने तहसील पैलानी पहुंचकर तहसीलदार राधेश्याम सिंह से औपचारिक भेंट कर उन्हें सावन मास के उपलक्ष्य में भगवान शिव-पार्वती की प्रतिमा भेंट की। इसके बाद बीएलओ कार्य में लगाए गए बीमार शिक्षक, महिला शिक्षक की ड्यूटी न लगाए जाने का अनुरोध किया। तहसीलदार ने समस्या का निदान करने का भरोसा दिया। कहा कि बीआरसी को पत्र लिखकर वह बीमार शिक्षक-शिक्षिकाओं को बीएलओ ड्यूटी से हटाने के लिए निर्देश देंगे। कहा कि यह जिम्मेदारी खंड शिक्षाधिकारी की है कि विद्यालय का शिक्षण कार्य प्रभावित न होने पाए।

## महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वालों की खैर नहींःमंत्री

**बांदा।** जनता दल यूनाईटेड प्रदेश इकाई की दिल्ली स्थिति बिहार निवास में बैठक हुई। उत्तर प्रदेश से प्रदेश उपाध्यक्ष व बुन्देलखण्ड प्रभारी शालिनी पटेल ने बिहार सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री व यूपी जदयू प्रभारी श्रवण कुमार से शिष्टाचार भेंट की। बैठक में बुन्देलखण्ड के बांदा जिले में राजनीतिक संरक्षण प्राप्त कुछ शोसल मीडिया यूजर्स द्वारा महिलाओं के विरूद्ध लगातार अश्लील, अभद्र एवं चरित्र हनन की टिप्पणियों को लेकर चर्चा हुई। मंत्री श्रवण कुमार ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वालों की खैर नही होगी। बांदा के पुलिस अधीक्षक को इस मामले में तत्काल संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। प्रस्ताव पारित हुआ कि यदि प्रशासन उचित और त्वरित कार्रवाई नही करता तो लखनऊ विधानसभा के सामने शांतिपूर्ण, निर्णायक आंदोलन किया जाएगा। इसके लिए रणनीति बनाने व समन्वय के लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों को निर्देश दिए गये। बताते चलें कि बीती 15 जुलाई को मयंक शुक्ला के खिलाफ महिला के विरूद्ध अभद्र, अश्लील और धमकी भरा सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले पर जदयू ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी, फेसबुक पोस्ट की साइबर जांच की मांग की थी। जदयू का आरोप है कि मयंक शुक्ला आए दिन महिलाओं के साथ बदसलूकी कर धन वसूली के लिए भी जाना जाता है। इससे पूर्व ग्राम प्रधानों ने भी विकास कार्यों में चैथ वसूली की शिकायत गिरवां थाने में की है।

# दोनों कूल्हा प्रत्यारोपण कर मरीज को दिया गया नया जीवनदान



**ललितपुर।** जनपद के मेडीकल कॉलेज में अब गम्भीर बीमारियों के ऑपरेशन सुगमता के साथ किये जा रहे हैं, जिससे जहां एक ओर गरीब मरीजों को इसका फायदा मिल रहा है,

**जनपद के मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य के नेतृत्व में किया गया गम्भीर आपरेशन**

तो वहीं जनपद में मिल रहीं स्वास्थ्य सेवाओं से जनपदवासियों में खुशी देखी जा रही है। 15 जुलाई को मरीज श्रीमती हरकुंवर पत्नी रूपसिंह ग्राम सतलिंगा महरौनी जिला-ललितपुर के दोनों कूल्हों का प्रत्यारोपड़ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में डा0 मयंक कुमार शुक्ला, प्रधानाचार्य के निर्देशन में डा0 सौरभ साहू, सह आचार्य (अस्थि रोग विभाग) एवं उनकी टीम डा0 मनोज कुमार, सहायक आचार्य, डा0 एम0सी0 गुप्ता, परामर्शदाता, डा0 निर्भय नारायण सिंह, परामर्शदाता, डा0 चेतन राज निश्चेतना विशेषज्ञ एवं डा0 कौशल बिजलानी, सहायक आचार्य के द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। मरीज हरकुंवर के दोनों कुल्हे ए0बी0एन0 नामक बीमारी से ग्रस्त होकर सीवियर ऑस्टियों अर्थराइटिस में तब्दील हो गये थे, जिस कारण से मरीज को अत्याधिक दर्द एवं चलने फिरने में असमर्थता थी। इस जटिल बीमारी में प्रत्यारोपण कर मरीज को नया जीवनदान मिला है। अब वह अपने दोनों पैरों का सामान्य दिनचार्य में बिना किसी दर्द के प्रयोग कर पायेगी। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में अस्थि रोग विभाग की टीम ने प्रधानाचार्य जो कि स्वयं अस्थि रोग विभाग के प्रोफेसर हैं, के निदेर्शानुसार इस मरीज का जटिल ऑपरेशन जो एक घण्टे में सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया है। ऑपरेशन के उपरान्त मरीज अब अपने दोनों कूल्हे का प्रयोग करने में पूर्णतः सक्षम है। उक्त मरीज का इलाज प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत पूर्णतः निःशुल्क किया गया है। इस ऑपरेशन में प्राईवेट अस्पतालों में खर्चा अनुमानित तौर पर डेढ से ढाई लाख के बीच आता है परन्तु स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में पूर्णतः निःशुल्क किया गया है। प्रधानाचार्य डा0 मयंक कुमार शुक्ला ने मरीज व उसके परिजानों से मुलाकात कर स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली एवं सीनियर ऑर्थो सर्जन डा0 सौरभ साहू व उनकी टीम को बधाई दी।

## 26 को समाजवादियों का होगा जमावड़ा

**अयोध्या।** आगामी 26 जुलाई को रामनगरी अयोध्या के फॉर एवर लॉन में समाजवादी पार्टी द्वारा प्रस्तावित पीडीए महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए गुरुवार को बीकापुर विधानसभा के हीरा मैरिज लॉन मसौधा में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के शिरकत करने पहुंचे सांसद अवधेश प्रसाद ने ने कहा कि 26 जुलाई को रामनगरी अयोध्या के फॉर एवर लॉन में ऐतिहासिक पीडीए महासम्मेलन होगा। पीडीए महासम्मेलन में जनपद के हजारों लोग संविधान स्तम्भ मान की शपथ लेंगे। संविधान स्तंभ मान दिवस के दिन रामनगरी अयोध्या से पीडीए के लोग हुंकार भरेंगे। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि 26 जुलाई को रामनगरी अयोध्या में समाजवादियों का ऐतिहासिक जमावड़ा होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा की प्रत्येक बूथों से बड़ी संख्या में पीडीए महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए 26 जुलाई को फॉर एवर लॉन में पहुंचे और अपनी ताकत का एहसास कराएं। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम को हाजी फिरोज खान आदि उपस्थित रहे।

## महिला आयोग की अध्यक्ष और सदस्य ने जेल पहुंचकर महिला बन्दियों से की मुलाकात



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा0 बबीता सिंह चैहान द्वारा महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन के साथ जिला कारागार बिजनौर का निरीक्षण किया गया। जिसके अन्तर्गत उनके द्वारा महिला बैरक का सघन निरीक्षण किया गया। उन्होने कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं तथा आवश्यकताओं के विषय में जानकारी प्राप्त की।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा0 बबीता सिंह चैहान द्वारा बीती शाम राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन के साथ जिला कारागार पहुंचकर महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया साथ ही बच्चों हेतु महिला वार्ड में बने कैच का निरीक्षण किया, जिसे देखकर उनके द्वारा कैच में की गयी व्यवस्थाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। अध्यक्ष डा0 बबीता सिंह चैहान द्वारा सभी महिला बन्दियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों को उपहार भेंट किये गये। अध्यक्ष डा0 बबीता सिंह चैहान ने अपने सम्बोधन में जिला कारागार बिजनौर में निरूद्ध महिलाओं एवं उनके साथ रह रहे बच्चों के लिए कारागार प्रशासन द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा की गयी। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अदिति श्रीवास्तव एवं जेलर रविन्द्रनाथ, ने अध्यक्षा एवं उनके साथ अन्य सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपकारापाल अरविन्द कुमार, कलावती, लक्ष्मी, निखिल निमेश, सुरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र कुमार गौतम तथा जेल चिकित्सक डा0 गोपाल चन्द वर्मा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## लूट करने वाला 25 हजार का इनामी गिरफ्तार



**बांदा।** क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम देने वाले 25 हजार के ईनामी को गिरवां पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके पास से अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद हुआ है। एसपी पलाश बंसल के निर्देश पर जिले में अपराधियों पर लगाम लगाने व वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के चलते कार्रवाई हुई है। 12 अप्रैल को गिरवां क्षेत्र के तिंदुही निवासी मिथलेश सोनी व पुत्र पंकज सोनी गांव-गांव फेरी लगाकर आभूषणों की बिक्री करते हैं इसी दौरान घर लौटते समय अज्ञात लोगों ने बछेही मोड़ के पास लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान आरोपियों की फायरिंग से पंकज सोनी घायल हो गये थे। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गयी थीं। इसी के चलते 12 मई को आरोपी आमिर पुत्र शेरखान को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया था जबकि दूसरा आरोपी आजम खान फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक ने इस पर 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। पुलिस के सुराग के चलते गुरूवार को सर्विलांस की मदद से आजम खान को खोही मोड़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी चंद्रप्रकाश तिवारी, उप निरीक्षक यज्ञ नारायण भार्गव, कांस्टेबल कृष्णकांत सिंह, आशु सिंह व शैलेन्द्र कुमार रहे।

## एसबीआई क्षेत्रीय कार्यालय ने देवगढ़ में किया पौधरोपण

**ललितपुर।** एसबीआई क्षेत्रीय कार्यालय ने देवगढ़ स्तिथ श्रीदेवोदय तीर्थ क्षेत्र में बृहद वृक्षारोपण किया। इस दौरान क्षेत्र के महामहिम महामंत्री संजीव सीए ने कहा कि वृक्षारोपण जिसे पौधारोपण भी कहा जाता है। पर्यावरण संरक्षण और मानव जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल प्रकृति के साथ हमारे संबंध को मजबूत करता है, बल्कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जैव विविधता के नुकसान जैसी वैश्विक समस्याओं से निपटने में भी मदद करता है। आज के समय में, जब पर्यावरणीय संकट चरम पर है, वृक्षारोपण का महत्व और भी बढ़ गया है। एसबीआई के सहायक महाप्रबंधक सर्वेश त्रिपाठी ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पेड़ लगाना ही नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और संतुलित पर्यावरण की नींव रखना है। यह हमारी भावी पीढि ?ों के लिए एक अमूल्य उपहार है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर कम से कम एक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। यदि हम सभी मिलकर इस दिशा में छोटे-छोटे कदम उठाएं, तो हम एक हरे-भरे और स्वस्थ ग्रह का निर्माण कर सकते हैं। एसबीआई निरंतर सामाजिक कार्यक्रम कर रहा है। पिछले माह ही एसबीआई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया था जिसमें 75 यूनिट रक्तदान किया गया था। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से उन्होंने सभी से आह्वान किया कि आइए वृक्षारोपण को एक जनांदोलन बनाएं और प्रकृति के साथ अपने रिश्ते को और मजबूत करें। इस दौरान सहायक महाप्रबंधक सर्वेश त्रिपाठी, उप महाप्रबंधक हिमांशु, जैन कमेटी के महामंत्री संजीव जैन सीए, अरविंद जाखलौन, संजय मोदी, आलोक मोदी, गौरव जैन टोनू, पुष्पेंद्र जैन रिंकू, संजय जैन, मनोहर कुमार, अनिल कुमार, इंदर यादव, सत्यनारायण साहू, सुजान यादव, राजकुमार सहित अन्य सहयोगी उपस्थित रहें।

# झूलों के बिना सावन अच्छा नहीं लगता

ललितपुर। कौमी एकता की प्रतीक साहित्यिक संस्था हिन्दी उर्दू अदवी संगम के बैनर तले वरिष्ठ कवि काका ललितपुरी के निवास स्थान पर सावन की फुहारों के बीच कवियों के हास्य,

**सावन महीने को लेकर कवियों ने पेश की रचनाएं**

व्यंग श्रृंगार रस के गीतों गजलों के साथ कवि सम्मेलन का आयोजन किया। आयोजन की अध्यक्षता पूर्व सीएमएस एवं कवि डा.खेमचन्द्र वर्मा ने की। संचालन संस्था अध्यक्ष रामकृष्ण कुशवाहा एड. किशन ने करते हुये उन्होंने सावन में अपने दिल के अहसास को शेरों में इस तरह पेश किया। उन्होंने कहा कि झूलों के बिना सावन अच्छा नहीं लगता, दुआओं के बिना दामन अच्छा नही लगता, तुलसी से है घर के आंगन की शोभा, तुलसी के बिना आंगन अच्छा नही लगता। सुमनलता शर्मा चांदनी ने गजल पेश करते हुये कहा कि प्यास शवनम से नही बुझती जबतक वरसात ना हो, जुल्फों से अधेंरा नही होता जबतक रात ना हो। रामस्वरूप नामदेव अनुरागी ने गजल पेश करते हुये कहा कि बरसात का मौसम है कोई बात सी लगती है, ऐसे में चले आओ मुलाकात सी लगती है। राधेश्याम ताम्रकार ने गीत पेश करते हुये कहा कि फूलों पे शबाब आये तो लगता है कि तुम हो, गुन्चा कोई खिल जाये तो लगता है कि तुम हो। किसन सिंह बंजारा ने दुश्मनों को ललकारते हुये कहा कि जम्मू कश्मिर तुम्हारे बाप का नहीं, दुश्मनों सुन लो कभी ये आपका नहीं। कार्यक्रम संयोजक काका ललितपुरी ने बुंदेली मे रचना पेश करते हुये कहा कि खूब झमाझम मेघा बरसे लग रही है उरवतीयां, फसल खेत मे सडन लगी है फटें किसान की छतियां। अध्यक्षता कर रहे डा.खेमचंन्द वर्मा ने रचना पेश करते हुये कहा कि यदि कोई साथ ना दे तो जाने दो यारों।

## अयोध्या वासियों को आज मिलेगी एक और ट्रेन की सौगात

**अयोध्या।** शुक्रवार को फैजाबाद अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन 18 जुलाई को बिहार के से चलकर दरभंगा गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुक्रवार की रात्रि 12:30 बजे अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर फैजाबाद अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या से रवाना करेंगे।

# स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें

हालांकि भारत सरकार ने समोसा, जलेबी आदि को लेकर कोई वार्निंग नहीं दी है लेकिन जिस तरह मोटापा, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हॉर्ट डिजीज का खतरा तेजी से बढ़ रहा है, उसमें खाने के शौकीनों को अपने प्रिय और पारंपरिक स्नैक्स समोसा, जलेबी, रसुगल्ला, पकौड़ा आदि को कुछ कम करना पड़ेगा। समोसा, जिलेबी ऐसे पारंपरिक स्नैक्स हैं जिनका नाम लेते ही मुंह में पानी आ जाता है। यह भी कि शायद ही किसी पार्टी या फंक्शन मेन्यू ऐसा हो जो समोसा, जिलेबी के बिना कम्पलीट होता है। ऐसे में जब हम इन व्यंजनों के बारे में यह सुनते हैं कि इसमें बहुत सी अनहेल्दी फैट, सुगर और न जाने क्या-क्या हानिकारक तत्व पाया जाता है, तो दिल को भी झटका लगता है और मायूसी भी बनती है। लेकिन हमारा दिल मजबूत हो, मोटापा, सुगर और हॉर्ट डिजीज जैसी बीमारियों से बचाये रखें, इसके लिए यह जरूरी है कि हम अपने इस प्रिय व्यंजन को कम से कम रोज न खायें।



खाने में थोड़ा अंतराल दें और तरह इनका आनंद भी लेते रहें और साथ ही इनके हानिकारक प्रभावों से बचे रहे हैं। देशवासी हर दिन करीब 7 करोड़ समोसे हजम कर लेते हैं और 2163 करोड़ समोसे सालाना खाते हैं। एक औसत समोसे में 262 कैलोरी होती है। यदि समोसे का आकार बड़ा हो, तो कैलोरी 400 से भी अधिक हो सकती हैं। समोसे, कचौड़ी, पकौड़े जिस तेल में बार-बार तले जाते हैं, वह तेल भी हानिकारक हो जाता है। सामान्यतः कचौड़ी में 10 ग्राम, 10 पकौड़ों में 14 ग्राम, एक बर्गर में 31 ग्राम, 4 स्लाइस पिज्जा में 40 ग्राम वसा पाया जाता है। हम लगातार यह वसा अपने शरीर में जमा करते रहते हैं। यदि आप हर रोज 45 मिनट सैर भी करें तो भी यह वसा एक निश्चित मात्रा में शरीर में रहता ही है। नतीजतन दिल का दौरा, खराब कोलेस्ट्रॉल, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और न जाने किन-किन बीमारियों से हम घिर जाते हैं। इसके अलावा भी कई अन्य विसंगतियां भी हमारे शरीर में आ जाती हैं। देश में जलेबी, लड्डू, रसगुल्ला जैसे मिष्ठान का भी खूब उपभोग होता है। घरों में होने वाले प्रत्येक सामाजिक उत्सव मीठे से ही संपन्न होते हैं, हमारा नाश्ता भी मिठाई ही है, क्योंकि यह स्वाद हमारे संस्कारों में है। हमें एक दिन में अधिकतम 25 ग्राम चीनी का सेवन करना चाहिए लेकिन इतना तो हम सुबह की चाय में ही ले लेते हैं। अब दिन में कई चाय, स्नैक्स में समोसे, पकौड़े और मौका पड़ा तो मिठाइयां भी। इतना सब मिलकर हमारे शरीर पर भारी पड़ने लगते हैं। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री मोदी ने भी बढ़ते मोटापे पर अपनी चिंता और अपना सरोकार जताया था और 10 फीसदी तेल का सेवन कम करने का आह्वान किया था, ताकि देश फिट रह सके। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त निकायों को कहा है कि वे समोसा, कचौड़ी, फ्रेंच फ्राइज, जलेबी, बर्फी और वड़ा पाव समेत अन्य खाद्य सामग्री में तेल और चीनी की मात्रा का उल्लेख करते हुए बोर्ड अपने दफ्तरों और कैंटीन में लगवाएं। सार्वजनिक स्थानों पर भी ऐसे बोर्ड लगाए जाएं, ताकि स्वस्थ जीवन-शैली को बढ़ावा दिया जा सके और मोटापे तथा गैर-संचारी रोगों से निपटा जा सके। गौरतलब यह है कि सरकार समोसे और जलेबी पर किसी भी तरह की पाबंदी थोपने नहीं जा रही है। यह दरअसल जनजागरण का प्रयास है। लेकिन सवाल यह भी है कि जब शराब, सिगरेट, तम्बाकू पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी लिखी होती है। सीधे-सीधे कैंसर की फोटो छपी होती है, तब भी लोग नहीं मानते हैं। ऐसे में सरकार के जन जागरुकता के प्रयास को कितने लोग अपनायेंगे यह देखने वाली बात होगी। लेकिन यह जरूरी है। क्योंकि देश में तेजी से मोटापा बढ़ रहा है, मधुमेह और हृदय संबंधी बीमारियां भी तेजी से बढ़ रही हैं ऐसे में हमे स्वस्थ जीवन शैली की ओर बढ़ना है। इसके लिए हमे खान-पान में अनुशासन भी बरतना होगा। स्वास्थ्यप्रद जीवन शैली की ओर बढ़ना होगा और खुद को फिट रखने के लिए आवश्यक एक्सरसाइज, योग और व्यायाम को भी अपनाना होगा।

# पुराने हथियारों से नये युद्ध नहीं जीत सकते

**नरेंद्र शर्मा**

दुश्मनों पर बढ़त हासिल करने के लिए न सिर्फ अति आधुनिक हथियारों से लैस होने की आवश्यकता है बल्कि देशज रक्षा टेक्नोलॉजी की भी जरूरत है। इस बात पर बल देते हुए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है, 'आज के युद्ध को आप कल के हथियारों से नहीं जीत सकते। आज के युद्ध आने वाले कल की टेक्नोलॉजी से ही लड़े जा सकते हैं।' यह बताते हुए कि युद्ध के आधुनिक मैदानों में आउटडेटेड टेक्नोलॉजी पर भरोसा नहीं किया जा सकता, सीडीएस ने देशज ड्रोन टेक्नोलॉजी के विकास में तेजी लाने और यूएएस ग्रिड्स को काउंटर करने की वकालत की है।

गौरतलब है कि एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने 28 फरवरी 2025 को कहा था कि भारतीय वायु सेना को हर साल 35 से 40 फाइटर जेट्स जोड़ने की जरूरत है ताकि संख्या में कमी को पूरा किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा था कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिकल लिमिटेड (एचएएल) ने वायदा किया है कि वह अगले साल 24 तेजस मार्क-1ए जेट्स का निर्माण करेगी। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद 30 मई 2025 को वायु सेना प्रमुख सिंह ने इस तथ्य पर गहरी चिंता व्यक्त की कि कोई भी डिफेंस प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं होता है, निरंतर देरी होती रहती है। एक भी प्रोजेक्ट ऐसा नहीं है, जो वक्त पर पूरा हुआ हो। उन्होंने इस संदर्भ में जवाबदेही निर्धारित करने का आग्रह किया था और यह भी कि रक्षा सामानों की खरीद व निर्माण इकोसिस्टम में तेजी लायी जाये। उन्होंने कहा था, 'अनेक बार, कॉन्ट्रैक्ट्स पर हस्ताक्षर करते हुए, हम जानते हैं कि वह सिस्टम समय पर नहीं आयेंगे। मुझे ऐसा एक भी सिस्टम याद नहीं आता जो समय पर पूरा हुआ हो।' कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर करते वक़्त अव्यवहारिक टाइमलाइन का वायदा किया जाता है, इस पर उन्होंने सवाल किया था, 'हम ऐसा वायदा ही क्यों करते हैं जिसे पूरा नहीं किया जा सकता?' दोनों, सीडीएस व एयर चीफ मार्शल के बयानों से मालूम होता है कि सेना के तीनों अंगों को न सिर्फ आधुनिक हथियारों से लैस करने की

> ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्थानीय तौर पर विकसित किये गये यूएएस व काउंटर-यूएएस प्रयोग किये गये थे, जो भारतीय जरूरतों के हिसाब से थे और इसलिए कारगर साबित हुए। सीडीएस के अनुसार, 'विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमारी तैयारी को कमजोर कर देती है, उत्पादन बढ़ाने की हमारी क्षमता को सीमित कर देती है और नतीजतन नाजुक अवसरों पर स्पेयर्स की कमी पड़ जाती है।'



**विमर्श**

जरूरत है बल्कि इन हथियारों की डिलीवरी भी समय पर होनी चाहिए। बहरहाल, दिल्ली स्थित मानिकशॉ सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में 16 जुलाई 2025 को बोलते हुए सीडीएस चौहान ने याद दिलाया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने 10 मई 2025 को अनआर्म्ड ड्रोनों व लोइटर मुनिशन का इस्तेमाल किया था। लेकिन 'कोई भी वास्तव में भारतीय सेना या नागरिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान नहीं पहुंचा सका और उनमें से अधिकतर को बेकार कर दिया गया था'। यहां यह बताना आवश्यक है कि भारतीय सेना के लिए अमेरिका से तीन अपाचे अटैक हेलीकाप्टर्स की पहली खेप 21 जुलाई 2025 को आ जायेगी जो थल सेना की युद्ध क्षमता में वृद्धि करेगी। एएच-64ई जिन्हें 'हवा में टैंक' भी कहा जाता है, उनकी हैवी-ड्यूटी फायर पॉवर की वजह से, 21 जुलाई 2025 को हिंडन एयर फोर्स स्टेशन पर डिलीवर किये जायेंगे।

अनुमान यह है कि शेष तीन हेलीकॉप्टर इस साल के अंत तक डिलीवर कर दिये जायेंगे। इससे पहले 2015 में अमेरिका सरकार व बोइंग के साथ एक समझौते के तहत भारतीय वायु सेना ने 22 अपाचे खरीदे थे। ये सभी 22 अपाचे जुलाई 2020 तक भारत को मिल गये थे, जिनसे भारतीय वायु सेना के दो स्क्वाड्रन सक्रिय हो चुके हैं। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि भारत को अपनी रक्षा व्यवस्था आधुनिक व मजबूत करने की जरूरत है और वह भी बहुत जल्द। दरअसल, सुरक्षा व्यवस्था के लिए चिंता का विषय यह है कि पाकिस्तानी तस्करों ने अपनी नापाक हरकतें तेज कर दी हैं। वह ड्रग्स, हथियारों व गोला-बारूद से लैस ड्रोनों को भारत में बहुत अंदर तक पहुंचा रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान थोड़े समय के लिए स्थगन के बाद ड्रोन-आधारित तस्करी अधिक सटीकता के साथ फिर आरंभ हो गई है। खबरें ये हैं कि चीनी ड्रोनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो अधिक ऊंचे उड़ते हैं, जिससे अक्सर पकड़ में नहीं आते हैं। इसे मामूली तस्करी नहीं कहा जा सकता बल्कि यह सुनियोजित पाकिस्तानी आईसीएडी (अवैध, बलपूर्वक, आक्रामक व भ्रामक) स्ट्रेटेजी का हिस्सा है, भारत की सुरक्षा को भेदने के लिए। उद्देश्य यह है कि सीमा के इस पार जो आपराधिक तत्व हैं, उन तक ड्रग्स, बंदूकें व पैसा पहुंचाया जाये।

यह पाकिस्तान का पुराना तरीका है भारत को नुकसान पहुंचाने का। याद कीजिये कि पिछली सितम्बर में पंजाब पुलिस की एक टीम ने नाटो-ग्रेड की बन्दूकों का जखीरा बरामद किया था, जो संभवतः अफगानिस्तान से आया था, लेकिन उसका संबंध पाकिस्तान के ड्रोन ड्राप तस्करों से था। यह कार्यप्रणाली इस एतबार से भी जाहिर हो जाती है कि ऐसे ही हथियार कश्मीर में आतंकियों के पास से भी मिले थे। जब 2019 में धारा 370 को निरस्त किया गया, उसके बाद से ही पाकिस्तान से ड्रोन ड्रॉप्स आरंभ हुए। इसे काउंटर करने के लिए बीएसएफ ने एंटी-ड्रोन सिस्टम्स अपनाये, जैसे ड्रोनाम जो लेजर का इस्तेमाल करके पाक-मूल के यूएवी को नष्ट करते हैं। इसके अतिरिक्त विशिष्ट एंटी-ड्रोन टीमें भी गठित की गई हैं। लेकिन ड्रोन टेक्नोलॉजी इतनी बहुमुखी है कि वह निरंतर विकसित होती जा रही है। इसलिए सीडीएस चैहान कह रहे हैं कि हम अपनी देशज ड्रोन टेक्नोलॉजी को लगातार बेहतर व आधुनिक करते रहें। आज ड्रोनों को मॉडिफाई व इस तरह से ढाला जा सकता है कि वह पकड़ में न आएं। वह तरीके कार बदल सकते हैं और एप्लीकेशन में भी परिवर्तन ला सकते हैं। यूक्रेन युद्ध सबूत है कि हर पखवाड़े में ड्रोन टेक्नोलॉजी बदल रही है। इसका अर्थ यह है कि रियल टाइम में काउंटर-ड्रोन टेक्नोलॉजी को भी निरंतर बदलना होगा। मतलब यह हुआ कि सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था में महारत का विशाल पूल बनाना होगा और उसे शोध व विकास संस्थाओं से जोड़ना होगा। ड्रोन बहुत तेजी से बदल रहे हैं, एफपीवी से फाइबर ऑप्टिक हुए और अब उनका एआई रूप आता जा रहा है।

इन हालात में आगे रहने का एकमात्र तरीका यही है कि ड्रोन टेक्नोलॉजी में बहुत अधिक निवेश किया जाये, दोनों उद्योग व शोध में। भारत को अपना ही ड्रोन सुरक्षा कवच बनाना चाहिए। सीडीएस इसी जरूरत पर बल दे रहे हैं। दरअसल, सीडीएस चौहान नहीं चाहते कि भारत विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भर रहे। उनके अनुसार पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विदेशी टेक्नोलॉजी पर भरोसा किया और नाकाम रहा। भारत का अपनी ही देशज टेक्नोलॉजी इस्तेमाल करनी चाहिए व उसे निरंतर अपग्रेड करते रहना चाहिए, तभी वह भरोसे के लायक रहेगी। ध्यान रहे कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्थानीय तौरपर विकसित किये गये यूएएस व काउंटर-यूएएस प्रयोग किये गये थे, जो भारतीय जरूरतों व भारतीय भूखंड के हिसाब से थे और इसलिए कारगर साबित हुए। सीडीएस के अनुसार, 'विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमारी तैयारी को कमजोर कर देती है, उत्पादन बढ़ाने की हमारी क्षमता को सीमित कर देती है और नतीजतन नाजुक अवसरों पर स्पेयर्स की कमी पड़ जाती है।'

**सोशल मीडिया**

विपक्ष की उदास कहानी के विपरीत विश्व बैंक भारत की उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डालता है, आय असमानता में विश्व में चौथे नंबर पर, चरम घटकर गरीबी 2.3 फीसद। सुधांशु त्रिवेदी.



भारत के शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष में विभिन्न अध्ययनों के बाद आज धरती पर सकुशल उनकी वापसी खासकर युवाओं प्रोत्साहित व देश को उत्साहित करने वाली है। मायावती.



हिन्दुओं की आस्था को व्यापार बताने का दुस्-साहस करने वाले सपा बहादुर अखिलेश यादव ने सही मायने में मुस्लिम, मस्जिद और मदरसों को अपने वोट का बाजार बना रखा है। केशव प्रसाद मौर्य.



# तेलंगाना: सामूहिक उल्लास का लोकपर्व, बोनालू उत्सव



**कला/संस्कृति**

भारत सांस्कृतिक विविधताओं का देश है। यहां हर क्षेत्र की अपनी विशेष सांस्कृतिक परंपराएं हैं, जो जनमानस की आस्था, जीवनशैली और प्रकृति से जुड़ी हुई हैं। ऐसा ही एक रंग बिरंगा जीवन और सामूहिक गतिविधियों से ओतप्रोत पर्व बोनालू है। जिसे तेलंगाना राज्य का राजकीय त्योहार होने का दर्जा प्राप्त है। यह लोककला, नृत्य, संगीत और नारी शक्ति पर आस्था का संगम ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक पर्यटन का बड़ा जरिया है। बोनालू जिसका मतलब बोनम यानी भोग या भेंट से होता है। दरअसल बोनालू, देवी महाकाली को अर्पित किये जाने वाले विशेष भोग को भी कहते हैं, जो चावल, दूध, गुड़ और इमली से बनता है। इसे मिट्टी के बर्तन में सजाकर महिलाएं देवी मां के मंदिरों तक जाती हैं। यह दृश्य अपने आपमें इतना भव्य और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध होता है कि जिसने एक बार बोनालू की कतारें देखीं, वह जीवनभर इसकी छवि नहीं भूल सकता।

हैदराबाद, सिकंदराबाद और इसके आसपास के जिलों में बोनालू पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह देवी महाकाली को समर्पित पर्व है और मानसून की शुरूआत में कृषि समृद्धि की कामना के साथ मनाया जाता है। बोनालू दरअसल देवी पूजन का अवसर ही नहीं बल्कि यह नारी शक्ति के गौरव, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान को एकात्मक रूप से व्यक्त करने का भव्य तरीका भी है। महिलाएं बोनालू पर्व में पारंपरिक परिधान के रूप में आमतौर पर हरे रंग की साड़ियां पहनती हैं। हाथों में भर-भरकर चूड़ियां, माथे पर बिंदी लगाकर यानी पूर्ण श्रृंगार करके देवी महाकाली को भोग अर्पण करने के लिए कतारों में गीत गाते हुए जाती हैं। उनके साथ लोकनृत्य, ढोल, पटाखे आदि का कारवां चलता है और पारंपरिक गीतों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो जाता है। यह बेहद उल्लास और आध्यात्मिकता का पर्व है। बोनालू पर्व में जनमानस का उत्साह इसलिए भी पूरी तरह से शामिल होता है, क्योंकि इसके आगमन के साथ ही कृषि चक्र की शुरूआत हो जाती है।

बरसात का मौसम शुरू होते ही किसान खेतों की ओर रूख करते हैं। ऐसे में यह पर्व देवी को धन्यवाद देने और आगामी बेहतर फसल को प्राप्त करने के लिए उनसे आशीर्वाद पाने का तरीका भी होता है। लोकमान्यता है कि देवी महाकाली लोगों की आपदाओं और महामारियों से रक्षा करती हैं और उन्हीं की वजह से अच्छी वर्षा होती है, जिससे बेहतर फसल और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य मिलता है। इसलिए यह पर्व तेलंगाना की लोकसंस्कृति का बहुत ही जीवंत पर्व है। विशेषकर ग्रामीण जनजीवन में तो यह अत्यंत उल्लास के साथ रचा बसा पर्व है। बोनालू में भोग, अर्पण, जुलूस और पूजा के माध्यम से ग्रामीण लोग देवी मां के समक्ष अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं। इस पर्व की एक खास विशेषता इसकी सामूहिकता है। यह व्यक्तिगत पूजा का पर्व नहीं है बल्कि पूजा भी इस पर्व में एक सामूहिक भागीदारी होती है। मुहल्ले, गांव और शहरों में लोग मिल-जुलकर बोनालू पूजा का आयोजन करते हैं। पगड़ीधारी पुरुष, तेल मलकर नाचते भैरव, डफली बजाते युवक, झांकियों में देवी मां का रूपधारण किये बच्चे, ये सारी गतिविधियां एक चलती-फिरती सांस्कृतिक फिल्म सरीखी लगती हैं। वास्तव में यह लोककला को जीवंत ढंग से अभिव्यक्त करने का तरीका है। बोनालू उत्सव में देवी मां के पालकी जुलूस सड़कों पर हजारों लोगों के साथ निकलते हैं।

इस दौरान महिलाएं सिर पर 'बोनम' रखकर चलती हैं, तब यह दृश्य नारी सशक्तिकरण का एक बिल्कुल अनूठा दृश्य नजर आता है। पूरे जुलूस के दौरान ढोल बजते रहते हैं। पारंपरिक संगीत चलता रहता है और लोग पूरे समय उत्साह से नाचते हुए एक बड़े सांस्कृतिक मेले के रूप में देवी मां के मंदिर की तरफ बढ़ते हैं। बोनालू यूं तो बहुत पुराना पर्व है, लेकिन आधुनिक बोनालू पर्व की शुरूआत 1813 के आसपास होती है। उस समय हैदराबाद क्षेत्र में जबर्दस्त तरीके से प्लेग फैला हुआ था। तब लोगों ने देवी महाकाली से प्लेग से मुक्ति दिलाने की प्रार्थन की थी और मन्नत मांगी कि अगर महामारी समाप्त हो गई तो वे विशेष पूजा करके मां पर 'बोनम' का भोग चढ़ाएंगे। वास्तव में उसी मान्यता के चलते हर साल बोनालू पर्व पर लोग सामूहिक रूप से देवी मां को भोग अर्पित करने के लिए जाते हैं। 1813 के बाद से यह परंपरा हर वर्ष आषाढ़ मास में पड़ने वाले बोनालू पर्व पर धूमधाम से मनायी जाती है। **धीरज बसाक.**

## मनुष्य की कमजोरियां

वासना इंसान के लिए ऐसा इन्द्रधनुषी चक्रब्यूह रचती हैं जिससे निकलना आसान नहीं होता है। ये हम अपनी ओर आकर्षित करती हैं, हमारे संकल्पों को कमजोर करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

**अंतर्दृष्टि**

## मुंह में आया बताशा कौन छोड़ता

**व्यंग्यलोक**

आजकल पुरस्कार मूली-गाजर के भाव मिल रहे हैं। देने वाले फेरी लगाकर आवाज लगाते हैं-पुरस्कार ले लो पुरस्कार। हर चीज के खरीददार मिलेंगे। फिर पुरस्कारों को कौन छोड़ता है-जब वे बिना योगदान के मोलभाव के मोल मिलने लगें तो। पुरस्कार साहित्य का है तो और भी सुविधा है। अपना आदमी होना चाहिए। अपना खेमा और अपनी विचारधारा। फिर पुरस्कार चाहे पंद्रह पृष्ठ की बुलेटिन पर देना पड़े, दे दिया जाता है। पुरस्कार के लिए मौलिक साहित्य लेखन भी अब आवश्यक नहीं रह गया। इधर पुस्तक पाठ्यक्रम में छात्रों की दृष्टि से लिखी गयी है। प्रश्न दिये गये हैं। हिन्दी साहित्य का इतिहास लिखा हुआ है और पुरस्कार दिया जा रहा है। किसी विधा में किसी लेखक को ज्यादा मेहनत-मशक्कत अथवा जमने जमाने की जरूरत नहीं है। आप यदि संस्था प्रधान को जानते हैं तो वह पुरस्कार देने में जरा भी देर नहीं करेगा। लेकिन शर्त इतनी-सी है कि आप उनके चिलमगीरों में हो या नहीं, यह देखना आपके हाथ में है। पुरस्कार के लिए किताब मैंने भी भेजी थी, लेकिन मुझे नहीं मिला। मैंने कारणों का पता लगाया तो मालूम हुआ कि मैं अपने आपको लेखक समझता हूँ। अब बताइये कि मैं लेखक हूँ और अपने आपको लेखक समझता हूँ तो इसमें गलत क्या है? फिर लेखक हूँ तभी तो पुरस्कार माँग रहा हूँ। साहित्य का पुरस्कार लेखक ही तो पा सकता है। लेकिन उनका तर्क है कि जिनको उन्होंने पुरस्कार दिया है-सीधे सादे हैं तथा उनमें लेखकीय अस्मिता तनिक भी नहीं है। मैं सोचता ही रह गया कि हद होती है। एक विधा में काम किया, पहचान बनायी और जब पुरस्कार की बारी आयी तो साफ इंकार कर दिया गया है। जिनको पुरस्कार मिला था, वे फूल कर कुप्पा हो गये थे। मैंने कहा-अमाँ यार, सुना है तुम अपने आपको लेखक ही नहीं समझते, वे महिमामंडित हो चुके थे, सो बोले-अजी लेखक नहीं होते तो पुस्कार कैसे मिलता? आपको पता नहीं है क्या, मुझे अभी साहित्य का पुरस्कार मिला है? अरे हाँ भाई, उसी संदर्भ में तो पूछ रहा था। संस्था प्रधान आपको लेखक नहीं मानते। एक हानिरहित जीव मानकर आपको इस पुरस्कार से नवाजा गया है और फिर आपने तो कमाल ही कर दिया भाई, पाठ्य पुस्तक पर ही पुरस्कार मार लिया, यह सब कैसे हुआ? कुछ तो बताओ। मैंने कहा! वे बोले-शर्मा साहब, हमारे कौन-सी पुरस्कार की खाज थी? वे ही बोले-यार, इस वर्ष पुरस्कार ले लो, तो बताओ क्या मना करता क्या? मुँह में आया बताशा कौन छोड़ता है। इसका मतलब आपने चिलम भी नहीं भरी उनकी। उधर यह भी अफवाह है कि आपने उनकी चमचागिरी की थी। देखिये शर्मा जी, अब थोड़ा बहुत तो करना ही पड़ता है। आप यह चमचा और चिलम का प्रयोग कर रहे हैं, यह निहायत ही गलत है। दरअसल एक साथ उठना-बैठना था।



अशोक गौतम

**विचार**

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

–सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

## आप की बात

### गरीबों तक पहुंचायें लाभ

केन्द्र सरकार ने गरीबों को बड़ी राहत देकर एक तरह संवेदनशीलता का परिचय दिया है। यह हमारी अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय शक्ति, किसानों की मदद और गरीबों को भूखा न रहने देने का राष्ट्रीय संकल्प है कि केन्द्र सरकार ने निःशुल्क राशन योजना को आगे भी जारी रखने का फैसला किया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन को आगे बढ़ाया गया है या फिर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले राशन पर जो दो-तीन रुपये प्रति किलो उपभोक्ताओं को भुगतान करना पड़ता है, उसे खत्म किया गया है। लेकिन जो भी हो और जैसे भी हो, अगर सरकार 81 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन देने का संकल्प दिखाती है, तो इसकी तारीफ करनी पड़ेगी। यह मानना पड़ेगा कि यह कोई सियासी चाल नहीं है बल्कि गरीबों के प्रति कल्याणकारी नीति का हिस्सा है। इससे गरीबों का सशक्तीकरण हुआ है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को प्रति माह पांच किलो चावल या गेहूं मिलता है और इस अनाज के लिए कार्ड धारकों को प्रति किलो गेहूं दो रुपये और प्रति किलो चावल तीन रुपये का भुगतान करना पड़ता है। 2020 में जब कोरोना आया और सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत की जिसमें राशन कार्ड धारकों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले पांच किलो राशन के अतिरिक्त पांच किलो राशन और मुफ्त देने का फैसला किया था। उस समय एक किलो चना या दाल भी योजना के तहत दिया जाता था। इस तरह प्रत्येक व्यक्ति को जिसके पास राशन कार्ड था, उसे महीने में दस किलो राशन फ्री मिलता रहा और फ्री राशन से कोरोना के दौरान गरीबों का चूल्हा जलता रहा। अगर यह योजना नहीं आयी होती तो संभव था कि कोरोना के दौरान जो आत्महत्या की घटनाओं की लगातार खतरें आ रही थीं, उसकी बाढ़ आ जाती।

**प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### शहरों का हो आधुनिक विकास

शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। ऐसी अनियोजित बस्तियों में न सड़क होती है, न सीवर लाइन, न नाली। पार्क, स्कूल, अस्पताल जैसे बुनियादी सुविधाओं के लिए भी कुछ नहीं होता है। इसलिए नियोजित शहर की बहुत अधिक जरूरत है।

**मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## बाल संरक्षण समिति की बैठक संपन्न

**बहराइच ।** विकास खण्ड बलहा में खण्ड विकास अधिकारी बलहा सुश्री अर्पणा की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान मिशन वात्सल्य (बाल संरक्षण), बाल श्रम, शिक्षा सुरक्षा, बाल विवाह, आवश्यकता एवं देख-रेख, दत्तक ग्रहण प्रकिया, बाल सेवा योजना, प्रर्वतकता (स्पानसरशिप), बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना को प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श के साथ-साथ बच्चों के अधिकारों, विकास एवं बाल संरक्षण से सम्बंधित हेल्प लाईन नम्बर 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181, 1090, 112 आदि तथा किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के क्रियाकलापों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। खण्ड विकास अधिकारी श्री गौतम ने निर्देश दिया कि ब्लाक व ग्राम स्तर पर नियमित रूप से बैठकों का आयोजन किया जाय। इस अवसर पर परामर्शदाता सुशील वर्मा, खण्ड शिक्षाधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई से परामर्शदाता व सामाजिक कार्यकर्ता, डीसी. प्रथम संस्था व ग्राम सभा अध्यक्ष एवं आमजन मौजूद रहे।

# स्वच्छता रैंकिंग में अयोध्या 28वें पायदान पर पहुंचा

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** स्वच्छ भारत मिशन 2024- 25 के सर्वे में पूरे देश में 28 वीं रैंक हासिल कर अयोध्या ने स्वच्छता के पैमाने पर पूरे देश में लंबी छलांग लगाई है। वर्ष 2023-24 में अयोध्या रैंकिंग के मामले में 100वें पायदान पर था। स्वच्छ भारत मिशन की इस उपलब्धि पर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने मिशन से जुड़ी टीम की सराहना की है। अयोध्या नगर निगम ने लगातार चार वर्षो से स्वच्छता के पैमाने पर

- 100वीं रैंक थी 2023-24 के सर्वे में, इस बार 9291 अंक हासिल किया
- महापौर एवं नगर आयुक्त ने की स्वछता टीम की सराहना

अपनी रैंकिंग में निरंतर सुधार किया है। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आने के चलते आई चुनौती के बावजूद इस बार उसकी रैंकिंग पूरे देश में 28 वीं रही। उसे इस वर्ष मई माह में हुए स्वच्छता सर्वेक्षण के कुल पूर्णाक 12500 में 9291 अंक मिले, जो 74 फीसदी रहा, जबकि वर्ष 2023 में उसे 73 फीसदी अंक प्राप्त हुए थे और उसकी रैंकिंग 100वीं थी। वर्ष 2022 में हुए सर्वे में अयोध्या नगर निगम को कुल 53 फीसदी अंक प्राप्त हुए थे और उसकी रैंकिंग 120 वीं थी। इसके पहले 2021 में नगर निगम 158 वें पायदान पर था। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल ने बताया कि मई माह में हुए सर्वे में 28 इंडिकेटर पर स्वच्छता की हकीकत परखी गई थी। इसमें डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन एवं उसका निस्तारण, नगर में प्रतिदिन निकलने वाले कूड़ा और उसका प्रबंधन, व्यावसायिक क्षेत्र की स्वच्छता, फुटपाथ की स्वच्छता, पेयजल की स्वच्छता, शौचालय की स्वच्छता सर्वे में शामिल था। उन्होंने बताया कि सर्वे दल ने नागरिकों से बातचीत कर उनकी राय भी जानी थी। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडे ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडेय एवं मंडल कार्यक्रम प्रबंधक वैभव पांडे की निगरानी में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को कामयाब बनाने में मुख्य सफाई निरीक्षक राजेश झा एवं कमल कुमार, स्वच्छ भारत मिशन के कोऑर्डिनेटर सूर्य प्रताप सिंह, जिओ स्टेट अनुराग मौर्य ऋषि सिंह, सौरव यादव तथा अन्य कर्मचारियों की अहम भूमिका रही। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि लाखों श्रद्धालुओं के निरंतर आगमन के बावजूद नगर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान में नगर निगम की टीम ने जो भूमिका निभाई है, वह काबिल-ए-तारीफ है। उम्मीद है कि अगले सर्वे में हम रैंकिंग श्रेष्ठतम स्थान हासिल करेंगे। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि स्वच्छता रैंकिंग में 28 वां स्थान हासिल होना नगर निगम के लिए बड़ी उपलब्धि है। यह उपलब्धि स्वच्छता मिशन से जुड़े सभी कर्मचारियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उम्मीद है कि निरंतर योजनाबद्ध ढंग से सफाई कर हम उच्च पायदान प्राप्त करेंगे।

## जनपद में 20 जुलाई से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

**बहराइच ।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह अगस्त 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 20 जुलाई से 10 अगस्त 2025 तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 10 अगस्त 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चैहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगवाकर ई-वेइंग स्केल मशीन से खाद्यान्न तौल करते हुए तत्समय ही लाभार्थी को खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण करें।

## कार्यकर्ताओं को नयी सोच के साथ सक्रिय करना संगठन सृजन का उद्देश्यः मो. मोहसिन



**बाराबंकी।** संगठन सृजन अभियान की बैठक रामनगर एवं सिरौलीगौसपुर मे कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक मे जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी संगठन की जान उसका कार्यकर्ता होता है। संगठन सृजन अभियान के द्वारा निष्क्रीय कार्यकताओं को नयी सोच के साथ सक्रिय करना ही संगठन सृजन का मुख्य उद्देश्य है। जिस प्रकार संगठन सृजन आयोजनों में कार्यकर्ताओं का मनोबल पूर्व सांसद पी0एल0 पुनिया एवं सांसद तनुज पुनिया द्वारा बढ़ाया जा रहा है। वह मनोबल ही संगठन की ताकत व हिम्मत है। बैठक मे अमरनाथ मिश्रा, नेकचन्द त्रिपाठी, अनुराग यादव, आर0डी0 राव, सौरभ पाण्डेय, मुरली रावत, संजीव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## बज्म-ए-अजीज का सालाना तरही मसालमा आयोजित



**बाराबकी।** बज्म-ए-अजीज का सालाना तरही मसालमा मोहल्ला नबीगंज अकबर नगर स्थित अल्हाज नसीर अंसारी के आवास पर सम्पन्न हुआ। जिसकी सदारत उस्ताद शायर मुजीब सिद्दीकी करनैल गंजवी व निजामत हुजैल लालपुरी ने की। तरही मे मुख्य अतिथि खीरी कस्बे के सलमान रिजवी, अज्म गोंडवी, अजमल किन्तूरी, मुश्ताक बज्मी द्वारा अपने-अपने कलाम प्रस्तुत किये गये। तो वही मुजीब सिद्दीकी, नसीर अंसारी, अजीम मशाइखी, सलमान रिजवी, मास्टर इरफान अंसारी, बशर मसौलवी, सरवर किन्तूरी, शम्स जकरियावी, हैदर मसौलवी, मकसूद प्यामी, नजर मसौलवी, मतिउल्लाह हुसैनी, सबा जहांगीराबादी ने भी अपना सलाम पेश किया।

## कृषि अधिकारियों ने की 58 उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर छापेमारी

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** खरीफ फसलों की बुवाई के दृष्टिगत जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता, निर्धारित दर पर बिक्री, टैगिंग आदि की जांच हेतु उप

- 6 विक्रेताओं के विक्रय प्राधिकार-पत्र निलम्बित, 8 को कारण बताओ नोटिस जारी

जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में कृषि एवं सहकारिता विभाग अधिकारियों की टीमों द्वारा कुल 58 उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 20 नमूने ग्रहित किये गये। तथा 6 विक्रेताओं के उर्वरक विक्रय प्राधिकार-पत्र निलम्बित एंव 8 विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस निर्गत किया गया। साथ ही कृषको से अपील करते हुये अपनी कृषित भूमि एवं फसल की संस्तुति/आवश्यकता के अनुरूप पी0ओ0एस0 मशीन से ही उर्वरक प्राप्त कर रसीद अवश्य लेने, कोई विक्रेता अधिक दर पर उर्वरक देने या किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग कर रसीद न देने पर उर्वरक कन्ट्रोल रूम नं0 9116295764 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये।

## शिवपुर ब्लॉक में संचालित अभियान में पकड़े गये 11 कुत्ते

**बहराइच ।** जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर तहसील नानपारा अन्तर्गत विकास खण्ड शिवपुर में आक्रामक कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए ग्राम्य विकास, पशुपालन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत मटेराकलां, सेमरिया, रखौना, बरदहाकलां, लौकिहा, शिवपुर एवं बेहड़ा के ग्राम प्रधानों एवं ग्रामवासियों के सक्रिय सहयोग से संचालित किये गये अभियान के दौरान 11 आक्रामक कुत्तों को पकड़ा गया। यह जानकारी देते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय ने बताया कि पकड़े के गये 11 कुत्तों में से 02 कुत्तों का बधियाकरण करके उन्हें मानव आबादी दूर से जंगल में छोड़ दिया गया है।

# अयोध्या में फूड डिपार्टमेंट ट्रांसफर घोटाला

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, अयोध्या में एक गंभीर प्रशासनिक अनियमितता उजागर हुई है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने सीधे लखनऊ स्थित आयुक्त खाद्य सुरक्षा कार्यालय को भेजे शिकायती

- सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय पर लगा शासनादेशों की धज्जियां उड़ाने का आरोप
- नियमों को ठेंगा, अधिकारों का अतिक्रमण

पत्र में सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय व अभिहित अधिकारी मानिक चंद्र सिंह पर शासनादेशों की खुली अवहेलना कर अधिकारियों के ट्रांसफर में मनमानी करने का गंभीर आरोप लगाया है। डॉ. त्रिपाठी के अनुसार, शासनादेश संख्या 31/2018 के स्पष्ट निदेर्शों के बावजूद, सहायक आयुक्त द्वितीय द्वारा पिछले दो वर्षों से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के कार्यक्षेत्र परिवर्तन की प्रक्रिया में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी की भूमिका को जानबूझकर दरकिनार किया जा रहा है।

इसके बजाय वे खुद प्रस्ताव बनाकर जिलाधिकारी को भ्रामक तरीके से अनुमोदन के लिए भेजते हैं और फिर मनचाहे स्थानों पर अधिकारियों की तैनाती करवा देते हैं। आरोप है कि इनके द्वारा जिलाधिकारी को भेजे गए ट्रांसफर प्रस्ताव के बाद जिलाधिकारी ने साफ कहा कि सभी पत्रावलियां उचित माध्यम से भेजी जाय लेकिन इसके बाद भी सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय व अभिहित अधिकारी मानिक चंद्र सिंह ने मनमाने तरीके से अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया।

पत्र में यह भी उल्लेख है कि इस वर्ष भी इसी प्रक्रिया को दोहराते हुए नियमों की अवहेलना करते हुए अधिकारियों की तैनाती कर दी गई, और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी को पूरी प्रक्रिया से अलग कर दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम ने अयोध्या जनपद में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

डॉ. त्रिपाठी ने मामले में शासन स्तर से हस्तक्षेप की मांग की है और संबंधित शासनादेशों, अनुमोदित प्रस्तावों की प्रतियों के साथ दस्तावेज संलग्न किए हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि किस प्रकार नियमों का उल्लंघन हो रहा है। यह मामला न केवल प्रशासनिक कदाचार का संकेत देता है, बल्कि एक बड़े ट्रांसफर घोटाले की भी आहट है, जो गहराई से जांच की मांग करता है।

अब देखना यह होगा कि शासन इस मामले में कितनी गंभीरता दिखाता है और अयोध्या के फूड विभाग में छिपी इस "मनमानी मशीनरी" पर कब तक लगाम लगाई जाती है।

## किसान दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनी किसानों की समस्याएं




**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित डी0आर0डी0ए0 सभागार में जिलाधिकारी शाशंक त्रिपाठी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक मे जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत के निस्तारण की बिन्दुवार समीक्षा करते हुये जिन शिकायतों में संतोषजनक निस्तारण न मिलने पर सम्बन्धित अधिकारियों को पुनः दिशा-निर्देश दिये। इसके उपरान्त जिलाधिकारी को कृषकों द्वारा कृषि से सम्बन्धित अपनी विभिन्न समस्याओं सिचांई हेतु नहरों की सफाई एवं सफाई के उपरान्त प्रबन्धन, ड्रेनों की सफाई, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनान्तर्गत ऋण स्वीकृति, पम्प नहरों में पानी की आपूर्ति आदि के बारे में अवगत कराया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं के नियमानुसार निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही किसानों के अनुरोध एवं समस्याओं के निस्तारण हेतु आगामी किसान दिवस में चकबन्दी विभाग अधिकारी, खनन अधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक को भी बुलाये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक मे जिलाधिकारी ने खरीफ फसल सत्र में खेती हेतु पानी की निर्बाध आपूर्ति हेतु सिंचाई के समस्त इकाइयों के अधिशाषी अभियन्ता, उन्नाव खण्ड एवं सीतापुर खण्ड के बाराबंकी क्षेत्र से सम्बन्धित अभियन्ताओं, पम्प नहर के अधिशाषी अभियन्ता आदि को प्रत्येक सोमवार को साप्ताहिक बैठक आयोजित कर किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया। बैठक मे डा0 अवधेश वर्मा, राम किशोर पटेल, विक्रान्त सैनी, के0के0 यादव, सुनील कुमार यादव, उप कृषि निदेशक, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता, सिंचाई/नलकूप/विद्युत के अधिकारी मौजूद रहे।

# खाद की काला बाजारी रोकने की मांग को लेकर किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन

**बहराइच।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों ने खाद्य की काला बाजारी को लेकर कलेक्ट्रेट की धरना स्थल पर काफी संख्या में एकत्रित होकर खाद्य की ओवर रेटिंग रोकने को लेकर धरना प्रदर्शन किया। खाद्य

- कर 5 बिंदुओं के साथ डीएम को सौंपा ज्ञापन

की ओवर रेटिंग रोकने को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा है। जिले के कलेक्ट्रेट की धरना स्थल पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर तले जिला अध्यक्ष प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में काफी संख्या में किसान एकत्रित हुए। और खाद्य की कालाबाजारी रोकने के लिए जमकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। यूनियन के जिला अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने बताया कि यूनियन की आज मासिक बैठक है। जिसमें खाद्य की कालाबाजारी को लेकर मुद्दा उठाया गया है। किसानों को खाद्य ओवर रेटिंग में बेचा जा रहा है। जबकि सरकारी मूल्य कुछ और ही है। खाद्य की कालाबाजारी रोकने को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि पांच बिंदुओं को लेकर डीएम को ज्ञापन सौपा गया है। जिसने नकली खाद कीटनाशक दवा व बीज की भरमार है इससे किसानों के आर्थिक व्यवसाय के रूप में खेती पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए। जिले के समस्त कोटेदारों द्वारा सरकारी खाद्यान्न के अतिरिक्त बहुत ही घटिया और महंगे भाव में नमक मसाला और धुलाई पाउडर जबरन दिया जा रहा है। जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए और



जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएं। जिले के उद्यान विभाग द्वारा वित्तीय वर्षीय 2024 - 25 में विभाग द्वारा दी गई अनुदान की राशि वाले किसानों की सूची उपलब्ध कराने के साथ वित्तीय वर्षीय 2025 26 में वितरित किए गए निशुल्क पौधे की सूची भी उपलब्ध कराई जाए। जिले के आरटीओ विभाग में दलालों का बोलबाला है। जिनके द्वारा किसानों का शोषण विभाग की मिली भगत से हो रहा। इस पर रोक लगाई जाए।

## करोड़ों की पैथालाजी मरीजों के लिए निष्प्रयोज्य




**सोहावल-अयोध्या।** सी एच सी सोहावल पर करीब एक साल पहले करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई अत्याधुनिक पैथालाजी की हालत बदतर है। एक्स-रे मशीन से लेकर खून, पेशाब, बलगम, सहित दो दर्जन से ज्यादा जांच के लिए हर दिन जहां मरीजों की लाइन लगती थी।

वहां आज सन्नाटा पसरा है। प्रतिदिन 300 से लेकर 400 मरीजों को पंजीकृत करने वाले सीएचसी में लगभग एक चैथाई से ज्यादा मरीजों की जांच होती रही है। इनमें सर्वाधिक संख्या महिलाओं और प्रसूताओं की होती है। जिन्हें विवश होकर अब प्राइवेट सेंटर का सहारा लेना पड़ रहा है। पैथालाजी में इस सन्नाटे की वजह के बारे में पूछे जाने पर सी एच सी प्रभारी डाक्टर फातिमा हसन रिजवी कहती हैं कि केंद्र के संचालन अवधि में विद्युत अनापूर्ति सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है।

## भारत में संगठित धर्मान्तरण की नींव कांग्रेस ने ही डाली थीः वसीम राईन

**बाराबंकी।** भारत में संगठित धर्मान्तरण की नींव कांग्रेस ने ही डाली थी, और आज भी उसके परिणाम दलित मुसलमानों को भुगतने पड़ रहे हैं। उक्त प्रतिक्रिया आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए व्यक्त किये। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन ने आगे कहा कि धर्मान्तरण को लेकर आज जो बहस हो रही है, उसकी जड़ें वर्ष 1950 में रखे गए कांग्रेस के फैसले में हैं। अनुच्छेद 341 के तहत कांग्रेस ने यह तानाशाही फैसला लिया कि अनुसूचित जातियों का लाभ सिर्फ हिन्दू धर्म के अनुयायियों को मिलेगा। सिखों और बौद्धों को बाद में इसमें जोड़ा गया। लेकिन ईसाई और मुसलमान दलितों को आज तक बाहर रखा गया है। क्या यह धार्मिक भेदभाव नहीं है? श्री राईन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पहले दलित मुसलमानों को उनके अधिकारों से वंचित किया। फिर उन्हें प्रलोभन देकर धर्म बदलवाया। उन्होंने वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा अनुच्छेद 341 की समीक्षा के लिए गठित आयोग का स्वागत किया और कहा कि हम मोदी सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हैं। यह पहली बार है जब किसी सरकार ने दलित मुसलमानों और ईसाइयों के हक की ईमानदारी से बात की है। कांग्रेस ने तो हमेशा इन तबकों को सिर्फ वोट बैंक समझा, लेकिन अधिकार कभी नहीं दिए।

# पूर्व मंत्री ने भाजपा सरकार पर लगाये गंभीर आरोप

जिला संवाददाता



**बहराइच ।** में विजय उत्सव लान में आयोजित विश्वकर्मा समाज के कार्यक्रम में पहुँचे सपा के पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए साथ ही बलरामपुर के

- विश्वकर्मा समाज के लोगों का हो रहा उत्पीड़न

चर्चित झांगुर बाबा और तत्कालीन अधिकारियों के संबंध में भी तत्काल जांच करा कर कड़ी कार्यवाही करने की बात कही ,, उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज की आबादी साढ़े सात प्रतिशत है इतनी बड़ी आबादी होने के बाद विधानसभा में इनका कोई विधायक नही है और सरकार में कोई मंत्री नही है समाजवादी पार्टी की जब जब सरकार बनी है चाहे नेता जी मुख्यमंत्री रहे हो या अखिलेश यादव जी ,, लगातार विश्वकर्मा समाज को हिस्सेदारी दी गयी है इस दौरान विश्वकर्मा समाज से विधायक बनाया गया वजधान परिषद सदस्य बनाया गया ,विश्वकर्मा समाज के लोगों के लिए काम किये गए ,विश्वकर्मा समाज का सम्मान बढ़ाया गया और विश्वकर्मा समाज को विकास के रास्ते पर ले जाने का काम किया गया ,, भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगातार विश्वकर्मा समाज की उपेक्षा कर रही है।

आये दिन हत्याएं हो रही हैं बलात्कार हो रहा है विश्वकर्मा समाज की जमीनों पर कब्जा हो रहा है विश्वकर्मा समाज पर लगातार अत्याचार हो रहा है करने वाले दबंग लोग हैं सरकार भारतीय जनता पार्टी की है ,पीड़ितों की न तो सरकार कोई मदद कर रही है न ही सरकार की पुलिस कोई कार्यवाही कर रही है ,,हम आगे आने वाले समय मे विश्वकर्मा समाज को उभारने का काम करेंगे ।

इस सरकार को हटाने का भी काम करेंगे । बलरामपुर के चर्चित छांगुर बाबा और तत्कलीन अधिकारियों के संबंधों पर लग रहे आरोपो पर उन्होंने कहा कि जो बातें सामने आ रही है वो गलत हैं ।

## कई दशकों से सरकारी पशु चिकित्सालय बंद

**अयोध्या।** अयोध्या नगरी में राम मन्दिर निर्माण शुरू होने के साथ ही यहां के मीरापुर मुहल्ले में कई दशकों से विशाल मैदान वाले किराये के विशाल भवन में संचालित हो रहा सरकारी पशु चिकित्सालय खत्म करके जिला प्रशासन व पशु विभाग के अधिकारियों ने उसे जमीन उपलब्ध न होने का हवाला देते हुए फैजाबाद शहर में स्थित पुराने पशु चिकित्सालय परिसर में स्थापित कर दिया। यद्यपि शासन से सरकारी पशु चिकित्सालय

- पशुपालकों को अपने बीमार पशुओं का इलाज कराने में नाकों चने चबाने पड़ रहे

बनवाने हेतु जगह चिन्हित करने हेतु कहा था साथ ही विभाग को धन भी आबंटित कर दिया गया था लेकिन तत्कालीन जिलाधिकारी ने अयोध्या शहर में जमीन उपलब्ध नहीं कराई परिणामतः चिकित्सालय बनवाने हेतु आया धन विभागीय अधिकारियों ने वापस कर दिया। पशु चिकित्सालय को यहां से हटाने का अयोध्या के अत्यंत सहनशील नागरिकों,साधू-संतो ने कोई विरोध नहीं किया। फैजाबाद में पशु चिकित्सालय शिफ्ट होने से अब गौपालकों को अपनी



गायों, भैंसों, कुत्ता, बिल्ली व अन्य पालतू जानवरों का इलाज कराने फैजाबाद ही ले जाना पड़ता है। यहां कोई प्राइवेट पशु चिकित्सक भी नहीं है जो जरुरत पड़ने पर बीमार जानवर का इलाज कर सके सबसे ज्यादा दिक्कत तो तब आती है जब मार्ग दुर्घटना में कोई जानवर चोटहिल हो जाता है उस समय उसके इलाज की सुविधा नहीं मिल पाती है। अयोध्या नगरी की यह इमारत अब भी खाली पड़ी है इस पर सरकारी पशु चिकित्सालय का बोर्ड भी लगा है लेकिन ताला बंद रहता है। इसी तरह से अयोध्या नगरी से लगभग सभी सरकारी दफ्तर खत्म हो चुके हैं अयोध्या वासियों को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए फैजाबाद के चक्कर लगाने पड़े रहे हैं जिसमें समय व धन का अपव्यय होता है। सभी विभागीय अधिकारी फैजाबाद स्थित कार्यालयों में ही बैठते हैं जबकि भाजपा सरकार बनने के पहले यहां सभी सरकारी कार्यालय कायम थे अयोध्यावासियों को फैजाबाद के चक्कर नहीं लगाने पड़ते थे। पशु चिकित्सालय खत्म हो जाने से पशुपालकों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। अयोध्या नागरिक मंच के संयोजक एस0 एन0 बागी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि अयोध्याधाम में पशुओं के इलाज हेतु पहले की तरह सरकारी पशु चिकित्सालय पुनः कायम कराया जाए क्योंकि यहां सैकड़ों गौशालाएं हैं जिनमें हजारों गायें है साथ ही तमाम लोग गायों के साथ साथ भैंस व अन्य पालतू जानवर पाले हुए हैं।

## करंट से युवक की मौत

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र के कोटडीह सरैया लाला का पुरवा निवासी शीतला प्रसाद पुत्र हरिपाल उम्र 35 वर्ष को फरार्टा फैन लगाकर चारपाई पर सोना भारी पड़ गया। मंगलवार की रात तेज हवा के चलते हुई बरसात के दौरान चल रहा पंखा चारपाई पर सो रहे युवक पर जा गिरा। जिसके तार का करेंट पंखे में आने से चपेट में आए युवक शीतला प्रसाद की मौत हो गयी। परिजनों ने गांव निवासी राजेश तिवारी को बताया। उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है।

## दुर्घटना में अधेड़ की मौत

**गोसाईगंज-अयोध्या।** गोसाईगंज कोतवाली इलाके में गैस गोदाम गददौपुर के सामने गुरुवार की सुबह एक अज्ञात वाहन ने एक अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक वाहन चालक वाहन सहित भाग निकला। घायलावस्था में उसे सीएचसी गोसाईगंज ले गए जंहा चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कोतवाली इलाके के अटवाई गांव निवासी डाम उजागिर वर्मा55पुत्र मनीराम के रूप में हुई। एसएचओ विजयंत मिश्र के मुताबिक सीएचसी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

संक्षेप

## डीपी एक्ट में वांछित 3 आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी** । पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरूवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुअसं 187/25 धारा 85, 80 बीएनएस व 3 डी0पी0 एक्ट थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी में 3 वांछित अभियुक्त/ अभियुक्ता अब्दुल रऊफ पुत्र अब्दुल हफीज उम्र करीब 57 वर्ष, .अजमेरुल निशा पत्नी अब्दुल रऊफ खाना उम्र करीब 57 वर्ष,महजबीन बानो पत्नी मो. सलमान खान उम्र करीब 29 वर्ष निवासीगण कटरा भद्दौर थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया ।

## पानी की जगह हवा उगल रहे जल जीवन मिशन के नलकूप

**भेटुआ (अमेठी)**। हर घर जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन के तहत गांवों में लगे नलकूप शो पीस बनकर रह गए हैं। ग्रामीणों को पानी न मिल पाने से समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जल जीवन मिशन के तहत गांवों में लगे नलकूप पानी की जगह हवा ही उगल रहे हैं। ज्यादातर जगहों पर नलकूप में पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक शुरू में कुछ दिनों के अंतराल पर नलकूप से पानी आया लेकिन अब लंबे समय से पानी नहीं आ रहा है। बताया कि गर्मी में हम सबके घरों में लगे नल भी जबाव दे गए हैं ऐसे में पीने तक के पानी की समस्या हो गई है। क्षेत्र के टिकरी गांव निवासी अनिल कुमार तिवारी, संतोष प्रजापति,बिंद्रा प्रसाद मौर्या, विवेक तिवारी के साथ तमाम लोगों ने नलकूप में पानी आने की मांग की है।

## बार एसोसिएशन की वार्षिक बैठक संपन्न

**कादीपुर, सुलतानपुर**। बार एसोसिएशन की वार्षिक कार्यकारणी की बैठक अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बृहस्पतिवार को आयोजित बैठक में बार एसोसिएशन के चुनाव कार्यक्रम के विषय में चर्चा की गई। जिसमें 26 जुलाई को नामांकन पत्र दाखिल करने एवं 28 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच तथा वापसी व 31 जुलाई को चुनाव कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में बार एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक 24 जुलाई को कराए जाने का निर्णय लिया गया। साधारण सभा की बैठक में चुनाव कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में सचिन अखिलेश उपाध्याय सहित कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## फरार गिरफ्तार, जेल

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)**। लगभग डेढ़ वर्षो से फरार चल रहे गैंगरेप एवं दलित उत्पीड़न के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहा से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि बाराबंकी जनपद के हैदरगढ़ थाने के पूरे वैश्य गांव के निवासी सुधीर कुमार यादव के विरुद्ध लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व कोतवाली में गैंगरेप एवं दलित उत्पीड़न का नामजद मुकदमा दर्ज था। तभी से आरोपी फरार चल रहा था।

# महानिदेशक ने किया आरेडिका व फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट में दौरा



**रायबरेली**। महानिदेशक अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) लखनऊ उदय बोरवणकर ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट रायबरेली का दौरा किया। श्री बोरवणकर ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की।

महानिदेशक (आरडीएसओ) ने शेलशॉप, बोगीशॉप, व्हीलशॉप एवं फर्निशिंगशॉप, फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट आदि का निरीक्षण किया। शेलशॉप में निरीक्षण के दौरान कोच वेल्डिंग की गुणवत्ता, साइडवाल, लेजर कटिंग मशीन, कोच रूफ वेल्डिंग, तथा मशीनों की कार्य दक्षता का अवलोकन किया। आगे इसी क्रम में आरेडिका प्रशान्ति परिसर का दौरा किया। प्रशान्ति परिसर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आरेडिका में किए जा रहे विभिन्न कार्यों जैसे- वर्षा जल संरक्षण के लिए नवनिर्मित तालाबों, वर्षा जल संचयन बिंदुओं एवं मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण कर विकसित किये जा रहे क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर आरेडिका के पीएफए बीएल मीना, पीसीईई मनोज कुमार जिंदल, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक अकमल वदूद तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**रायबरेली**। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के निदेर्शानुसार मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सीडीओ ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली गई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर अभिषेक वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एक करोड़ के गांजा के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

- एसटीएफ व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में हुई गिरफ्तारी

**रायबरेली**। एसटीएफ लखनऊ और जनपद पुलिस ने एक संयुक्त ऑपरेशन में गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई में अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 101 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। इसके साथ ही तस्करी में इस्तेमाल की गई दो गाड़ियां भी बरामद हुई हैं। गिरफ्तार किए गए चारों तस्कर ओडिशा के रहने वाले हैं।

एसटीएफ व गुरुबक्शगंज पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में गांजा तस्करी का एक बड़ा नेटवर्क सक्रिय है। इस सूचना के आधार पर एसटीएफ ने रायबरेली पुलिस के सहयोग से गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान चार तस्करों को पकड़ा गया, जो लग्जरी गाड़ियों में गांजा छिपाकर उन्नाव ले जाने की फिराक में थे। गांजा प्लास्टिक की बोरियों में भरकर कारों की डिग्गी में छिपाया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार 101 किलो अवैध गांजा पकडा गया है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग एक करोड़ आंकी गई है। इसके अलावा इनोवा कार (ओडी15एस3699) और स्विफ्ट डिजायर (ओडी31एम4162) व चार मोबाइल फोन, पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और 4,880 रुपये नकद बरामद हुआ है। गिरफ्तार तस्करों के खिलाफ थाना गुरुबक्शगंज में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## गांजा तस्करी में पकड़े गये आरोपियों के नाम

किशोर कुमार मेहर पुत्र वीरामणि मेहर, निवासी थाना पट्टी पड़ा, कोतवाली नगर, जनपद सोनपुर, कम्पल बगरती पुत्र अकरुरा बगरती निवासी बारीगांव थाना उलुण्डा जनपद सोनपुर, तुसार महापात्रा पुत्र बद्रीप्रसाद महापात्रा निवासी गौड़ाघाट पड़ा थाना कोतवाली नगर जनपद सोनपुर, मानस महापात्रा पुत्र टीटू महापात्रा निवासी मुंडीपडर थाना मनमुंडा जनपद बोध, ओडिशा। पूछताछ के दौरान आरोपी किशोर कुमार मेहर ने बताया कि वह 2021 में मध्य प्रदेश के जबलपुर में गांजा तस्करी के एक मामले में जेल जा चुका है। यह गिरोह ओडिशा से गांजा लाकर उत्तर प्रदेश के रायबरेली, लखनऊ, उन्नाव और अन्य जिलों में इसकी सप्लाई करता था।

# बोल बम को श्रद्धालु हुए रवाना



**भेटुआ (अमेठी)**। भगवान भोले नाथ को प्रसन्न करने के लिए सावन माह लगते ही भक्तो मे बाबा धाम जाने का उत्साह बढ़ जाता है। क्षेत्र के शिवकुटी टिकरी गाँव से बुधवार को कावरियों का चालीस लोगो का एक जत्था रवाना हुआ। शिव भक्त गेरुआ बस्त्र मे *चल कावरिया कांवर उठा नारा शिव का लगा* गीत गाते हुए घर से बाबा धाम को गये। बीते बीस वर्षो से लगातार बाबा धाम को जाने वाले शिव भक्त शिवदुलारे सिंह दादा ने बताया कि भगवान भोले नाथ को श्रद्धा से जल अर्पण करने से मुक्ति व मन को शांति मिलती है। इस जत्थे मे रमेश कुमार अग्रहरि, , जगन्नाथ,राजकुमार सोनी, अमर सिंह,गोलू,सत्यम अग्रहरि ,चन्दन,संतोष कुमार, अन्नू आदि लोग रहे।

## ग्रामीणों की शिकायत पर हटायी गयीं पीली ईंटें सचिव की निगरानी में दोबारा निर्माण शुरू

**संग्रामपुर (अमेठी)**। विकास खंड संग्रामपुर के ठेंगहा बगिया स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में निमार्णाधीन आंगनवाड़ी केंद्र में उपयोग हो रही पीली ईंट को लेकर ग्रामीणों ने अनियमितता की शिकायत की थी। पीली ईंट लगाए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने जांच टीम को मौके पर भेजा। जेई आरएस की संयुक्त टीम ने निरीक्षण के दौरान निर्माण स्थल पर पीली ईंटों के उपयोग की पुष्टि की। टीम को दीवार में कुछ पीली ईंट का उपयोग और निर्माण स्थल पर पीली ईंट रखा मिला, जिस पर संबंधित सचिव मिथिलेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निर्माण में प्रयोग की गई ईंटें हटवाकर मानक अनुसार दोबारा निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए गए। निर्देश के अनुपालन में सचिव मिथिलेश कुमार स्वयं मौके पर पहुंचे और दीवार में लगी ईंटों को तोड़वाकर हटवाया। इसके बाद दोबारा से गुणवत्तापूर्ण ईंटों से निर्माण कार्य शुरू करवाया गया। सचिव ने बताया कि ग्रामीणों की आपत्ति को देखते हुए वे स्वयं प्रतिदिन निर्माण स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं और कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।स्थानीय ग्रामीण अनुपम मिश्र, आशुतोष मिश्र, अनुराग मिश्र, राजीव मिश्र और मनोज शर्मा ने भी सचिव की पहल की सराहना की और गुणवत्तापूर्ण कार्य होने पर संतोष जताया।

# बिजली संकट ने बढ़ायी किसानों की मुश्किलें

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर**। क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को धान की रोपाई के बीच बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। दियरा विद्युत उपकेंद्र के मोतिगरपुर फीडर की आपूर्ति बुधवार शाम से पूरी तरह बाधित है। गुरुवार दोपहर दर्जनों बार ट्राई के बाद सीएचसी मोतिगरपुर तक आपूर्ति बहाल हो सकी, जबकि उसके आगे की आपूर्ति नहीं चालू हो सकी। साधू सिंह, जय प्रकाश सिंह, बब्बन चैबे, राजू चैबे, अरविंद कुमार और अरुण कुमार सहित अन्य स्थानीय लोगों और किसानों का आरोप है कि बरसात से पहले विद्युत विभाग द्वारा पेड़ों की छटाई-कटाई का कार्य नहीं कराया गया। जिसके चलते हल्की हवा या बारिश होते ही फाल्ट की आड़ में आपूर्ति ठप कर दी जाती है। वहीं संविदा लाइनमैन की लापरवाही ने हालात और बदतर कर दिए हैं। प्रदेश सरकार ने भले ही किसानों के निजी नलकूपों का बिजली बिल माफ कर दिया हो, लेकिन बिजली मिल ही न पाए तो उसका लाभ कैसे मिलेगा? धान की रोपाई कर रहे किसानों को जहां सिंचाई के लिए अधिक बिजली की जरूरत है, वहां 24 घंटे में महज 3 से 4 घंटे की ही आपूर्ति हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते विभाग सचेत होकर पेड़ों की छंटाई करवा देता तो बार-बार आपूर्ति बाधित न होती। अब हालात यह हैं कि किसान खेतों में पानी न पहुंचा पाने से चिंतित हैं और रोजमर्रा के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। मोतिगरपुर फीडर से जुड़े खेमाजितपुर, गौरा, डड़वा कला, शाहपुर लपटा, बेलवारी, मोतिगरपुर, डींगुरपुर, बनकेगांव, चैहानपुर, खरगपुर, अहदा, अहिरौली, गोरसरी, मलिकपुर बखरा सहित दो दर्जन से अधिक गांवों के लोग इस समय बिजली संकट से जूझ रहे हैं और विभागीय लापरवाही पर नाराजगी जता रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि विभाग पेड़ों की छंटाई का कार्य तत्काल कराए और फाल्ट की आड़ में आपूर्ति ठप करने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों और आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। एसडीओ जयसिंहपुर अमरजीत वर्मा ने बताया कि मौसम साफ होने के बाद पेड़ों की कटाई छटाई का काम कराया जाएगा, जिसे आपूर्ति सुचारु सके।

# प्रो.शीला का विदाई कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न



**लालगंज, रायबरेली**। जिले के प्रतिष्ठित, शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी, बैसवारा महाविद्यालय में पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। प्रो. शीला श्रीवास्तव 30 जून 2025 को सेवानिवृत हो गई थी। प्रो. श्रीवास्तव ने 2 मई 2023 को महाविद्यालय में प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया था और पूर्व प्राचार्य के दो वर्ष के अल्पकाल में ही महाविद्यालय को नैक ग्रेड-बी प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने प्राचार्य शीला श्रीवास्तव के द्वारा अपने दो वर्ष के अल्पकाल में ही महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए प्रोफेसर श्रीवास्तव का आभार प्रकट किया और उनके जीवन की नई पारी की शुरुआत की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना भी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. निरंजन राय ने कहा कि प्रोफेसर श्रीवास्तव का कार्यकाल नियमानुसार कार्य करने, अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने तथा उनके द्वारा ऐतिहासिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए याद किया जाएगा। प्रोफेसर राय ने पूर्व प्राचार्य के स्वस्थ जीवन एवं दीघार्यु होने की मंगल कामना की। प्रो. शीला श्रीवास्तव ने अपने इस सेवानिवृत्ति उदबोधन में महाविद्यालय की प्रबंधक, प्रबंध समिति के सभी सदस्यों, महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया और सभी ने उनके कार्यकाल के दौरान किए गए सहयोग की भूरी-भूरी प्रशंसा की। प्रो. श्रीवास्तव का सम्मान प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह, प्राचार्य प्रोफेसर निरंजन राय, समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों ने स्मृति चिन्ह, शाल, पुष्पगुच्छ एवं फूलमालाओं द्वारा किया गया।

इस अवसर पर लुआक्टा अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज पांडे एवं महामंत्री प्रो. अंशु केडिया, उपाध्यक्ष प्रो. सिद्धार्थ सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ कीर्ति तिवारी, फुफुक्टा के महामंत्री प्रोफेसर प्रदीप सिंह ,लुआक्टा के जिला संयुक्त मंत्री श्रीकान्त , जिला महामंत्री प्रो. बीके .भारद्वाज ,के. के .सी कॉलेज के महामंत्री, डा विक्रम सिंह, लखनऊ शिया कॉलेज से डॉअमित राय ,डॉ श्रवण कुमार गुप्ता, डॉ .आलोक यादव, कमला नेहरू पी जी कॉलेज से डॉ सतीश सिंह, महाविद्यालय परिवार के पूर्व प्रो. एमडी सिंह, प्रोफेसर हजारी सिंह, बैसवारा इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र बहादुर सिंह, भवानी श्रीवास्तव , डिग्री कॉलेज के वरिष्ठ लेखाकार सुरेश गुप्ता,प्रबंध समिति के अन्य सदस्य लालगंज परिक्षेत्र के बौद्धिक जन, महाविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी कार्यक्रम में मौजूद रहे(

## सिर्फ कागजों पर हैं तैनात हैं चिकित्सक जिले में स्वास्थ्य सेवा हुई धड़ाम

**रायबरेली**। सरेनी विकास क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रदेष सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। कागजों पर तैनात चिकित्सक अस्पतालों तक नहीं पहुंच रहे हैं। जिला मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षकों की सांठगांठ से अस्पतालों में चिकित्सकों के नदारद रहने से ग्रामीण क्षेत्र की चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह से ढ़ाक के तीन पात हो चुकी है। जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारी तक क्षेत्र की इस गंभीर समस्या के प्रति मूक बने हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार सरेनी ब्लाक क्षेत्र में स्थित कस्बा बदलू व भोजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदहाली के महज नमूना हैं। इन अस्पतालों ने कागजों पर चिकित्सक तैनात हैं लेकिन मौके पर किसी भी चिकित्सक के न उपस्थित रहने से मरीजों का कोई पुरसाहाल नहीं है। इन अस्पतालों की व्यवस्था वार्डब्याय, फार्मासिस्ट व स्वीपर देख रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अस्पताल के उद्घाटन के बाद से चिकित्सकों का अभाव रहा है। यहां बने आवासों में किसी के न रहने से करोड़ो रुपए की लागत से बने भवन पूरी तरह से न केवल क्षतिग्रस्त हो गये हैं बल्कि अस्पताल परिसर जंगल में तब्दील हो गया है। चिकित्सकों व अन्य स्टाफ के आवास जंगली जानवरों की सैरगाह बन गये हैं। आपकों बता दें कि यहां वेल्सनेस सेंटर भी है। ग्रामीण बताते हैं कि यह कभी खुला ही नहीं है। भोजपुर, तेजगांव, आदि अस्पताल पूरी तरह से बदहाली के षिकार हैं। आष्चर्य की बात तो यह है कि लगभग प्रत्येक माह प्रदेष सरकार के स्वास्थ्य मंत्री का जिले में आगमन भी होता है मगर क्षेत्र के सत्तापक्ष व विपक्ष के किसी भी जनप्रतिनिधि ने जनहित का यह मुद्दा उनके सामने नहीं रखा जिससे की ढ़ाक के तीन पात होती ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा सुधर सकती। सरेनी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक राजेष गौतम से कस्बा बदलू अस्पताल की बदहाली पर जानकारी ली गयी तो उन्होने बताया कि वहां के चिकित्सक तीन दिन सरेनी में सेवा देते हैं। लेकिन उन्हे षीघ्र ही पूरे सप्ताह के लिए भेजा जाएगा।

# प्रबंधक ने पर्यावरण संरक्षण के तहत विद्यालय में किया पौधरोपण



**सुलतानपुर (वीओएल)**। रामबरन पीजी कॉलेज बिभारपुर प्रबन्धक अजय सिंह ने 65वें अवतरण पर महाविद्यालय परिसर में माता-पिता के नाम 21 फलदार छायादार पौधरोपण कर जरुरतमंदों को अंगवस्त्र प्रदान किया। छात्राओं ने मनमोहक संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। गुरूवार को श्याम कुमारी इंटर व रामबरन पीजी कॉलेज के छात्र छात्राओ ने प्रबन्धक अजय सिंह के अवतरण दिवस पर रंग बिरंगे परिधानो मे स्वागत गीत, लोकगीत, पर्यावरण संरक्षण पर आधारित मार्मिक एकांकी प्रस्तुत कर लोगों को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। अच्छी प्रस्तुति के लिए लोगों ने सराहा। प्रबन्धक ने परिसर मे मां, पिता के नाम पर आम, जामुन, आंवल का फलदार व शीशम का छायादार 21 पौधारोपण कर कहा पर्यावरण संतुलन के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। प्रत्येक नागरिक को पौधे रोपकर उसकी देखभाल बच्चों की तरह करनी चाहिए तभी प्रकृति की समानता बनी रह सकती है। पौधारोपण कर देश की खुशहाली में लोग अपना योगदान अवश्य करें। प्रबंधक के जन्मदिन पर बच्चों ने केक काटकर मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम में प्रशासक संजय सिंह, डायरेक्टर अमर प्रताप सिंह, दिलीप कुमार दुबे, सिंधु लता त्रिपाठी, राम मनि यादव, शिवानी चैबे, सीमा सिंह बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# 31 जुलाई तक छात्र ले सकेंगे इग्नू में प्रवेश

**सुलतानपुर (वीओएल)**। कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान का इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न कोर्सों में प्रवेश चल रहा है। यह जानकारी केएनआई इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डा. शक्ति सिंह नें दी है। इन्होंने बताया कि इग्नू के तहत अध्ययन करने हेतु प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2025 निर्धारित रही। छात्र हित में अब इस प्रवेश तिथि को 31 जुलाई 2025 तक विस्तारित कर दिया गया है। इच्छुक विद्यार्थी या कोई व्यक्ति इग्नू के अंतर्गत एमए.बीए.बी.कॉम एम.कॉम. बी.लिब बी.बी.ए. एम.बी.ए. जैसे विषयों, डिप्लोमा इन हॉर्टिकल्चर डेयरी टेक्नोलॉजी रूरल डेवलपमेन्ट आदि मे डिप्लोमा कोर्सों मे तथा सर्टिफिकेट इन ह्यूमन राइट ऑर्गेनिक फॉर्मिंग रूरल डेवलपमेंट बी.कीपिंग व फूड न्यूट्रिशन एंड चाइल्ड केयर जैसे सर्टिफिकेट कोर्सों सहित लगभग 65 रोजगारपरक कार्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं।

इग्नू के समन्वयक ने बताया कि दूर-दराज में रहने वाले नवयुवकों के कौशल विकास के लिए इग्नू एक सुनहरा अवसर है। नौकरी-पेसा लोग या अन्य कोई भी जो किन्ही कारणों से अपनी पढ़ाई पूरी नही कर पा रहे हों, वह भी इग्नू का लाभ उठा सकते हैं। प्रवेश के लिए आयु सीमा की कोई बाध्यता नही है। इससे संबंधित अधिक जानकारी के लिए के.एन.आई. स्थिति इग्नू कार्यालय पर सम्पर्क कर सकते हैं। प्रवेश ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से इग्नू वेबसाइट पर जाकर लिया जा सकता है। साथ ही साथ रेगुलर कोर्स के साथ भी कैरियर विकल्प के रूप में इन कोर्सों में प्रवेश लेकर अध्ययन किया जा सकता है।

## एडीएम फाइनेंस ने बाढ़ चौकी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**रायबरेली**। एडीएम (वि/रा) अमृता सिंह ने बाढ़ की संभावनाओं को देखते हुए तहसील डलमऊ में स्थापित बाढ़ की चैकी पूरे गौतमन का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन व तहसील प्रशासन द्वारा संपूर्ण तैयारियां कर ली गई हैं। बाढ़ राहत शिविरों की व्यवस्था की गई है, जहां प्रभावित लोगों को भोजन, आश्रय और अन्य आवश्यक आसुविधाएं प्रदान की जाएंगी। बाढ़ नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं, इसके साथ ही आपदा प्रबंधन टीमों को सक्रिय किया गया है, जो बाढ़ की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देंगी।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डलमऊ अहमद फरीद खान, खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, सीएचसी इंचार्ज, क्षेत्रीय लेखपाल, आंगनबाड़ी सहायिका आदि उपस्थित रहे।

## अवैध स्कूलों के खिलाफ अभियान बना शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कमाई का जरिया

**रायबरेली**। सरकार का अवैध रूप से संचालित होने वाले स्कूलों के खिलाफ अभियान षिक्षा विभाग के अधिकारियों की कमाई का जरिया बन चुके हैं। दो वर्षों से यह अभियान चल रहा है मगर अभियान में अमान्य कक्षाएं संचालित करने वाले स्कूलों की खिलाफ कार्रवाई की संख्या नगण्य है।

उल्लेखनीय है कि 2024-25 में अभियान चला और स्कूलों तक जांच के लिए जीआईसी के षिक्षक पहुंचे, स्कूलों में अमान्य कक्षाएं भी मिली लेकिन किसी के भी खिलाफ कार्रवाई सुनिष्चित नहीं हो सकी। जिन स्कूलों ने जांच में पहुंचे लोगों के मुंह बंद नहीं किए वे दोषी साबित किये गये। जांच में पाये गये अमान्य कक्षाएं चलाने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की संख्या षिक्षा विभाग के अधिकारियों की निष्ठा पर सवाल उठा रही है। सरेनी, लालगंज व खीरों में 70 प्रतिषत स्कूल अमान्य कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। विभागीय नोटिसें ग्रुपों में व अन्य सोषल मीडिया पर चल रही हैं मगर षिक्षा विभाग की बंदर घुड़की से कोई स्कूल अमान्य कक्षाएं बंद नहीं कर रहा है। सूत्र कहते हैं कि स्कूलों को पता है कि जांच में आने वालों के उपकृत होने के बाद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। उधर, बेसिक षिक्षक संघ आंदोलित हैं और अमान्य कक्षाएं चलाने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि स्कूल मान्यताएं प्राथमिक की ले रखा है और कक्षाएं 12 तक संचालित हो रही हैं। अमान्य कक्षाएं संचालित करने वाले सैकड़ों स्कूल हैं मगर षिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिखाई नहीं दे रहा है। बिना मान्यता भी स्कूल संचालित हो रहे हैं। मगर किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। प्राथमिक षिक्षक संघ के नेताओं ने अपने ही विभागीय अधिकारियों की निष्ठा पर सवाल खड़ा किया है।

# विद्युत मेगा कैंप में समस्याओं का हुआ समाधान



**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)**। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिशासी अभियंता कार्यालय कादीपुर में विद्युत बिल सुधार मेगा कैंप का आयोजन किया गया। बृहस्पतिवार को आयोजित कैंप में बिल संशोधन,नया कनेक्शन,क्षमता वृद्धि, मीटर सम्बन्धित समस्या, विधा परिवर्तन, बिल भुगतान समस्या सहित अनेक समस्याओं का समाधान किया गया। उपखंड अधिकारी कादीपुर त्रिभुवन सिंह ने बताया कि 17 को आयोजित कैंप आगामी तीन दिनों तक चलेगा। इस कैंप में विद्युत से संबंधित सभी समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड का संकल्प है कि हम हर उपभोक्ता तक पारदर्शी और सही बिलिंग की सेवा दें और उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु कार्य करें। मेगा कैंप में लगभग 60 उपभोक्ताओं ने अपनी विद्युत की विभिन्न समस्याओं को दर्ज कराया और निस्तारण के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

## पुस्तकें बनाती हैं व्यक्तित्व को सशक्त

**सुलतानपुर (वीओएल)**। कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के प्रबंधक एवं शहर विधायक विनोद सिंह ने बुधवार को अपने आवास पर ह्लपुस्तकालय एवं सूचना विज्ञानः संगठन एवं प्रबंधनह्ल पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक के.एन.आई. के पुस्तकालय प्रभारी डॉ. राजेश पांडेय द्वारा लिखी गई है। विमोचन के अवसर पर विधायक विनोद सिंह ने कहा कि पुस्तकें व्यक्ति के कृतित्व और व्यक्तित्व दोनों पर गहरा प्रभाव डालती हैं। यदि व्यक्ति अपने क्षेत्र से संबंधित पुस्तकों, पत्रिकाओं और अन्य अध्ययन सामग्री का समुचित उपयोग करे, तो उसका कार्य न केवल उत्कृष्ट होगा, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणादायक बन जाएगा। इस मौके पर संस्थान के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह, उपप्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह, मुख्य अनुशासक डॉ. सुधांशु सिंह सहित अनेक शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. पांडेय को शुभकामनाएं दीं और पुस्तक को पुस्तकालय विज्ञान के छात्रों और शोधार्थियों के लिए उपयोगी बताया।

## बड़ी घटना के इंतजार में बिजली विभाग

**महराजगंज, रायबरेली**। बिजली सप्लाई के लिए गांव में लगा पोल एक सप्ताह पहले टूटकर छत पर गिर गया है। घर में रहने वाले लोग परेशान हैं। विभाग के जिम्मेदार जेई अजय कुमार सैनी ने मामले को गंभीरता नहीं लिया तो पीड़ित परिवार के बेटे ने एसडीएम से समस्या निदान की गुहार लगाई है। क्षेत्र के सागर पुर मजरे कुसुढी गांव में रामकुमार यादव के घर के बगल में लगा बिजली का पोल एक सप्ताह पहले नीचे से टूट गया है। पोल टूटकर रामकुमार यादव की छत पर गिर गया है। जिससे बारिश में छत पर करेंट उतरने का खतरा है। राम कुमार ने पोल टूटने की बात स्थानीय लाइन मैन बच्चन को बताई लेकिन कोई राहत नहीं मिली। फिर उनके बेटे सुनील कुमार ने बताया कि जेई अजय कुमार सैनी फोन नहीं उठाते है। उनसे बात नहीं हुई तो सुनील ने एसडीएम सचिन यादव को 14 जुलाई को समस्या से अवगत कराया। एसडीएम सचिन यादव ने आश्वासन दिया कि विभाग को पोल बदलने के निर्देश दिए गए हैं। उपजिलाधिकारी से की गई शिकायत के तीन दिन बीत जाने पर भी। टूटे पोल की मरम्मत नही हुई है। ग्रामीणों का कहना है पोल टूटने जैसे गंभीर मामले में भी विभागीय शिथिलता किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं। मामले में जेई अजय कुमार सैनी ने बताया कि पोल टूटने की जानकारी है। समय मिलने पर टूटा पोल बदलाया जाएगा।



संक्षेप

## घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक

**आगरा।** बाह थाना क्षेत्र मगदपुरा में एक युवक का शव घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने युवक के साथ रहने वालों पर ही हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। पैसे के लेन-देन का विवाद बताया जा रहा है। मगपुरा निवासी 40 वर्षीय रामतीर्थ पुत्र आसाराम बुधवार को घर के कमरे में ही फंदे पर लटका मिला। शव को फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाह में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि 2-3 दोस्त दिन में रामतीर्थ को बुलाकर ले गए थे। इस दौरान इनमें मारपीट हुई है। दोनों पक्षों के चोट आई है। इस पर दूसरे पक्ष के लोगों ने रामतीर्थ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी थी। इस पर परिजनों का कहना है कि वे घर छोड़कर चले गए। इसके बाद वे लोग घर पर आए और युवक को फांसी लगा दी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके साथ ही घटनाक्रम की छानबीन शुरू कर दी है।

## देसी शराब सहित गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना पुलिस व आबकारी विभाग टीम ने संयुक्त चेकिंग के दौरान फिरोजाबाद जाने वाले सर्विस रोड मसूरी ढ़ाबा से 20 कदम आगे संगम बांके बिहारी ढ़ाबा से बुधवार शाम एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी नरेश बघेल निवासी अलीनगर केंजरा राजा का ताल है। आबकारी निरीक्षक मुकेश प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी से तलाशी के दौरान 20 पौआ ट्रैटा पैन देसी शराब के बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## डॉक्टर से 1.80 लाख लूटने वाला दूसरा बदमाश भी पकड़ा

**मथुरा।** थाना मगोर्रा क्षेत्र के नगला रतु गांव में चिकित्सक के साथ हुयी 1.80 लाख रुपये की लूट की वारदात में शामिल एक और बदमाश को पुलिस ने पकड लिया है, इससे पूर्व इसके एक साथी को स्थानीय लोगों के सहयोग से लूट के दौरान पकड लिया था। पुलिस ने इनके पास से 1.70 लाख रुपये की नकदी भी बरामद कर ली है। थाना मगोर्रा क्षेत्र के नगला रतु निवासी डॉ. दिगंबर सिंह केएम अस्पताल में चिकित्सक हैं। उनके बीमार भाई का इलाज कराने के लिए उन्होंने अपने एक रिश्तेदार से 1.80 लाख रुपये की व्यवस्था की थी। यह राशि रिश्तेदार ने उन्हें मगोर्रा स्थित एसबीआई शाखा से निकाल कर दी, जिसे डॉ. सिंह ने अपने बैग में रख लिया और बाइक से सौंख की ओर रवाना हो गए। बैंक से कुछ ही दूरी पर सुनसान रास्ते पर बाइक सवार दो बदमाशों ने पीछे से आकर उनके हाथ से रुपयों से भरा बैग झपट लिया और भागने लगे। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण सक्रिय हो गए और उनमें से एक बदमाश को दौड़ाकर पकड़ लिया। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पैसों से भरा बैग फेंक दिया, लेकिन इसी दौरान एक बदमाश भीड़ से बच निकलने में सफल रहा और करीब एक लाख रुपये उठाकर भाग गया। सूचना पर थाना मगोर्रा पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए बदमाश को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बाद में जनता की मदद से पुलिस ने दूसरे फरार बदमाश भूरा पुत्र निहाल सिंह निवासी लठाकुरी को कमलपुरा नगला धाम के पास से दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों लुटेरे योगेश पुत्र मोहन सिंह और भूरा मगोर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम लठाकुरी के निवासी हैं।

# होमगार्ड को गोली मारने वाले बदमाश मुठभेड़ में घायल



**मथुरा।** नौहझील थाना क्षेत्र में बीती रात होमगार्ड को गोली मारकर घायल करने वाले दो बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पैर में गोली लगने के कारण दोनों बदमाश घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने दोनों बदमाशों से घटना में प्रयुक्त बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं।

एसपी क्राइम अवनीश मिश्रा ने बताया कि 14 जुलाई सोमवार सुबह लगभग 6 बजे ड्यूटी के बाद घर से कसरत करने मिट्ठोली बंबा पर गए होमगार्ड कृष्ण कुमार निवासी अवाखेड़ा को बदमाशों ने पेट में गोली मार दी थी। घायल होमगार्ड का एसएन मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी है। होमगार्ड के चाचा कुशलपाल ने चार नामजदों जगदीश निवासी मिठ्ठोली, वंश व शिवम चैधरी निवासी बाजना, मनीष चैधरी निवासी जरैलिया और 3 अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमवार को ही हमलावर जगदीश को तमंचा व खोखा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया था। अन्य की तलाश में जुटी थी। बुधवार रात पुलिस को सूचना मिली कि घटना में शामिल बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में मानागढ़ी रोड़ पर यमुना एक्सप्रेस-वे के कटैलिया अंडर के पास घूम रहे हैं। थाना पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की। पुलिस से घिरता देख दोनों बदमाश शिवम व मनीष ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों के पैर में गोली लग गई और घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने दोनों बदमाशों के पास से घटना में प्रयुक्त बाइक, दो तमंचा, चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। मनीष पर चार व शिवम पर दो केस दर्ज हैं। पुलिस टीम में थाना प्रभारी सोनू सिंह, उपनिरीक्षक अंकित कुमार आदि शामिल रहे। पुलिस मुठभेड़ में दोनों घायल बदमाश मनीष व शिवम द लॉइन्स ग्रुप बाजौता गैंग के शूटर बताए जा रहे हैं। एसपी देहात सुरेश चंद रावत ने बताया कि उक्त गैंग के बदमाश इंस्टाग्राम पर द लॉइन्स ग्रुप बाजौता के नाम से ग्रुप बनाकर सोशल मीडिया पर अवैध शस्त्र का प्रचार-प्रसार व भड़काऊ वीडियो बनाकर लोगों में भय व्याप्त करते हैं। गौरक्षक बनकर ग्वालों व पशु व्यापारियों के साथ अवैध वसूली हेतु मारपीट व धमकी देकर अपने शौक पूरे करते हैं।

# 51 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी यूपीपीएससी परीक्षा

**मथुरा।** उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा.) परीक्षा 2023 की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई संपन्न। उक्त परीक्षा जनपद के 51 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।

27 जुलाई 2025 को परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें प्रातः 9:30 बजे से 12:30 बजे तक परीक्षा होगी। उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा.) परीक्षा 2023 में 22368 अभ्यर्थी शामिल होंगे। उपरोक्त परीक्षा निर्धारित प्रक्रियानुसार सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्षता तथा सुचितापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु शान्ति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिकोण से 51 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 51 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक ससमय केंद्रों पर पहुंचे तथा जिम्मेदारी के साथ परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए। उन्होंने कहा कि सभी मजिस्ट्रेट अपने अपने केंद्रों का निरीक्षण करे, सड़क मार्गों का जायजा ले, स्कूल प्रबंधन के साथ बैठक करे तथा सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे। सभी केंद्रों के कक्षों में पर्याप्त लाइट की व्यवस्था होनी चाहिए, अभ्यर्थियों हेतु पेयजल की व्यवस्था करे, सीसीटीवी कैमरे स्थापित होने चाहिए तथा सीसीटीवी कंट्रोल रूम बनाए। केंद्रों पर अभ्यर्थियों के बैग, मोबाइल, सामान आदि रखने के लिए नियमानुसार क्लॉक रूम की सुविधा करे। डीएम ने निर्देश दिए कि परीक्षा दिनांक 27 जुलाई 2025 को प्रातः 6:30 बजे से स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं परीक्षा कार्य से संबद्ध कार्मिक तथा पुलिस कार्मिक परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर अपनी ड्यूटी करना सुनिश्चित करे। 27-07-2025 को प्रातः 6.30 बजे से अपरान्ह 12.30 बजे तक कलैक्ट्रेट मथुरा स्थित अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) मथुरा के कार्यालय में नियंत्रण कक्ष कार्य करेगा। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक होंगे। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 0565-2471128 है। ठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र कुमार, डीडीओ गरिमा खरे, पीडी डीआरडीए अरुण कुमार, उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार, डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र यादव, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार सहित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

# बाल अपचारी सहित 3 शातिर चोर गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा चोरी का सफल अनावरण कर तीन अभियुक्तों को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया गया है। थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा थाना लाइनपार पर पंजीकृत चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन अभियुक्तों अंकित यादव पुत्र नाथूराम, आशीष यादव पुत्र राजेश यादव व एक बाल अपचारी निवासीगण ठार मेवाराम रूपसपुर थाना लाइनपार फिरोजाबाद को चोरी के सामान ट्रैक्टर की दो बैटरी, एक टॉपलिंग, दो हुक व एक पटली सहित नगला आशा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक विधिक का?वाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## विवि में टॉयलेट व पानी व्यवस्था ध्वस्त, पार्क में लगा गंदगी का ढेर, फीमेल टॉयलेट में लटके मिले ताले

**आगरा।** डॉ भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी भले ही नैक ए प्लस ग्रेड हो। लेकिन विश्वविद्यालय में ए प्लस ग्रेड वाली कोई सुविधाएं नही है। यूनिवर्सिटी में आए छात्र-छात्राओं को टॉयलेट और पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। कई फीमेल टॉयलेटों में ताले लटके पड़े है। पानी के वाटर कूलर खराब है। पार्क में गंदगी का ढेर लगा हुआ है। यहां काम कर रहे कर्मचारियों ने परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के पीछे बने टॉयलेट में कबाड़ भर दिया है। छात्र नेता आकाश शर्मा ने बताया कि आगरा यूनिवर्सिटी में साफ सफाई, शौचालय और पानी की व्यवस्था खराब है। यूनिवर्सिटी चाहे नैक ए प्लस ग्रेड क्यों न हो। यूनिवर्सिटी को अभी बहुत काम करना है। उन्होंने बताया कि गोपनीय कार्यालय के बाहर वाटर कूलर खराब है। लोगों पानी पीने के लिए इधर-उधर भटक रहे है। पानी की कोई व्यवस्था नही है। यूनिवर्सिटी में आए लोग बाहर से खरीद कर पानी पीते है। टॉयलेट का वाशबेसिन टूटा है। फीमेल टॉयलेट में ताले लटके पड़े है। हेल्प डेक्स के पास दो टॉयलेट है। जिसमें से एक बंद है, जो बंद है वो फिमेल टॉयलेट है। नए प्रवेश चालू है, छात्र-छात्राएं आ रहे है। अव्यवस्था से नए छात्र-छात्राओं के सामने यूनिवर्सिटी की छवि खराब हो रही है। काजल ने बताया कि वह यूनिवर्सिटी मे किसी काम से आई थी। उन्होंने कैमरे के सामने आने से मना कर दिया। कहा कि विश्वविद्यालय में पीने के पानी और टॉयलेट व्यवस्था बहुत खराब है। विश्वविद्यालय को इन छोटी-छोटी समस्या पर ध्यान देना चाहिए।

# 4 ठेकेदारों पर 25-25 हजार का जुर्माना

**आगरा।** सावन के दूसरे सोमवार को होने वाली नगर परिक्रमा के मद्देनजर नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान परिक्रमा मार्ग के कई हिस्सों पर निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षात्मक उपाय न करने पर 4 ठेकेदारों पर 25-25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान कैलाश मंदिर रोड, वनखंडी, नगला बूढ़ी, मुगल रोड होते हुए बल्केश्वर मंदिर तक के पूरे परिक्रमा मार्ग को देखा और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सोमवार से पहले पैच वर्क, प्रकाश व्यवस्था और सफाई आदि की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जब नगर आयुक्त पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर पहुंचे तो मंदिर के पुजारी ने उन्हें जलभराव की समस्या से अवगत कराया। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त ने जल निकासी के लिए नई नाली के निर्माण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान सिकंदरा बांईपुर रोड पर सीएनडी वेस्ट मिलने और निमाणार्धीन नाले पर बैरीकेडिंग नहीं मिलने पर नगर आयुक्त ने ठेकेदार रामप्रकाश अग्रवाल पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाने को कहा। इसी तरह केंद्रीय हिंदी संस्थान रोड पर मानकों के विपरीत नाले के निर्माण पर दूसरे ठेकेदार पर भी इतना ही जुमार्ना लगाया गया। वहीं पृथ्वी नाथ फाटक के पास नाला निर्माण कर रही के सी कंस्ट्रक्शन और मऊ रोड पर कार्य कर रहे ठेकेदार जीवन प्रकाश पर भी 25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। सिकंदरा स्मारक के पीछे स्थित नगर निगम की खाली भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत क्षेत्रीय पार्षद वेदप्रकाश द्वारा किए जाने पर नगर आयुक्त ने तत्काल प्रभाव से संपत्ति विभाग को बाउंड्री वॉल निर्माण के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में इस जमीन पर दोबारा अतिक्रमण न हो। नगला बूढी में एसटीपी से एमपीएस को जाने वाले मार्ग पर जल निगम द्वारा पाइपलाइन डालने का कार्य किया जा रहा है इससे यह रास्ता आवागमन योग्य नहीं रह गया है। नगर आयुक्त में अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंध में जल निगम को पत्र लिखकर कार्य को जल्द से जल्द पूरा कर सड़क को आवागमन योग्य बनाने को कहा जाए। नगर आयुक्त ने जल निगम के एक्सईएन आर पी सिंह को संबंधित ठेकेदार पर पेनल्टी लगाने के निर्देश भी दिए हैं।

# डीएम ने प्रा. विद्यालय का किया निरीक्षण मास्टर बनकर सुनीं बच्चों से वर्णमाला



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने गुरुवार को यमुना पार स्थित गांव गौसना में प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर वहां मौजूद छात्रों से उनकी पढ़ाई लिखाई के विषय में जानकारी लेने के बाद पूरे परिसर को देखा। आज सुबह प्राथमिक विद्यालय पहुंचे डीएम ने स्मार्ट क्लास में जाकर न केवल बच्चों को पढाया वरन उनके सामान्य ज्ञान को भी परखा। वहां उन्होंने एलईडी पर दिखाई जा रहे शब्दों के विषय में भी उनसे जानकारी ली कि इसमें क्या लिखा है।

उन्होंने छात्र से गिनती भी सुनी और उसका उत्साहवर्धन करते हुए स्वयं ताली भी बजाई। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विकास खण्ड राया के ग्राम गौसना में स्थित प्राथमिकविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र गौसना व आयुष्मान आरोग्य मंदिर आरोग्य परमं धनम्-उपकेंद्र गौसना का जायजा लिया। उक्त दोनों केन्द्र मौके पर बंद मिले। डीएम ने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर आरोग्य परमं धनंउपकेंद्र गौसना के अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने स्कूल में संचालित स्मार्ट क्लास में बच्चों से जाकर गिनती गणित के सवाल और कविता सुनी। डीएम को एक बच्चे ने 1 से 35 तक गिनती सुनाई, एक बच्ची ने कविता सुनाई जिस पर डीएम ने उत्साहवर्धन करते हुए ताली बजाई। क्लास में पढ़ रहे बच्चों से पूछा कि मास्टर साहब अच्छा पढ़ाते हैं या नहीं जिस पर बच्चों ने कहा कि मास्टर साहब बढ़िया पढ़ाते हैं। डीएम ने मिड डे मील की गुणवत्ता की जानकारी ली तथा बच्चों से पूछा कि आज क्या खाना खाया है। बच्चों ने बताया आज आलू-छोले की सब्जी दाल और रोटी खाई है। बच्चों ने बताया कि खाना बहुत अच्छा है। स्कूल परिसर के निरीक्षण में गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और अध्यापकों को फटकार लगाते हुए स्कूल की छुट्टी होने के बाद साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये।

## अपात्र राशन डीलर अंत्योदय कार्ड बनाकर ले रही थी राशन

**टूंडला।** खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गरीबों व जरूरतमंद लोगों को मिलने वाले राशन कार्ड में बड़ी धांधली सामने आई है। राशन डीलर ने फर्जी तरीके से अंतोदय राशन कार्ड बनवा लिया था। राशन डीलर पिछले नौ महीने से फर्जी तरीके से अंत्योदय कार्ड बनाकर राशन ले रही थी। मामले का सार्वजनिक होने पर पूर्ति निरीक्षक ने राशन डीलर का नाम लिस्ट से हटा दिया। राशन डीलर का अंतोदय कार्ड से राशन लेना जांच का विषय बन गया है। लाइनपार के रूधऊ मुस्तकिल के गांव गढ़ी भक्ति निवासी गीता देवी की राशन की दुकान है। राशन डीलर की दुकान संख्या 20160561 है। राशन डीलर गीता देवी ने गरीबी रेखा में आकर अंतोदय राशन कार्ड की पात्र बनकर राशन कार्ड संख्या 214720256212 अंतोदय कार्ड बनवा लिया था। राशन डीलर अंतोदय कार्ड बनवा कर पिछले नौ महीने से गरीबों को मिलने वाले राशन को खा रही थी। जांच का विषय ये है कि गीता देवी की राशन की दुकान से अंतोदय कार्ड बनवाकर फर्जी तरीके से राशन ले रही थी। मामला सार्वजनिक होने पर पूर्ति निरीक्षक अरविंद यादव ने एक पल में राशन डीलर का अंतोदय कार्ड की सूची से नाम हटा दिया। राशन डीलर का फर्जी अंतोदय कार्ड बनवाकर राशन लेने में घोटाले की बू आ रही है। जांच का विषय ये है कि राशन डीलर ने अंतोदय राशन कार्ड कैसे बना, अंतोदय कार्ड बनवाए जाने के लिए आय प्रमाण पत्र की आवश्कता होती है। तो तत्कालीन लेखपाल ने बिना जांच किए गरीबी रेखा की श्रैणी का आय प्रमाण पत्र कैसे बनाया। अगर सही तरीके से जांच हो तो ऐसे बहुत सारे फर्जी अंत्योदय राशन कार्ड पकड़ में आ जाएंगे।

# नगर निगम की टीम व दुकानदारों में मारपीट, पुलिस चौकी पर हंगामा

**आगरा।** अतिक्रमण हटाने को लेकर विवाद हो गया। नगर निगम की टीम और दुकानदारों में मारपीट हो गई। पुलिस चौकी में भी दोनों पक्षों में हंगामा हुआ। आगरा के खेरिया मोड़ (जगनेर रोड) पर बुधवार दोपहर भाजपा विधायक भगवान सिंह कुशवाहा के चाचा की मिठाई की दुकान में प्लास्टिक के गिलास मिले। एक हजार रुपये का चालान काटने पर दुकानदार और नगर निगमकर्मियों में शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। दुकानदार को बचाने आए भाई और पत्नी को भी पीटने का आरोप है। दोनों पक्षों ने पुलिस चौकी पर भी हंगामा किया। दोनों पक्ष के 3-3 लोगों का मेडिकल पुलिस ने कराया है। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। जगनेर रोड पर जगदीश कुशवाहा की नत्थी मिष्ठान भंडार नाम से दुकान है। वह खेरागढ़ से विधायक भगवान सिंह कुशवाहा के रिश्ते के चाचा हैं। दुकान के बगल में शराब का ठेका भी है। दुकानदार ने बताया कि सुबह 10 बजे दुकान खोली थी। दोपहर में 1 बजे नगर निगम के सेनेटरी फूड इंस्पेक्टर (एसएफआई) प्रदीप गौतम आए। दुकान में रखे प्लास्टिक के 4 गिलास और पॉलिथीन पर चालान काटने लगे। उन्होंने कहा कि 5000 का चालान होगा। कुछ कम करने के लिए विधायक का नाम लेते ही सेनेटरी इंस्पेक्टर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। भाई मुकेश कुशवाहा को बुलाया। उन्होंने भी समझाया लेकिन वो नहीं माने। तीन हजार लेने के बाद एक हजार की रसीद देकर चले गए। विरोध करने पर सील कराने की धमकी देकर चले गए। दुकानदार ने बताया कि बाद में बुलडोजर लेकर अपने 15-20 कर्मचारियों के साथ डंडे लेकर आए। उन्हें जमीन पर गिराकर पीटा। बचाने आए भाई नीरज और पत्नी मंजू की भी पिटाई की। डर की वजह से दूसरे दुकानदार बचाने नहीं आए। उन्होंने पुलिस चौकी में तहरीर दी। बाद में कर्मचारियों ने बुलडोजर से काउंटर, दुकान का शटर तोड़ दिया। उधर, एसएफआई प्रदीप गौतम का कहना है कि दुकानों पर कार्रवाई की जा रही थी। नत्थी मिष्ठान भंडार के दुकानदार चालान का विरोध करने लगे। अभद्रता की। शमन शुल्क देने से मना किया और लोहे की सरिया से हमला बोला दिया। सफाई मित्र भोला और मधुसूदन के सिर और कंधे पर चोट लगी है। पथराव भी किया गया। वह किसी तरह बच सके। बाद में अतिक्रमण की कार्रवाई की गई। मारपीट के बाद दोनों पक्ष सराय ख्वाजा पुलिस चौकी पहुंचे। करीब एक घंटे तक हंगामा हुआ। बाद में 6 लोगों को मेडिकल के लिए भेजा गया। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि जगदीश, नीरज और मंजू कुशवाहा, वहीं निगम कर्मचारी प्रदीप गौतम, भोला और मधुसूदन का मेडिकल कराया गया है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। प्रवर्तन प्रभारी, नगर निगम डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में नगर निगम कर्मचारियों से विवाद हुआ है। तीन कर्मियों के चोट आई हैं। थाने में तहरीर दी गई है। मामले की जांच कराई जा रही है। विधायक भगवान सिंह कुशवाहा ने बताया कि रिश्तेदार की दुकान पर निगमकर्मी गए थे। गलत तरीके से चालान की कार्रवाई की। अभद्रता की गई। वो लखनऊ में हैं।

# चौक सर्राफ व्यवसाय समिति का सदस्य लापता

## परिजनों ने लगायी एसएसपी से गुहार

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल नेतृत्व में चैक सर्राफ व्यवसाय समिति के सदस्य भोलानाथ सर्राफ के विगत 15 दिन से लापता होने से आक्रोशित सैकड़ो की संख्या में सर्राफ व्यवसाय व लापता व्यापारी के परिजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिले व लापता व्यापारी की तुरंत बरामद की मांग रखी जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि लापता व्यापारी के संदर्भ में उन्हें कोई सूचना नहीं

दी गई जिस पर उन्होंने तत्काल अपने अधीनस्थों को फटकार लगाई व आश्वासन दिया कि इस मामले में प्रभावी कार्यवाही करते हुए इसके लिए एसओजी वह स्पेशल स्क्वाड की टीम लगाई जायेंगी। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल व महामंत्री शशि भानु गर्ग द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया गया कि तत्काल व्यापारी की बरामदगी की जाए।

चौक सरार्फा व्यवसाय समिति के संयोजक मुकेश अग्रवाल व हेमंत अग्रवाल ने कहा कि लापता व्यापारी बहुत मधुर व्यवहार व धार्मिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था जिसका कोई भी झगड़ा व व्यापारिक लेनदेन खराब नहीं था। इस अवसर पर रामचंद्र खत्री राकेश अग्रवाल अरविंद सराफ राजेंद्र भगत अनु अग्रवाल महेश खंडेलवाल मनोज सराफ सौरभमाधव गर्ग आदि सैकड़ो व्यापारी मौजूद रहे।

## भारतीय किसान यूनियन का धरना-प्रदर्शन 24 को



**टूंडला।** भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला प्रभारी शीलू सिकरवार की अध्यक्षता में क्षेत्रीय किसानों के साथ एक बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि एनएचआई के खिलाफ 24 जुलाई को बड़ा आंदोलन किया जाएगा। यदि फिर भी किसानों की बात नहीं मानी गई तो आंदोलन अनिश्चितकालीन कर दिया जाएगा। गांव मोहम्मदाबाद के छोटे से रास्ते पर एक अंडरपास का निर्माण एनएचआई द्वारा किया जा रहा है जो कि किसानों के लिए बिल्कुल भी उपयोगी नहीं है। इसलिए क्षेत्रीय किसानों द्वारा बैठक में निर्णय लिया गया कि नगला महादेव वाली पुलिया पर अंडर पास बनाया जाए। जिससे क्षेत्र के 25 से 30 गांव के किसानों को लाभ मिल सके। नगला महादेव पर अंडर पास बनने से मेडिकल व्यवस्था, कोल्ड स्टोर स्कूल एवं एटा रोड पर जाने की सुविधा आदि किसानों के लिए उपयोगी होगी। बैठक में विक्रम यादव सुनील सिंह, विपिन सिसोदिया हिमांशु प्रजापति, देशराज सिंह बिहारी यादव धनी सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसएसपी ने किया साइबर थाना और जैंत थाना का निरीक्षण

**मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने देर रात थाना साइबर और थाना जैंत का औचक निरीक्षण किया। एसएसपी के निरीक्षण से पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। जैंत थाने के निरीक्षण से नाराज एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक को देर रात ही हटा दिया है। बुधवार देररात सबसे पहले कप्तान श्लोक कुमार अचानक रिफाइनरी क्षेत्र के रांची बांगर स्थित साइबर थाने का निरीक्षण किया है। यहां निरीक्षण के दौरान थाना के कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण अभिलेखों के रख रखाव को देखा और साथ ही उनका अवलोकन कर जानकारी हासिल की। इस दौरान उन्होंने विवेचना रूम के अलावा साफ सफाई को भी देखा। एसएसपी ने साइबर क्राइम के रोकथाम की तकनीकी आदि का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। वहीं रांची बांगर स्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारीगणों के लिये बन रहे नवनिर्मित आवास की निमार्णाधीन बिलि्ंडग का भी निरीक्षण कर जल्द ही कार्य पूर्ण करने के लिये संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके बाद एसएसपी काफिला हाईवे होते हुये सीधा जैंत थाने पहुंच गया। कप्तान को थाने में देख ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को होश उड़ गये और आनन फानन में इधर उधर भागने लगे। एसएसपी ने सर्वप्रथम थाने के कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कार्यालय में रखे महत्तवपूर्ण अभिलेखों को चैक करा और उनके रख-रखाव के साथ साफ-सफाई से रखने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होने महिला हेल्पडेस्क पर तैनात महिला पुलिस कर्मी से जानकारी ली और शिकायत सम्बन्धी रजिस्टर को चैक किया। तो वहीं मालखाना, हवालात, विवेचना कक्ष के साथ ही समूचे थाना परिसर का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# 167 समितियों व निजी उर्वरक बिक्री केंद्रों की जांच की गयी



**फिरोजाबाद।** किसानों को सही और संतुलित मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता हो सके, इसके लिए प्रशासन ने डीएम के नेतृत्व में सम्पूर्ण व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कर ली है, इसी क्रम में गुरुवार को डीएम रमेश रंजन के निर्देश पर एडीएम वित्त एवं राजस्व, सभी उपजिलाधिकारियों, सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा कुल 167 समितियों और निजी बिक्री केंद्रों की जाँच की गयी, निरीक्षण में बिक्री केंद्रों पर सामान्य रूप से बिक्री होती पायी गयी, कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति नहीं पायी गयी, किसानों को जोत बही व फसल के अनुसार उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है, ज्यादातर बिक्री केंद्रों पर फसलों हेतु संस्तुत मात्रा के बैनर पाए गए, ऐसी समितियों जिनके सचिवों पर 2 समितियों का चार्ज है, वहां रोस्टर बना कर उर्वरक वितरण का कार्य कराया जा रहा है, सभी सचिवों और विक्रेताओं को जोत बही और संस्तुत मात्रा के अनुसार ही वितरण के निर्देश जारी गए, डीएम ने उन सचिवों पर कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए, जो समितियों पर अनुपस्थित पाए गए, जनपद मे खरीफ मे धान की रोपाई और बाजरा की बुबाई के लिए फास्फेटिक उर्वरकों की आवश्यकता होती है जनपद मे मुख्य फसलों मे धान की फसल की रोपाई लगभग 70 प्रतिशत किसानों द्वारा पूर्ण कर ली गयी है, बाजरा की फसल की भी 60 प्रतिशत बुबाई पूर्ण हो चुकी है, उर्वरकों की जनपद मे कोई कमी नहीं है पिछले वर्ष खरीफ मे 16 जुलाई तक 10395 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण हुआ था जबकि इस वर्ष 16 जुलाई तक 12740 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण हुआ है, आज भी 18697 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। पिछले वर्ष खरीफ मे 16 जुलाई तक 2370 मीट्रिक टन डी ए पी का वितरण हुआ था जबकि इस वर्ष 16 जुलाई तक 3806 मीट्रिक टन डीएपी का वितरण हुआ है, आज भी 2990 मीट्रिक टन डी ए पी उपलब्ध है। इसी प्रकार पिछले वर्ष खरीफ मे 16 जुलाई तक 146 मीट्रिक टन एनपीके का वितरण हुआ था जबकि इस वर्ष 16 जुलाई तक 375 मीट्रिक टन एनपी के का वितरण हुआ है आज भी 1259 मी. टन एनपी के उपलब्ध है, साथ ही कल शिकोहाबाद रैक पॉइंट पर नेशनल फर्टिलाइजर्स लि. कंपनी की डीएपी की रैक लग रही है जिससे सहकारी समितियों और निजी क्षेत्र मे डीएपी की आपूर्ति की जाएगी। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र, हजरतपुर फिरोजाबाद डॉ. ओमकार सिंह ने बताया कि किसानों द्वारा मुख्य रूप से वुबाई के समय डीएपी का प्रयोग किया जाता है सामान्यतः किसानों द्वारा उर्वरकों की वैज्ञानिकों द्वारा संस्तुत मात्रा से अधिक यूरिया व डीएपी लगायी जाती है, यूरिया और डीएपी से मात्र नत्रजन और फॉस्फोरस ही पौधों को प्राप्त होता है, अतः अन्य पोषक तत्व यथा पोटास कैल्शियम सल्फर मेगनीसियम व सूक्ष्म पोषक तत्वों की का भी वैज्ञानिक सस्तुतियों के अनुसार प्रयोग किया जाना चाहिए अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए अपने खेतों की मिटटी की जाँच अवश्य करानी चाहिए और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए, फसलों में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी भी नत्रजन और फॉस्फोरस पोषक तत्वों का सस्ता श्रोत उपलब्ध है जब पौधों पर पर्याप्त संख्या मे पत्तियां हों तब नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का छिड़काव किया जाना चाहिए।

## शिव भक्तों ने सात दिनों में 14 लाख 47 हजार पार्थिव शिवलिंग का किया अभिषेक

**मथुरा।** वृंदावन प्रियाकांत जु मंदिर पर चल रहे शिव अनुष्ठान में सात दिनों में शिव भक्तों ने 14 लाख 47 हजार पार्थिव शिवलिंग बनाकर उनका विधिवत अभिषेक किया है। सातवें दिन भक्तों ने देवकीनंदन महाराज के साथ 3 लाख 1 हजार पार्थिव शिवलिंग बनाकर रुद्राभिषेक पश्चात विसर्जन किया। गुरुवार को आयोजित कथा में शिव महापुराण कथा वचन करते हुए देवकीनंदन महाराज ने कहा कि शिव दुष्टों का संहार भी करते हैं और संसार में भक्तों के पालनकर्ता भी हैं। कहा कि ओम नमः शिवाय का जाप करने मात्र से ही सभी कष्ट समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कभी भी संत महात्मा, माता-पिता और अपने से बड़ों का अपमान, उपहास नहीं करना चाहिए। हमारा स्वभाव ही भगवान से मिलने की सीढ़ी बनता है। युवाओं में सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर बोलते हुए देवकीनंदन महाराज ने कहा कि आज के समय में ह्यआजादीह्न शब्द का अर्थ ही बदल दिया गया है। विशेषकर युवा पीढ़ी और बच्चे सोशल मीडिया पर तरह-तरह की रील बनाकर, छोटे-छोटे कपड़े पहनकर रील बनाते है, आजादी का अर्थ यह नहीं कि तुम अपने शरीर का प्रदर्शन करो, अश्लीलता फैलाओ या ऐसे कंटेंट बनाओ, जो समाज और संस्कृति को दूषित करे। कथा सत्र से पूर्व आयोजन समिति सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। संघ प्रचारक एवं अखिल भारतीय गौ सेवा संयोजक अजीत महापात्रा ने व्यासपीठ पूजन कर आशीर्वाद लिया। सुधीर वर्मा, श्यामसुंदर शर्मा, श्रीपाल जिंदल, सतीश गर्ग आदि मौजूद रहे।

- श्रावण मास में प्रियाकांत जु मंदिर पर भक्त कर रहे शिव आराधना सुन रहे शिव महापुराण

## संक्षेप

### योद्धा ईपॉड इलेक्ट्रिक योद्धा लॉन्च

नई दिल्ली। योद्धाब्रांड ने अपने पहले उत्पाद ईपॉड को राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च किया है। हालांकि इस वाहन की घोषणा देशभर के लिए की गई है, लेकिन इसकी पहली बिक्री और रोलआउट असम बिहार, और मध्यप्रदेश से शुरू किया जा रहा है। कंपनी ने असम बिहार, और मध्यप्रदेश को अपना पहला प्राथमिक बाजार इसलिए चुना है क्योंकि यहां ई-वाहनों को अपनाने की गति तेज है, तीन-पहिया वाहनों की मांग अधिक है और बड़ी संख्या में स्व-रोजगार करने वाले ड्राइवर एक किफायती और टिकाऊ समाधान की तलाश में हैं। योद्धा ईपॉड एक अत्याधुनिक तकनीक से युक्त एल5 कैटेगरी का पैसेंजर इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर है, जो एक बार फुल चार्ज होने पर 227 किलोमीटर तक चल सकता है। साथ ही, यह वाहन 300 मिमी की वॉटर वॉडिंग क्षमता के साथ आता है, जिससे बारिश या जलभराव वाले रास्तों पर भी आसानी से चल सकता है।

### टाटा पंच ने किया 6 लाख बिक्री का आंकड़ा पार

बंगलुरु। टाटा मोटर्स की कॉम्पैक्ट एसयूवी पंच ने चार साल से भी कम समय में 6 लाख यूनिट्स की बिक्री का ऐतिहासिक मुकाम हासिल कर लिया है। कंपनी ने आज इस उपलब्धि की घोषणा करते हुए बताया कि इस रिकॉर्ड ने पंच को भारत की सबसे पसंदीदा एसयूवी के रूप में और भी मजबूत स्थान दिलाया है। देशभर के ग्राहकों में इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और उत्तर प्रदेश अकेले इसकी कुल बिक्री में 8% का योगदान देता है।

### कार्गो परिवहन में एक नये युग की शुरुआत

मिजार्पुर। टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यू टाटा ऐसप्रो लॉन्च करके छोटे कार्गो परिवहन में एक नये युग की शुरूआत की है। यह शानदार दक्षता, लचीलापन और बेहतरीन मूल्य देता है। नए उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया, टाटा ऐस प्रो पेट्रोल, बाय-फ्यूल (सीएनजी + पेट्रोल) और इलेक्ट्रिक वैरिएंट्स में उपलब्ध है। ग्राहक उनकी व्यावसायिक जरूरतों के मुताबिक अपनी पसंद का वैरिएंट चुन सकते हैं। ग्राहक टाटा मोटर्स के देशभर में फैले 1250 कॉमर्शियल व्हीकल्स सेल्स टचप्वाइंट्स या टाटा मोटर्स के ऑनलाइन सेल्स प्लेटफॉर्म, फ्लीट वर्स, पर अपने पसंदीदा ऐस प्रो वैरिएंट को बुक कर सकते हैं। टाटा ऐस प्रो को खरीदना बेहद आसान है, कंपनी ने प्रमुख बैंकों और एनबीएफसी के साथ साझेदारी की है, जिससे ग्राहकों को लोन के लिए फौरन मंजूरी मिलेगी।

### फ्लिपकार्ट का सेलर्स के लिए एडवर्टाइज नाउ पे लेटर लॉन्च

बंगलुरु। फ्लिपकार्ट ने अपने सेलर्स के लिए नवीनतम इनोवेशन एडवर्टाइज नाउ पे लेटर (एएनपीएल) की पेशकश की है। यह एक अनूठी पहल है, जिसके माध्यम से सेलर्स को डिजिटल विज्ञापनों की क्षमता का लाभ उठाने में मदद मिलेगी। एएनपीएल के माध्यम से सेलर्स को पहले से कोई भुगतान किए बिना ही एडवर्टाइजिंग कैंपेन चलाने का मौका मिलेगा। इससे उनकी विजिबिलिटी व पहुंच बढ़ेगी और स्ट्रेटजिक एड प्लेसमेंट के माध्यम से कारोबारी विकास के नये अवसर खुलेंगे।

### यामाहा ने लॉन्च किया एफजेड एक्स हाइब्रिड मोटरसाइकिल



चेन्नई। इंडिया यामाहा मोटर ने आज अपने नए 2025 एफजेड-एक्स मॉडल को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह मॉडल अब हाइब्रिड इंजन टेक्नोलॉजी, कलर टीएफटी मीटर और टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन सिस्टम जैसी सुविधाओं से लैस है, जो राइडर्स को और अधिक सुविधा और प्रीमियम अनुभव प्रदान करती हैं। हाइब्रिड इंजन से सुसज्जित यह नया एफजेड-एक्स मॉडल मैट टाइटन रंग में उपलब्ध है और इसकी कीमत रुपये 1,49,990 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है। यामाहा के इस हाइब्रिड इंजन में अब स्मार्ट मोटर जेनरेटर और स्टॉप एंड स्टार्ट सिस्टम जैसी उन्नत तकनीकें शामिल हैं। ये तकनीकें बाइक को बेहद स्मूद और शांत तरीके से स्टार्ट करने में मदद करती हैं, एक्सेलेरेशन के समय बैटरी से सपोर्ट देती हैं और बाइक रुकने पर इंजन को अपने-आप बंद कर देती हैं।

### बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम को नजर अंदाज न करें

लखनऊ। जैसे-जैसे भारत बच्चों के टीकाकरण में आगे बढ़ रहा है, विशेषज्ञों ने अभिभावकों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं से आग्रह किया है कि वे बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण कड़ी को नजरअंदाज न करें। डॉ. एम. यू. हसन निदेशक बाल रोग ने बताया कि 4 से 6 वर्ष की आयु में बच्चे अपने परिवार के दायरे से बाहर दुनिया को समझना और अनुभव करना शुरू करते हैं।

# सेंसेक्स में 375 अंकों की गिरावट



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 375 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी 101 अंक के नुकसान में रहा।

अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के नतीजों से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 375.24 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,259.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 415.21 अंक तक नीचे आ गया था। पचास शेयर वाला एनएसई निफ्टी भी 100.60 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,111.45 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा के शेयर में लगभग तीन प्रतिशत की गिरावट आई। कंपनी के जून तिमाही के नतीजे निवेशकों के अनुकूल नहीं रहे हैं, जिसका असर इसके शेयर पर देखने को मिला। आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर लगभग 34 प्रतिशत बढ़कर I,140.6 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, ट्रेंट, टाइटन और टाटा मोटर्स शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुद्ध रूप से बुधवार को 1858.15 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। विभिन्न कंपनियों विशेष रूप से प्रौद्योगिकी और बैंकों के जून तिमाही के वित्तीय परिणाम कमजोर रहने के बीच निवेशकों के सतर्कता बरतने से भारतीय शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। बड़ी कंपनियों के शेयरों के उंचे मूल्यांकन और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के चलते एफआईआई की निकासी के कारण बाजार प्रतिभागी सतर्क रुख अपनाये हुए हैं। हालांकि, कोई भी सकारात्मक घटनाक्रम बाजार की धारणा को मजबूत कर सकता है। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.30 प्रतिशत और मिडकैप 0.07 प्रतिशत चढ़ा। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच बाजार मोटे तौर पर नकारात्मक दायरे में रहे। निवेशकों ने बैंकिंग, आईटी और तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली का सहारा लिया जिससे बाजारों में गिरावट आई।

# सोना 200 रुपये टूटा, चांदी में 500 रुपये की गिरावट



नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में कमजोर मांग के बीच स्टॉकिस्ट की निरंतर बिकवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये की गिरावट के साथ 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 500 रुपये टूटकर 98,870 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 200 रुपये गिरकर 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले सत्र में यह 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 500 रुपये घटकर 1,10,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं। बुधवार को चांदी 111,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एआई चिप प्रतिबंध हटने के बाद अमेरिका-चीन तनाव कम होने और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के साथ व्यापार समझौते के करीब होने के संकेत के बाद सुरक्षित निवेश की मांग कम होने से सोने की कीमतों में गिरावट आई। इस बीच, मेक्सिको और यूरोपीय संघ पर 30 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाया गया है। इस बारे में आगे बातचीत की संभावना ने बाजार की आशंकाओं को काबू में रखा। इससे सोने जैसे सुरक्षित व्यापार की ज़रूरत कम हो गई है, जिससे कीमतों पर असर पड़ रहा है। हालांकि, आक्रामक शुल्क कार्वाइयों से उपजी व्यापक अनिश्चितता, कुछ अंतर्निहित समर्थन प्रदान करती रही है। जिससे सोने में गिरावट सीमित रही। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 21.55 डॉलर या 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,326.05 डॉलर प्रति औंस रह गया।

# अमेरिकी शुल्क के खतरे से जापान का व्यापार घाटा बढ़ा

तोक्यो। अमेरिकी शुल्क से निर्यात प्रभावित होने के कारण जापान को 2025 की पहली छमाही में 2200 अरब येन (15 अरब डॉलर) का व्यापार घाटा हुआ है।

बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जापान के वाहनों और अन्य उत्पादों पर जून में 25 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद उसके निर्यात में सालाना आधार पर 0.5 प्रतिशत की गिरावट आई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हालांकि बातचीत के लिए समय देने हेतु बढ़े हुए अन्य आयात शुल्क को एक अगस्त तक के लिए टाल दिया है, लेकिन अभी तक कोई समझौता नहीं हो पाया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, वर्ष की पहली (जनवरी-जून) छमाही में जापान का निर्यात 3.6 प्रतिशत बढ़कर कुल 53400 अरब येन (360 अरब डॉलर) रहा जबकि आयात 1.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 55600 अरब येन (375 अरब डॉलर) हो गया। वहीं पहले छह महीनों में 2200 अरब येन (15 अरब डॉलर) का व्यापार घाटा हुआ है। आंकड़ों के अनुसार, निर्यात कुल मिलाकर जून में करीब 9200 अरब येन (62 अरब डॉलर) रहा, जो लगातार दूसरे महीने गिरावट का संकेत है। जून में आयात 0.2 प्रतिशत बढ़कर 9000 अरब येन (61 अरब डॉलर) हो गया।

# रुपया 15 पैसे टूटकर 86.07 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अमेरिकी डॉलर में मजबूती, विदेशी पूंजी की निकासी और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच रुपया बृहस्पतिवार को 15 पैसे टूटकर 86.07 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली के रुख तथा भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के नतीजों को लेकर अनिश्चितताओं से रुपये पर दबाव बढ़ा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.93 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 85.80 से 86.09 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह 86.07 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 15 पैसे की गिरावट है। रुपया 85.92 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। मजबूत डॉलर ने रुपये को कमजोर रखा। एशियाई मुद्राओं में गिरावट से भी मदद नहीं मिली और रुपया 86 के स्तर की ओर गिरता रहा। उन्होंने कहा कि शुकवार को रुपये के 85.75 से 86.25 स्तर के बीच कारोबार करने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.63 पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 375.24 अंक की गिरावट के साथ 82,259.24 अंक पर जबकि निफ्टी 100.60 अंक फिसलकर 25,111.45 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 68.48 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक बुधवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1858.15 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# भारत के वस्तु निर्यात के समक्ष आ सकती हैं दिक्कतें

कोलकाता। चालू वित्त वर्ष में भारत के वस्तु निर्यात को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है और अमेरिका द्वारा जवाबी शुल्क लगाने से यह स्थिति और बिगड़ सकती है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि शुल्क वृद्धि अगस्त से लागू हो सकती है। भारत और अमेरिका एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिस पर नजर रखी जा रही है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का अनुमान है कि 2025 में वस्तु व्यापार में 0.2 प्रतिशत की गिरावट आएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2024 के 3.3 प्रतिशत से घटकर 2025 में 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत के सबसे बड़े निर्यात गंतव्य, अमेरिका में वृद्धि दर 2.8 प्रतिशत से घटकर 1.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। ऐसे में चालू वित्त वर्ष में भारत के वस्तु व्यापार पर दबाव रहने की आशंका है। हालांकि, चालू वित्त वर्ष में चालू खाते का घाटा (कैड) सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 1.3 प्रतिशत के सुरक्षित स्तर पर रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट कहती है कि सेवा व्यापार में अधिशेष, धन प्रेषण के मजबूत प्रवाह से चालू खाते के घाटे को कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

# अमेरिका में बेरोजगारी भत्ते के आवेदक घटे



वाशिंगटन। अमेरिका में बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन करने वालों की संख्या पिछले सप्ताह तीन महीनों के निचले स्तर पर आ गई। यह इस बात का संकेत है कि अमेरिकी शुल्क के असर को लेकर आशंकाओं के बावजूद घरेलू श्रम बाजार मजबूत बना हुआ है।

श्रम विभाग ने बृहस्पतिवार को कहा कि 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में बेरोजगारी दावों की संख्या 7,000 घटकर 2,21,000 रह गई। यह लगातार पांचवा सप्ताह है, जब बेरोजगारी दावों में गिरावट आई है। यह अप्रैल के मध्य के बाद से सबसे कम है। पिछले सप्ताह की संख्या विश्लेषकों के अनुमान 2,32,000 से भी कम थी। बेरोजगारी सहायता के लिए आवेदनों को यह माना जाता है कि लोगों को नौकरी से हटाया गया है। श्रम विभाग ने इसी महीने बताया था कि अमेरिकी नियोक्ताओं ने जून में आश्चर्यजनक रूप से I,47,000 लोगों को नौकरियां दीं। इससे यह साबित होता है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आर्थिक नीतियों को लेकर अनिश्चितता के बावजूद अमेरिकी श्रम बाजार में मजबूती बनी हुई है। रोजगार में यह वृद्धि उम्मीद से कहीं ज्यादा रही और बेरोजगारी दर मई के 4.2 प्रतिशत से घटकर 4.1 प्रतिशत रही। विश्लेषकों ने अनुमान जताया था कि बेरोजगारी बढ़कर 4.3 प्रतिशत हो जाएगी।

### बाढ़ प्रभावित वाहन मालिकों को सपोर्ट देगी निसान इंडिया

नई दिल्ली। भारत के कई क्षेत्रों में बाढ़ की हालिया घटनाओं को ध्यान में रखते हुए निसान मोटर इंडिया ने इससे प्रभावित ग्राहकों की मदद के लिए सपोर्ट प्रोग्राम शुरू किया है। ग्राहकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए कंपनी इस चुनौतीपूर्ण समय में मुश्किलों को कम करने के लिए ग्राहकों को कई तरह की सर्विसेज प्रदान कर रही है। निसान ने हालिया बाढ़ से प्रभावित ग्राहकों के लिए व्यापक सपोर्ट प्रोग्राम लॉन्च किया है। बाढ़ के कारण प्रभावित वाहनों की मदद के लिए डेडिकेटेड हेल्पडेस्क (1800 209 3456) की व्यवस्था की गई है। इस पहल के तहत प्रभावित वाहन को निसान के नजदीकी अधिकृत वर्कशॉप तक टो करने का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, वर्कशॉप पर अतिरिक्त समय तक काम होगा।

# प्रवर्तकों की स्टार हेल्थ में हिस्सेदारी और कीवी इंश्योरेंस पर स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में लग सकती रोक

नयी दिल्ली। बीमा नियामक इरडा कीवी जनरल इंश्योरेंस को खुदरा स्वास्थ्य बीमा उत्पाद पेश करने से प्रतिबंधित कर सकता है। इसका कारण साधारण बीमा कंपनी के प्रवर्तक वेस्टब्रिज कैपिटल के पास स्वास्थ्य बीमा कंपनी स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस में भी बहुलांश हिस्सेदारी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

मौजूदा नियमों के तहत एक ही प्रवर्तक एक ही तरह का काम करने वाली दो बीमा कंपनियों में हिस्सेदारी नहीं रख सकता। बीएसई पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, वेस्टब्रिज की कीवी जनरल इंश्योरेंस में लगभग 60 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वर्तमान में इसकी स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस कंपनी लि. में लगभग 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसके साथ अब वह दोनों कंपनियों में प्रभावी रूप से महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखता है जो खुदरा स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में काम करेंगी। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को 2020 के विलय के बाद भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) से कुछ नियामकीय छूट मिली है। उद्योग में यह पहली बार है कि नियामक को ऐसे परिदृश्य का सामना करना पड़ रहा है। उसे न केवल निजी क्षेत्र के प्रवर्तक के हितों के टकराव को रोकना है, बल्कि पॉलिसीधारकों और अल्पांश खुदरा निवेशकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी है, क्योंकि स्टार हेल्थ इंश्योरेंस एक सूचीबद्ध कंपनी है। इस बारे में प्रतिक्रिया के लिए वेस्टब्रिज कैपिटल को भेजे गए ई-मेल का फिलहाल कोई जवाब नहीं मिला है। उल्लेखनीय है कि इरडा ने इस सप्ताह की शुरुआत में निदेशक मंडल की अपनी 132वीं बैठक में कीवी जनरल इंश्योरेंस के लिए आर। लाइसेंस को मंजूरी दी थी। आर। वह पहला आवेदन है जिसे किसी कंपनी को भारत में बीमा कंपनी के रूप में पंजीकरण की अनुमति के लिए इरडा के पास जमा करना होता है।

## पेज एक का शेष

### पटना के

अधीक्षक दीक्षा ने कहा, हम अस्पताल अधिकारियों से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं और हत्यारों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हत्या के मामले में दोषी करार दिया गया चंदन बेउर जेल में कैदी था और पैरोल पर इलाज के लिए अस्पताल गया था। दीक्षा ने बताया पुलिस को सूचना मिली कि बृहस्पतिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे पटना के एक निजी अस्पताल में कुछ हथियारबंद लोगों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी। घटना उस समय हुई जब वह अस्पताल में इलाज के लिए आया था। वह पैरोल पर जेल से बाहर आया था।

### राष्ट्रपति ने

लखनऊ को 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में स्वच्छ शहर पुरस्कार में तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेसिडेंशियल अवार्ड प्राप्त हुआ है। शहर ने उत्तर प्रदेश में पहली बार 7-स्टार जीएफसी रेटिंग हासिल कर कचरा प्रबंधन में उत्कृष्टता का परिचय दिया है। यह उपलब्धि लखनऊ के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो शहर की स्वच्छता और कचरा प्रबंधन प्रणाली में निरंतर सुधार को दर्शाता है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में प्रयागराज नगर निगम को सबसे स्वच्छ गंगा शहर के रूप में सम्मानित किया गया है। शहर ने पवित्र गंगा नदी की स्वच्छता बनाए रखने में सराहनीय प्रयास किए। विशेष रूप से, महाकुंभ के दौरान शहर के सैनिटेशन प्रबंधन को आवास और शहरी कार्य मंत्रालय से विशेष प्रशंसा प्राप्त हुई है। यह सम्मान प्रयागराज की स्वच्छता और सांस्कृतिक आयोजनों के प्रबंधन में उत्कृष्टता को दर्शाता है। सर्वेक्षण में गोरखपुर ने दोहरी सफलता हासिल की है। शहर ने सफाईमित्र सुरक्षित शहर श्रेणी में तीसरा स्थान और 3-10 लाख आबादी वर्ग में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही, गोरखपुर ने 5-स्टार जीएफसी रेटिंग भी हासिल की है, जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाता है। यह उपलब्धि शहर में सैनिटेशन कर्मचारियों की सुरक्षा और कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आगरा को राज्य का उभरता स्वच्छ शहर घोषित किया गया है। इसे राष्ट्रीय स्तर पर 10वां स्थान प्राप्त हुआ है। आगरा की शहरी स्वच्छता के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता और 5-स्टार जीएफसी रेटिंग इसकी उल्लेखनीय उपलब्धि को दर्शाती है। आगरा ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी स्थिति को और मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुरादाबाद ने 3-10 लाख आबादी वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर 10वां स्थान हासिल किया है।

### नयी रैंकिंग

छावनी बोर्ड, सफाई मित्र सुरक्षा, महाकुंभअ और राज्य स्तरीय पुरस्कार -- किसी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश का स्वच्छ शहर। नयी श्रेणी सुपर स्वच्छ लीग के अंतर्गत, तीन लाख से 10 लाख की आबादी वाली श्रेणी में नोएडा सबसे स्वच्छ शहर बनकर उभरा, जिसके बाद चंडीगढ़ और मैसुरु का स्थान है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। सुपर स्वच्छ लीग शहर पुरस्कार श्रेणी के बारे में आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि इंदौर, सूरत और नवी मुंबई पिछले कुछ वर्षों में सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में शीर्ष पर रहे हैं और स्वच्छता के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित किए हैं।

### हर जिले का

होगी। चंदौली दो एक्सप्रेसवे के साथ जुड़ेगा। इसका व्यापक लाभ चंदौलीवासियों को मिलेगा। सीएम ने कहा कि भारत सरकार के स्तर से चंदौली के अंदर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण वाराणसी से कोलकाता के बीच युद्धस्तर पर चल रहा है। आने वाले समय में इसका लाभ भी प्राप्त होगा। सीएम योगी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में बाबा कीनाराम की मूर्ति की स्थापना को सहमति दी गई। यहां के विकास से जुड़े प्रस्तावों की भी चर्चा हुई। गंगा नदी में अतिरिक्त पुल, दीनदयाल उपाध्याय नगर में एलिवेटेड ब्रिज के निर्माण के भी प्रस्ताव मांगे गए हैं। जनप्रतिनिधियों ने राजकीय डिग्री कॉलेज में साइंस आदि की कक्षाएं चलाने की मांग की है, जिसका प्रस्ताव मांगा गया है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन व जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में चंदौली विकास की नई बुलंदियों को छुएगा। सीएम ने कहा कि जिला हर क्षेत्र में तेजी के साथ विकास कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौगढ़ क्षेत्र में व्यापक लैंडबैंक के माध्यम से निवेश के प्रस्ताव को आमंत्रित कर सकें, प्रशासन से इस अभियान को गति देने के लिए कहा गया है। इसके माध्यम से चंदौली में हजारों करोड़ का निवेश आ सकता है और हजारों नौजवानों के लिए नौकरी की नई संभावनाएं बन सकती हैं। देश की तमाम बड़ी-बड़ी कंपनियों ने इसमें रूचि दिखाई है, जो विकास की धुरी बनेगी।

### स्वच्छता मानकों

को हो सके, इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराए जाने का निर्देश दिया। सीएम ने इसके लिए सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया, जनता के बीच जगह-जगह सेमिनार आदि आयोजित कराए जाने पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने दालमंडी में सड़क चौड़ीकरण कार्य को बरसात के तत्काल बाद शुरू कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को वाराणसी को टीबी मुक्त किए जाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने, इसमें जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेने तथा अभियान का हिस्सा बनाए जाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने नवंबर तक जनपद को पूरी तरह टीबी मुक्त किए जाने पर विशेष जोर दिया। जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने हेतु विद्युत विभाग को निर्देशित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की परिषदीय विद्यालयों में लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराए जाने का निर्देश दिया। कोई भी विद्यालय अध्यापक विहीन न रहे, इसके लिए सभी विद्यालयों में पर्याप्त संख्या में अध्यापकों की तैनाती सुनिश्चित हो। सभी बच्चों को स्कूली बैग, जूते मोजे, ड्रेस आदि की उपलब्धता प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराए जाने का भी निर्देश दिया।

### साइबर अरेस्ट

रहा था उसने वादिनी से कहा कि उसके नाम पर जो कार्गो बुक है उसमें कुछ जाली पासपोर्ट, एटीएम कार्ड, 140 ग्राम एमडीएम पाया गया है। अदालत को यह भी बताया गया कि फोन कॉल पर ही सौम्या गुप्ता को डराते धमकाते हुए कॉल को किसी अन्य को ट्रांसफर कर दिया गया तथा कहा कि उससे सीबीआई के अधिकारी बात करेंगे। इसके बाद फर्जी सीबीआई के अधिकारी ने उसे डरा धमकाकर बात करते हुए कहा कि उसे सात साल की सजा हो जाएगी। यद्यपि सौम्या गुप्ता ने उस व्यक्ति से कहा है कि कार्गो में जो भी सामान मिला है उससे उनका कोई लेना देना नहीं है, इसके बावजूद उस व्यक्ति ने बैंक खाता, पैन नंबर एवं सारी संपत्ति का विवरण डरा धमकाकर उससे ले लिया और भिन्न-भिन्न चार बैंक खातों में 85 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिया गया। जांच के दौरान आरोपी का नाम सामने आया जो मूल रूप से ग्राम मसौना पोस्ट अजमतगढ़ आजमगढ़ का रहने वाला है।

### यूपी : आठ

गौतमबुद्धनगर में हुई जहां 1,983 अपराधी गिरफ्तार किये गये और 1,180 घायल हुए। उनके मुताबिक, गाजियाबाद कमिश्नरेट में मुठभेड़ों के बाद 1,133 अपराधी गिरफ्तार किये गये और 686 घायल हुए। उन्होंने बताया कि आगरा कमिश्नरेट में 1,060 अपराधी गिरफ्तार किये गये और 271 अपराधी घायल हुए। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री की स्पष्ट चेतावनी है कि अपराधियों के लिए उत्तर प्रदेश में कोई जगह नहीं है। वह अपराध छोड़ दें या प्रदेश छोड़ दें। इस दिशा में उठाए गए सख्त कदमों ने प्रदेश में कानून व्यवस्था को एक नई दिशा दी है।

### स्टेडियम में

बजे, डीएनए नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड की ओर से केएससीए ने कब्बन पार्क थाने को एक सूचना पत्र सौंपा। रिपोर्ट के अनुसार, सूचना पत्र में कहा गया, अगर आरसीबी टूर्नामेंट में विजयी होती है, तो आरसीबीडीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड का प्रबंधन एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के आसपास संभावित विजय परेड की योजना बनाना चाहता है, जिसका समापन स्टेडियम में विजय उत्सव के साथ होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह एक सूचना मात्र थी और कानून के तहत अनुमति नहीं मांगी गई थी।

रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने, हालांकि अनुमानित भीड़ और कार्यक्रम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी के अभाव में अनुमति देने से इनकार कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह प्रस्ताव भी अल्प सूचना पर प्रस्तुत किया गया था, जिसके कारण उचित कार्यवाही नहीं हो सकी।

### उत्तराखण्ड में

ही सभी कुशल श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बाल श्रम मुक्ति के लिए लक्षित पुनर्वास से संबंधित कार्रवाई हेतु शीघ्र योजना बनायी जाए। राज्य के बड़े जनपदों में बाल श्रम मुक्ति के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। २२मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि स्वरोजगार के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की जाए तथा प्रदेश के दूरदराज इलाकों में स्किल ऑन व्हील्स वैन की शुरूआत की जाए। मुख्यमंत्री ने हेल्थकेयर और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में राज्य के युवाओं को विदेश में रोजगार से जोड़ने के लिए संबंधित देशों में स्थित भारत के दूतावासों से संपर्क किये जाने पर बल देते हुये ऐसे युवाओं को विदेशी भाषाओं के कोर्स कराने के लिए दून विश्वविद्यालय से नियमित समन्वय स्थापित किये जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष कितने युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ा गया इसके विवरण के साथ दीर्घकालिक योजना के बारे में कौशल विकास विभाग 10 दिनों के भीतर स्पष्ट कार्ययोजना प्रस्तुत करे।

### छांगुर के

जानकारी सामने आने के बाद टीम ने संबंधित रिकॉर्ड और जानकारी एकत्रित की और वापस लौट गई।

सूत्रों के अनुसार, धर्मांतरण मामले में बलरामपुर जिले के उतरौला निवासी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के नेटवर्क की जांच के दौरान एटीएस के संज्ञान में गोंडा जिले के गांव रेतवागाड़ा निवासी रमजान का नाम आया था जो कभी कव्वाली और जागरण जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में ढोल बजाया करता था। उन्होंने बताया कि 2023 में वह अपने भाई मोहर्म अली उर्फ आजाद के साथ एक कार्यक्रम में आजमगढ़ गया था जहां धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए बजरंग दल के कुछ सदस्यों ने आयोजन को बाधित कर दिया। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद रमजान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### धर्मान्तरण का

जनपद बलरामपुर वांछित था। एटीएस की टीम नें उसे बलरामपुर से गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। एटीएस के मुताबिक पकड़े गये आरोपी से पूछ तांछ की जा रही है।

### प्रदेश में एक

पैतृक आवास पर ईडी की टीम संपत्तियों का मूल्यांकन करने व उनके स्वामित्व संबंधी विवरण जुटाने में जुटी रही। भोर पांच बजे से शुरू हुई कार्रवाई में ईडी ने उन लोगों से भी लंबी पूछताछ की जिन्होंने नीतू, छांगुर या उसके पुत्र से जमीन व नकदी की लेन-देन की थी। मधपुर निवासी संतोष व दुर्गेश त्रिगुणायक ने वर्ष नीतू के आलीशान हवेली के लिए पांच बीघे से अधिक की जमीन बेची थी। ईडी ने इन दोनों के जमीन संबंधी दस्तावेज, नकद लेन देन का विवरण व उस समय की जमीन के सर्किल रेट की भी जांच की।




## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी-20 के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहेंगे रसेल

किंग्स्टन। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल 22 जुलाई को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के बाद अपने 15 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगे।




रसेल की सबसे बड़ी उपलब्धि 2012 और 2016 में टी20 विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम का सदस्य होना है। वह 2019 से केवल टी20 प्रारूप में ही खेल रहे हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज का 84 टी20 अंतरराष्ट्रीय, 56 वनडे और एक टेस्ट मैच में प्रतिनिधित्व किया है। जमैका के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के लिए टीम में चुना गया था, लेकिन वह अपने अंतिम दो अंतरराष्ट्रीय मैच 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क में खेलेंगे। रसेल ने भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप से सिर्फ सात महीने पहले अपने फैसले की घोषणा की। रसेल ने क्रिकेट वेस्टइंडीज द्वारा जारी बयान में कहा, मैं अपनी भावनाओं को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता।

वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन की सबसे गौरवपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। इस आक्रामक ऑलराउंडर ने 84 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 61 विकेट लिए हैं और 1078 रन बनाए हैं।

## विश्व कप में अभी समय, एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं : दीप्ति

साउथम्पटन। अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का मानना है कि जहां तक आगामी महिला एकदिवसीय विश्व कप की तैयारियों का सवाल है तो भारतीय टीम सही राह पर है लेकिन उन्होंने कहा कि अभी इस टूर्नामेंट के आयोजन में दो महीने का समय है और फिलहाल टीम का ध्यान इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला पर केंद्रित है। दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार को यहां खेले गए पहले वनडे में नाबाद 62 रन बनाकर भारत की चार विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई। भारतीय टीम महिला वनडे विश्व कप से पहले 14 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्वदेश में वनडे श्रृंखला खेलेगी। विश्व कप 30 सितंबर से खेला जाएगा जिसमें भारतीय टीम का पहला मैच श्रीलंका से होगा। दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे के बाद



संवाददाताओं से कहा, जहां तक विश्व कप के लिए तैयारी का सवाल है तो हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमने एक टीम के रूप में श्रीलंका और यहां अच्छा प्रदर्शन किया है।

विश्व कप में अभी समय है और अभी हम एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उनका मानना है कि उनकी शांतचित्तता ने लक्ष्य को आसानी से हासिल करने में मदद की और जेमिमा रोड्रिग्स के साथ उनकी 90 रन की साझेदारी महत्वपूर्ण साबित हुई।

## संक्षेप

### नेहा ने महिला पेशेवर गोल्फ टूर के नौवें चरण में बढ़त बनायी

होसुर (तमिलनाडु)। भारतीय महिला सर्किट की सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक नेहा त्रिपाठी ने दूसरे दौर में सात अंडर 65 के स्कोर से महिला पेशेवर गोल्फ टूर के नौवें चरण में तीन शॉट की बढ़त बना ली है। तैंतीस साल की नेहा जहां शीर्ष पर पहुंची तो वहीं पहले दौर के बाद शीर्ष पर काबिज अमनदीप ड्राल दूसरे दौर में चार ओवर 76 के लचर प्रदर्शन से इस 15 लाख रुपये इनामी प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर खिसक गईं। वर्ष 2023 के बाद अपने पहले खिताब का इंतजार कर रहीं नेहा ने छह बर्डी और एक ईगल किया लेकिन एक बोगी भी कर गईं। नेहा ने जैस्मिन शेखर (72 और 67) पर तीन शॉट की बढ़त बना रखी है जिन्होंने दूसरे दौर में बोगी रहित 67 का स्कोर बनाया। कीर्ति चौहान (69) तीसरे जबकि सानवी सोमु (73-70) चौथे स्थान पर हैं। मौजूदा सत्र में चार खिताब जीतने वाली वाणी कपूर दूसरे दौर में छह बर्डी और तीन बोगी से तीन अंडर 69 के स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। वाणी के अलावा एमेच्योर किया बाड़ुगु (75-69), स्नेहा सिंह (72-72) और सहर अटवाल का कुल स्कोर पार 144 है।

### पंचकूला में खेलो इंडिया के 15 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

चंडीगढ़। ताऊदेवी लाल स्टेडियम स्थित खेलो इंडिया केंद्र में खिलाड़ियों के लिए उचित आवास, भोजन और खेल उपकरणों की कमी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने बृहस्पतिवार को 15 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। मंत्री ने केंद्र का औचक निरीक्षण करने के बाद मुक्केबाजी, बैडमिंटन और एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने छात्रावास का भी मुआयना किया तथा भोजन व्यवस्था की जांच के लिए मेस का दौरा किया और जिम सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने खिलाड़ियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं जिसके बाद उन्होंने कोच, कर्मचारियों और जिला खेल अधिकारी पंचकूला सहित 15 लोगों को नोटिस जारी किए। मंत्री ने अधिकारियों को मौके पर बुलाया और उन्हें 15 दिनों के भीतर व्यवस्थाओं में सुधार करने की चेतावनी दी और कहा कि ऐसा नहीं करने की स्थिति में कड़ी कार्वाई की जाएगी।

### लक्ष्य सेन, सात्विक चिराग जापान ओपन से बाहर

तोक्यो। भारतीय खिलाड़ियों का जापान ओपन में निराशाजनक प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा तथा लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी यहां दूसरे दौर में हारकर इस सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गयी। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को पुरुष एकल में जापान के कोडाई नाराओका के हाथों 19-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला करीब एक घंटे तक चला। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग पर 21-11, 21-18 से जीत दर्ज की थी, लेकिन वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख सके। इससे पहले पुरुष युगल में सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी को चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 44 मिनट तक चले मुकाबले में 22-24, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# भारत की इंग्लैंड पर चार विकेट से जीत

एजेंसी




साउथम्पटन। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने अपने बल्लेबाजी कौशल और धैर्य का शानदार परिचय देते हुए नाबाद अर्धशतक जड़ा जिससे भारत ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट से जीत दर्ज की। दीप्ति ने 64 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 62 रन बनाए जिससे भारत ने 259 रन का लक्ष्य 10 गेंद शेष रहते हुए हासिल कर लिया। इस तरह से भारत ने वनडे विश्व कप से पहले अपनी तैयारी की अच्छी शुरुआत भी की।

दीप्ति ने अपनी पारी के दौरान जेमिमा रोड्रिग्स (54 गेंदों पर 48 रन) के साथ 14.2 ओवर में पांचवें विकेट के लिए 90 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। अंतिम ओवरों में ऑलराउंडर अमनजोत कौर (14 गेंदों पर 20 रन) ने भी अहम योगदान दिया। भारत की तरफ से सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल (36), उप कप्तान स्मृति मंधाना (28), हरलीन देओल (27) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (17) अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाई जिससे भारत का स्कोर एक समय चार विकेट पर 124 रन हो गया था। इसके बाद दीप्ति और रोड्रिग्स ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत दीप्ति के प्रदर्शन से काफी खुश थीं और उन्होंने रोड्रिग्स की भी तारीफ की जो दो रन से अर्धशतक से चूक गईं। उन्होंने कहा हमने जिस तरह की गेंदबाज़ी की, उससे मैं खुश हूं। हमने जिस तरह की बल्लेबाज़ी की, उससे भी बहुत खुश हूं, खासकर दीप्ति से।

उसकी पारी अहम थी। हमें लगा कि हमने 20-30 रन ज़्यादा दे दिए। यह बल्लेबाज़ी के लिए अच्छा विकेट था। हम फ़ील्डिंग पर काम कर रहे हैं, हमने आज दो मौके गंवाए। हम बेहतर करने की कोशिश करेंगे। जेमी और दीप्ति ने जिस तरह से धैर्य पूर्ण बल्लेबाजी की उसका पूरा श्रेय उन्हें जाता है।

इससे पहले भारत की युवा तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने दो विकेट झटककर प्रभावित किया लेकिन सोफिया डंकले की 92 गेंद में नाबाद 83 रन की पारी की मदद से इंग्लैंड ने छह विकेट पर 258 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। गौड़ (नौ ओवर में 55 रन देकर दो विकेट) और ऑफ स्पिनर स्नेह राणा (10 ओवर में 31 रन देकर दो विकेट) ने दो विकेट झटके। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद उसने 97 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे लेकिन एलिस डेविडसन रिचर्ड्स ने 73 गेंद में 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली और डंकले के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 106 रन की भागीदारी निभाई। डंकले ने अपनी पारी में नौ चौके लगाए।

### श्रृंखला दांव पर, बुमराह को खिलाने की संभावना : रेयान

बेकेनहैम। भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने बृहस्पतिवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में बराबरी की स्थिति में आने के लिए मेहमान टीम मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले चौथे टेस्ट मैच में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को खिलाना चाहती है। लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारत 22 रन से हार गया था जिससे श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ गया। बुमराह को पूर्व निर्धारित रणनीति के अंतर्गत श्रृंखला में अधिकतम तीन टेस्ट खेलने हैं। उन्होंने लॉर्ड्स में सात विकेट लेकर नेतृत्व किया लेकिन अगले मैच के लिए उनकी उपलब्धता अभी तक निश्चित नहीं है। टेन डोएशे ने कहा नहीं, हम यह फैसला मैनचेस्टर में ही लेंगे। हम जानते हैं कि अंतिम दो टेस्ट में से हम उसे एक के लिए चुन सकते हैं। मुझे लगता है कि अब मैनचेस्टर में श्रृंखला दांव पर है इसलिए उसे खिलाने पर विचार किया जाएगा। हालांकि ओल्ड ट्रैफर्ड में बुमराह की उपलब्धता कई कारकों पर निर्भर करेगी। उन्होंने कहा हमें फिर भी सभी कारकों को देखना होगा। हम वहां कितने दिन क्रिकेट खेल पाएंगे। इस मैच को जीतने के लिए हमारे लिए सबसे अच्छा मौका क्या है।

## राष्ट्रीय खेल विधेयक के मसौदे को तैयार करने में आईओसी से किया परामर्श : मंत्री मांडविया

एजेंसी

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक का मसौदा न केवल यहां के हितधारकों, बल्कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) और विश्व में फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से भी राय लेकर तैयार किया गया है।

यह विधेयक 21 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए), राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ), कॉरपोरेट जगत और खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी वाले एक दिवसीय खेलो भारत सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने विधेयक पारित कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जिसके लिए उन्होंने पूर्व खेल मंत्री और कांग्रेस नेता अजय माकन से भी चर्चा की है। मांडविया ने कहा मैंने एनएसएफ, खिलाड़ियों, कोचों के साथ कई बार विचार-विमर्श किया और जब ड्राफ्ट को सुझावों के लिए ऑनलाइन डाला गया तो जनता से 600 इनपुट भी प्राप्त किए। मैंने खेलों से जुड़े वकीलों के साथ भी तीन घंटे की बैठक की ताकि उनका दृष्टिकोण समझा जा सके। उन्होंने कहा आईओसी के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय खेल महासंघों से भी परामर्श किया गया। फीफा का एक सवाल था



और मैंने उनके साथ चर्चा करने के लिए एक अधिकारी को उनके मुख्यालय भेजा। राष्ट्रीय खेल विधेयक अब पूरी तरह से तैयार है और इसे मानसून सत्र के दौरान संसद में पेश किया जाएगा। विधेयक में देश के खेल प्रशासकों को एक नियामक बोर्ड के प्रावधान के साथ अधिक जवाबदेह बनाने का प्रयास किया गया है। इसके अलावा विधेयक में शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नैतिकता आयोग और विवाद समाधान आयोग की स्थापना का प्रस्ताव है। आईओए ने इसका विरोध किया है, जिसका मानना है कि नियामक बोर्ड सभी एनएसएफ के लिए नोडल निकाय के रूप में उसकी स्थिति को कमजोर करेगा। मांडविया ने कहा, मैंने अजय माकन (वरिष्ठ कांग्रेस नेता) से भी बात की। उन्होंने इस विधेयक को पारित करवाने के लिए अच्छे प्रयास किए हैं।

## काधे और प्रशांत की जोड़ी स्विस ओपन के सेमीफाइनल में



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के अर्जुन काधे और विजय सुंदर प्रशांत की जोड़ी ने स्विट्जरलैंड के गस्टाड में दूसरी वरीयता प्राप्त जैकब श्नाइटर और मार्क वॉलनर की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर स्विस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गैर वरीय भारतीय जोड़ी ने 596,035 यूरो के क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली जर्मनी की जोड़ी को 6-3, 7-6(5) से शिकस्त दी। काधे ने पिछले साल हमवतन ऋत्विक बोलीपल्ली के साथ अल्माटी एटीपी 250 टूर्नामेंट जीता था जिससे उनके नाम एक एटीपी खिताब है।

भारतीय जोड़ी को शुरुआत में ब्रेक मिला जिससे उन्होंने 3-1 से बढ़त बना ली। लेकिन सर्विस गंवाने के कारण इसे गंवा बैठीं। हालांकि वे जर्मनी की जोड़ी को एक बार फिर दबाव में लाकर 5-3 से आगे हो लिए। फिर इस सेट को जीतकर उन्हें क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बढ़त बनाने का मौका मिला। दूसरे सेट में दोनों जोड़ियों ने दमदार सर्विस की। सर्विस ब्रेक नहीं हुई जिससे यह सेट टाईब्रेकर तक खिंच गया। टाईब्रेकर में काधे की सर्विस पर दोनों अंक गंवाने के बाद भारतीय टीम 0-3 से पीछे थी लेकिन श्नाइटर भी अपनी सर्विस पर लगातार अंक गंवा बैठे जिसके बाद स्कोर बराबर हो गया। वालनर ने 5-4 पर अपनी सर्विस पर एक अंक गंवा जिससे काधे और प्रशांत ने मैच अपने नाम कर लिया।

### फ्रीस्टाइल शतरंज : प्रज्ञानानंदा व एरिगैसी क्वार्टर फाइनल में

लास वेगास। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर अपने हम वतन अर्जुन एरिगैसी के साथ यहां चल रहे 750,000 डॉलर इनामी फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर के शीर्ष ब्रैकेट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कार्लसन के लिए पिछले कुछ समय से भारतीय खिलाड़ियों से पार पाना मुश्किल रहा है।

उन्हें कुछ सप्ताह पहले मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने भी हराया था जो इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। कार्लसन के खिलाफ 19 वर्षीय प्रज्ञानानंदा अपने पूरे रंग में थे। उन्होंने शुरू से ही अपने मोहरों को प्रभावी ढंग से तैनात किया। कार्लसन को कुछ मौके मिले, लेकिन प्रज्ञानानंदा ने कुछ शानदार चालों से उन्हें नाकाम कर दिया। इस हार का कार्लसन पर इतना गहरा प्रभाव पड़ा कि वह अगले राउंड में वेस्ली सो के खिलाफ एक और गेम हार गए और चौथे स्थान के लिए हुए अंतिम टाईब्रेकर में अमेरिका के लेवोन



अरोनियन ने उन्हें 2-0 से हराकर शीर्ष ब्रैकेट में खिताब की दौड़ से बाहर कर दिया। एरिगैसी दूसरे ग्रुप से क्वार्टर फ़ाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय थे। एरिगैसी को शुरुआत में कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा लेकिन बाद में उन्होंने लय हासिल करके अंतिम आठ में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में प्रज्ञानानंदा का मुकाबला अमेरिका के फैबियानो कारूआना से होगा जबकि एरिगैसी को अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से भिड़ना होगा।

## प्रो लीग का प्रदर्शन, विश्व कप से पहले अच्छा सबक

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान और गोलकीपर पी आर श्रीजेश का मानना है कि हाल ही में समाप्त हुई एफआईएच प्रो लीग अगले साल होने वाले एशियाई खेलों और विश्व कप से पहले पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम के लिए अच्छा सबक है। भारत को प्रो लीग के यूरोपीय चरण में संघर्ष करना पड़ा और वह नौ टीमों में से आठवें स्थान पर रहा। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत की कांस्य पदक विजेता टीमों का हिस्सा रहे श्रीजेश का मानना है कि खिलाड़ियों ने बहुत खराब प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन दुर्भाग्य से परिणाम टीम के पक्ष में नहीं रहे।

श्रीजेश ने यहां बुधवार की रात को एक कार्यक्रम के दौरान कहा मुझे लगता है कि खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए। हमने कड़ी चुनौती दी लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है जब परिणाम आपके पक्ष में नहीं आते हैं। उन्होंने कहा हमारी तैयारी अच्छी थी लेकिन दुर्भाग्य से परिणाम हमारे लिए अच्छे नहीं रहे लेकिन कोचों के पास एशिया कप के




लिए टीम तैयार करने के लिए पर्याप्त समय है और निश्चित रूप से अगले साल एशियाई खेल और विश्व कप भी है। श्रीजेश ने कहा मुझे लगता है कि इस प्रो लीग ने हमें विश्व कप और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए कड़ा सबक सिखाया है। एशियाई खेलों का आयोजन 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में किया जाएगा। विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित किया जाएगा। पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद संन्यास लेने के बाद श्रीजेश अब भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम के कोच हैं और वह इसका आनंद ले रहे हैं।

उन्होंने कहा मेरी दिनचर्या पहले जैसी ही है। जब आप सुबह जल्दी उठते हैं तो खिलाड़ियों को तैयार करने के बारे में सोचते हैं। यह सुनिश्चित करते हैं कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं और बाकी दिन अगले सत्र की तैयारी करते हैं। अंतर सिर्फ इतना है कि पहले शारीरिक हिस्से पर अधिक जोर देना पड़ता था लेकिन अब दिमाग पर ज्यादा जोर देना पड़ता है लेकिन मैं इसका पूरा आनंद ले रहा हूं। भारत इस वर्ष 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में एफआईएच जूनियर विश्व कप की मेजबानी करेगा और श्रीजेश अपने खिलाड़ियों को तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा उनके (खिलाड़ियों) लिए सबसे बड़ी चुनौती जूनियर विश्व कप है क्योंकि चार देशों के टूर्नामेंट और इस तरह की अन्य प्रतियोगिताएं उन पर जूनियर विश्व कप जितना दबाव नहीं डालतीं। मेरा काम उन्हें इन टूर्नामेंट के लिए अच्छी तरह से तैयार करना है।

## अदिति चौहान की फुटबॉल से संन्यास की घोषणा

एजेंसी

नयी दिल्ली। यूरोप में पेशेवर फुटबॉल खेलने वाली पहली भारतीय महिला बनने के ठीक एक दशक बाद स्टार खिलाड़ी अदिति चौहान ने 17 साल के अपने करियर को विराम लगाते हुए खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह 32 वर्षीय भारतीय महिला टीम की पूर्व गोलकीपर अब मैदान के बाहर काम करना चाहती हैं और अगली पीढ़ी के लिए एक मजबूत रास्ता और माहौल बनाना चाहती हैं।

अदिति ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, फुटबॉल का शुक्रिया मुझे आकार देने, मेरी परीक्षा लेने और मुझे आगे ले जाने के लिए। 17 अविस्मरणीय वर्षों के बाद, मैं गहरी कृतज्ञता और गर्व के साथ पेशेवर फुटबॉल से संन्यास ले रही हूं। उन्होंने कहा, इस खेल ने मुझे सिर्फ करियर से कहीं बढ़कर दिया, इसने मुझे एक पहचान दी। दिल्ली में एक सपने का पीछा करने से लेकर ब्रिटेन तक अपना रास्ता बनाने तक, जहां मैंने खेल प्रबंधन में मास्टर्स की पढ़ाई की और वेस्ट हैम यूनाइटेड के लिए खेला - मैं एक ऐसे रास्ते पर चली जिसका कोई



स्पष्ट नक्शा नहीं था। अदिति ने कहा, मुझे कभी भी शिक्षा और जुनून के बीच चयन नहीं करना पड़ा। मैंने दोनों काम करने के लिए कड़ी मेहनत की और इसी संतुलन ने मुझे परिभाषित किया है। अपने सफल अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान अदिति ने इंग्लैंड में महिला सुपर लीग के लिए वेस्ट हैम यूनाइटेड द्वारा अनुबंधित किए जाने पर सभी का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने 57 मैच में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 2012, 2016 और 2019 में सैफ महिला चैंपियनशिप जीतने वाली सीनियर टीम का हिस्सा रहीं। अदिति ने कहा मैंने खेल को अपना सब कुछ दे दिया- सब कुछ भारत के लिए नंबर एक बनने की तलाश में। लेकिन मुख्य आकर्षण पर्दे के पीछे की शांत लड़ाइयां थीं: अनजानी चीजों का डर, यह साबित करने का दबाव कि मेरा रास्ता सही था और समाज का लगातार सवाल आप फुटबॉल खेलकर जीविका कैसे चला सकते हैं?

उन्होंने कहा और फिर, चोटें। एक बार नहीं, बल्कि दो बार एसीएल की चोटों से वापसी करते हुए मेरा मानना है कि मैंने अन्य खिलाड़ियों के लिए एक मिसाल कायम की है कि मानसिक साहस से कोई भी किसी भी चीज पर काबू पा सकता है। दर्द, संदेह, चुप्पी - यह एक ऐसी लड़ाई थी जिसे मुझे अंदर से जीतना था। उन्होंने 2018 की शुरुआत में भारत लौटने से पहले वेस्ट हैम के साथ दो सत्र बिताए। वह 2019-20 में इंडियन वुमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) के लिए गोकुलम केरल एफसी से जुड़ीं। घरेलू स्तर पर अदिति ने 2019-20 और 2021-22 में गोकुलम केरल एफसी के साथ आईडब्ल्यूएल का खिताब जीता और एएफसी महिला क्लब चैंपियनशिप में तीसरा स्थान भी हासिल किया। अदिति ने कहा मेरे माता-पिता मेरे साथ खड़े रहे, जरूरत पड़ने पर मेरा साथ दिया।

### खेल सचिव ने एनएसएफ को कहा, एशियाड 2026 चयन योजना तैयार करो

नयी दिल्ली। खेल सचिव हरि रंजन राव ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) से आग्रह किया कि वे अगले साल होने वाले एशियाई खेलों के लिए 29 अगस्त तक अपनी चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दें जिससे कि जापान में होने वाले इन शीर्ष महाद्वीपीय खेलों की तैयारियों पर अधिक ध्यान दिया जा सके। राव राष्ट्रीय राजधानी में एक दिवसीय खेलो भारत कॉन्क्लेव में एनएसएफ को संबोधित कर रहे थे जहा भारतीय खेलों को आगे बढ़ाने की कार्ययोजना पर विभिन्न हितधारकों द्वारा चर्चा की जा रही है जिसमें खेल मंत्री मनसुख मांडविया, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और कारपोरेट घरानों के प्रतिनिधि और प्रमुख पूर्व एथलीट शामिल हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के महानिदेशक की भी भूमिका निभा रहे राव ने उपस्थित लोगों से कहा, हमें 29 अगस्त तक एशियाई खेलों के लिए चयन योजना बनानी चाहिए जो राष्ट्रीय खेल दिवस (और हॉकी के महान खिलाड़ी ध्यानचंद की जयंती) भी है।

### एएफआई ने विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल प्रतियोगिता का क्वालीफिकेशन घोषित

भुवनेश्वर। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 10 अगस्त को यहां होने वाली विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर प्रतियोगिता के लिए बृहस्पतिवार को क्वालीफिकेशन स्तर की घोषणा की। कॉन्टिनेंटल टूर विश्व एथलेटिक्स के तत्वावधान में आयोजित होने वाली ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताओं की एक वार्षिक श्रृंखला है और यह प्रतिष्ठित



डाइमंड लीग के बाद अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय प्रतियोगिताओं का दूसरा स्तर है। यह कांस्य स्तरीय टूर प्रतियोगिता स्वर्ण और रजत स्तर की प्रतियोगिताओं से नीचे है। प्रतियोगिता में 10 से अधिक देशों के 150 से अधिक खिलाड़ी 20 स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे। कई शीर्ष भारतीय खिलाड़ी विदेशी एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। हालांकि देश के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का हिस्सा नहीं होंगे। कलिंगा स्टेडियम में होने वाली इस प्रतियोगिता में तुर्कमेनिस्तान, भूटान, फिलिपींस, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, इराक, वियतनाम, कैमरून, श्रीलंका, ईरान और मालदीव के एथलीट भाग लेंगे। पुरुष वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 5000 मीटर, लंबी कूद, त्रिकूद, भाला फेंक और चार गुणा 400 मीटर रिले दौड़ में प्रतियोगिताएं होंगी जबकि महिला वर्ग में प्रतियोगी 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 100 मीटर बाधा दौड़, लंबी कूद, भाला फेंक, चार गुणा 400 मीटर रिले दौड़ में भाग लेंगे। एक मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले स्पर्धा भी आयोजित की जाएगी। पुरुषों और महिलाओं की 100 मीटर दौड़ के लिए निर्धारित क्वालीफिकेशन स्तर क्रमशः 10.60 और 11:80 सेकेंड है। अन्य स्पर्धाओं में क्वालीफिकेशन स्तर इस प्रकार हैः पुरुष - 200 मीटर (21.30 सेकेंड), 400 मीटर (46.20 सेकेंड), 800 मीटर (एक मिनट 48.50 सेकेंड), 5000 मीटर (14 मिनट 10.00 सेकेंड), लंबी कूद (7.80 मीटर), ट्रिपल जंप (16.30 मीटर), भाला फेंक (75.00 मीटर)।

# सेना से छेड़खानी के नतीजे भुगतने पड़ते हैं: शाह



जयपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की ओर इशारा करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इसने पूरी दुनिया को यह मजबूत संदेश दिया कि किसी को भी भारत के नागरिक, उसकी सीमा या उसकी सेना से छेड़खानी नहीं करनी चाहिए वरना नतीजे भुगतने पड़ते हैं।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को सुरक्षित करने का सबसे बड़ा काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में देश आए दिन आतंकवादी हमलों से त्रस्त था, लेकिन अब ऐसा नहीं होता। शाह ने कहा कि पहले उरी में हमला हुआ तो मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक की।पुलवामा में हमला हुआ एयर स्ट्राइक की और पहलगाम में हमला किया गया तो ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान के घर में जाकर आतंकवादियों के परखच्चे उड़ा दिए और एक मजबूत संदेश पूरी दुनिया को भेजा कि भारत के नागरिक, भारत की सेना और भारत की सीमा... इनके साथ छेड़खानी नहीं करनी, वरना नतीजे भुगतने पड़ते हैं। उन्होंने कहा, मोदी जी ने यह संदेश देकर एक समृद्ध, सुरक्षित और विकसित भारत के स्वप्न को सच्चाई में बदलने का, जमीन पर उतारने का काम किया है। गृह मंत्रालय के साथ-साथ सहकारिता मंत्रालय की जिम्मेदारी भी संभाल रहे शाह अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर जयपुर के दादिया गांव में सहकार एवं रोजगार उत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत, दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और 27 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम किया गया है।

राजस्थान में भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार की प्रशंसा करते हुए शाह ने कहा कि इस सरकार ने कम समय में ढेर सारे काम किए हैं। उन्होंने कहा, राजस्थान पेपर लीक से त्रस्त था, लेकिन भजनलाल सरकार ने एसआईटी (विशेष जांच दल) का गठन करके पेपर लीक माफिया को कठोर संदेश दिया है। शाह ने कहा कि राज्य निवेश शिखर सम्मेलन के दौरान 35 लाख करोड़ रुपये के करार (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए और तीन लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर काम शुरू हो चुका है। गृह मंत्री ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर वैट कम किया और कई अन्य पहल कीं। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए भी राज्य सरकार की प्रशंसा की। शाह ने देश के विकास में सहकारिता आंदोलन के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि विगत सौ साल के अंदर सहकारिता ने देश के विकास में बड़ा योगदान दिया मगर आने वाले 100 साल सहकारिता के हैं। उनके मुताबिक, हर गांव, हर गरीब, हर किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र सरकार में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने पिछले चार साल में इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए 61 पहल की हैं। दो लाख नई पैक्स (प्राथमिक कृषि ऋण समितियां) बनाने का काम शुरू हो चुका है, जिनमें से 40,000 पैक्स बना ली गई हैं। उन्होंने राजस्थान के कृषि योगदान का भी जिक्र किया। हमने सहकारिता का उपयोग करके उंटों की नस्ल संरक्षण और उंटनी के दूध के औषधीय गुणों के परीक्षण पर शोध शुरू किया है।

## बीजिंग ने रूस-भारत-चीन सहयोग को पुनर्जीवित करने की मॉस्को की पहल का किया समर्थन



बीजिंग। चीन ने निष्क्रिय रूस-भारत-चीन (आरआईसी) त्रिपक्षीय सहयोग को पुनर्जीवित करने की रूस की पहल के प्रति बृहस्पतिवार को अपना समर्थन व्यक्त किया। उसने कहा कि त्रिपक्षीय सहयोग न केवल तीनों देशों के हित साधता है, बल्कि क्षेत्र और विश्व की सुरक्षा और स्थिरता के लिए भी जरूरी है।

रूसी समाचार पोर्टल इजवेस्तिया ने रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रेई रुदेंको के हवाले से कहा कि मॉस्को आरआईसी प्रारूप की बहाली की उम्मीद करता है और इस मुद्दे पर बीजिंग और नयी दिल्ली के साथ बातचीत कर रहा है। रुदेंको ने कहा कि यह विषय दोनों देशों के साथ हमारी बातचीत में शामिल है। हम इस प्रारूप को सफल बनाने में दिलचस्पी रखते हैं, क्योंकि तीनों देश (भारत, चीन, रूस) ब्रिक्स के संस्थापकों के अलावा महत्वपूर्ण साझेदार हैं। ब्रिक्स ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं का अंतरसरकारी समूह है, जिसमें पांच अतिरिक्त सदस्य मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को शामिल किया गया है। रुदेंको ने कहा कि इसलिए, मेरी राय में आरआईसी प्रारूप की कमी अनुचित है। हम उम्मीद करते हैं कि सबंधित देश आरआईसी के ढांचे के भीतर फिर से काम शुरू करने पर सहमत होंगे। बेशक तब, जब इन देशों के बीच संबंध उस स्तर पर पहुंच जाएंगे, जो उन्हें त्रिपक्षीय प्रारूप में काम करने की अनुमति देता है। एक संवाददाता सम्मेलन में रुदेंको की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि चीन-रूस-भारत सहयोग न केवल तीनों देशों के संबंधित हितों की पूर्ति करता है, बल्कि क्षेत्र और विश्व में शांति, सुरक्षा, स्थिरता और प्रगति को बनाए रखने में भी मदद करता है। उन्होंने कहा कि चीन त्रिपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के वास्ते रूस और भारत के साथ संवाद बनाए रखने के लिए तैयार है। आरआईसी को पुनर्जीवित करने में रूस और चीन की दिलचस्पी हाल ही में विदेश मंत्री एस जयशंकर के शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए बीजिंग की यात्रा करने के बाद बढ़ी है।

**संक्षेप**

### पडलकर और आव्हाड के समर्थकों के बीच झड़प

मुंबई। महाराष्ट्र विधानभवन में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक जितेंद्र आव्हाड और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक गोपीचंद पडलकर के समर्थकों के बीच बृहस्पतिवार को हाथापाई हो गई। आव्हाड और पडलकर के बीच बुधवार को तीखी बहस हुई थी, जिसके एक दिन बाद यह घटना हुई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि कुछ देर के लिए स्थिति बिगड़ गई थी, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने दोनों समूहों को अलग कर दिया। मुझे इस घटना के बारे में कुछ नहीं पता। आप उनसे (आव्हाड से) पूछ सकते हैं, वह सदन में बैठे हैं। मैं इसमें (घटना में) शामिल किसी भी व्यक्ति को नहीं जानता। पूर्व मंत्री आव्हाड ने विधानमंडल परिसर में सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने दावा किया, अगर विधायक विधानभवन के अंदर भी सुरक्षित नहीं हैं, तो जनप्रतिनिधि होने का क्या मतलब है? हमारा अपराध क्या है? मैं तो बस ताजी हवा लेने के लिए बाहर निकला था। मुझे लगता है कि वे मुझ पर हमला करने आए थे। विधानभवन के प्रवेश द्वार पर बुधवार को आव्हाड और पडलकर के बीच हुई बहस हुई थी। सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित वीडियो में दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस होती दिख रही है। पडलकर ने कार से उतरते समय जानबूझकर अपनी गाड़ी का दरवाजा बहुत जोर से खोला।

## विदेश नीति पर भारत के पारंपरिक रुख से हटी सरकार : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर विदेश नीति के संदर्भ में भारत के पारंपरिक रुख से पीछे हटने और राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति नहीं बनाने का आरोप लगाया तथा यह भी कहा कि इस विषय संसद के मानसून सत्र में व्यापक चर्चा होनी चाहिए।

पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता आनंद शर्मा ने दावा किया कि मौजूदा विदेश नीति में बिखराव के कारण विश्व स्तर पर भारत का असर कम हो रहा है। शर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि भारत की विदेश नीति में जैसा बिखराव है, उस वजह से भारत का प्रभाव विश्व में कम हो रहा है। यह सबके लिए दुख की बात है। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया, भारत ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन का नेतृत्व किया। दुनिया के जिन देशों और महाद्वीपों में आजादी के लिए, रंगभेद के खिलाफ बड़े संघर्ष हुए, उन्होंने भारत की अगुवाई को माना, भारत की आवाज को सुना- चाहे वह अफ्रीका हो, लैटिन अमेरिका हो या एशिया के देश हों। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब हम राष्ट्रहित को आगे रखते हैं।

## कंबोडिया: साइबर अपराध पर हालिया कार्रवाई में 1000 लोग हुए गिरफ्तार

नोम पेन्ह। प्रधानमंत्री हुन मानेट द्वारा सरकारी निकायों को देश में साइबर अपराधों पर नकेल कसने के आदेश के परिणामस्वरूप इस सप्ताह अब तक 1,000 से ज्यादा संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया।

अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हुन मानेट ने सुरक्षा-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा बनाये रखने के लिए संबंधित विभागों को कार्रवाई करने का अधिकार देते हुए यह आदेश जारी किया था। हुन मानेट ने मंगलवार को एक बयान में कहा, सरकार ने पाया है कि ऑनलाइन (साइबर) घोटाले वर्तमान में दुनिया और क्षेत्र में खतरा व असुरक्षा पैदा कर रहे हैं। कंबोडिया में, विदेशी आपराधिक समूह भी साइबर घोटाले करने के लिए घुसपैठ कर चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य एजेंसियों का अनुमान है कि साइबर घोटालों से अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोहों को सालाना अरबों डॉलर की कमाई होती है। सूचना मंत्री नेथ फेकट्रा और पुलिस के बयानों के अनुसार, सोमवार से बुधवार के बीच कम से कम पांच प्रांतों में छापेमारी के दौरान 1,000 से ज्यादा संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में राजधानी नोम पेन्ह व सिहानोकविले से 200 से ज्यादा वियतनाम नागरिकों, चीन के 27 नागरिकों, ताइवान के 75 और कंबोडिया के 85 नागरिक शामिल हैं। पुलिस ने कंप्यूटर और सैकड़ों मोबाइल फोन सहित कई उपकरण भी जब्त किए हैं। मंत्री ने बताया कि थाइलैंड की सीमा से सटे पोइपेट शहर में बुधवार को 45 महिलाओं समेत कम से कम 270 इंडोनेशियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। पोइपेट शहर साइबर घोटाले और जुए के लिए मशहूर है।

## इराक के मॉल में भीषण आग 60 से अधिक लोगों की मौत



बगदाद। इराक के पूर्वी वासित प्रांत में स्थित एक मॉल में बुधवार को लगी भीषण आग में महिलाओं और बच्चों समेत 60 से अधिक लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह शॉपिंग मॉल हाल ही में खुला था।

इराक के गृह मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि कुत शहर में स्थित इस मॉल में बुधवार को देर शाम आग लगी जिसमें 61 लोग मारे गए हैं। बयान के अनुसार, ज्यादातर लोगों की जान दम घुटने से गई। बयान में बताया गया है कि बुरी तरह जल चुके 14 शवों की पहचान नहीं हो पाई है। बयान के अनुसार, पूर्वी इराक के वासित प्रांत में स्थित इस मॉल की पांच मंजिला इमारत से नागरिक सुरक्षा दलों ने 45 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जो आग की वजह से अंदर फंस गए थे। यह मॉल केवल एक सप्ताह पहले ही खोला गया है। इस मॉल में एक रेस्टोरेंट और सुपरमार्केट भी हैं। सरकारी इराकी समाचार एजेंसी के अनुसार, कई लोग अब भी लापता हैं। स्थानीय मीडिया में जारी तस्वीरों और वीडियो में पूरी इमारत को आग की लपटों में घिरी नजर आ रही है। प्रांतीय गवर्नर मोहम्मद अल-मैय्येह ने इस भीषण हादसे पर तीन दिन के शोक की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच जारी है और मॉल एवं इमारत के मालिकों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। अल-मैय्येह ने कहा कि हम निर्दोष पीड़ितों के परिवारों को आश्वस्त करते हैं कि इस घटना के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जिम्मेदार किसी भी व्यक्ति के साथ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट 48 घंटे के भीतर जारी कर दी जाएगी। उन्होंने गृह मंत्री को घटनास्थल पर जाकर जांच करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपाय करने के निर्देश दिए हैं।

## दलित और वंचित होना अपराध बना : राहुल



नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा में एक दलित किशोर की हत्या की घटना का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में दलित और वंचित होना अपराध बन गया है।

राहुल गांधी ने एक खबर का हवाला दिया जिसमें कहा गया है कि हरियाणा के हिसार में पिछले दिनों 16 वर्षीय दलित किशोर गणेश वाल्मीकि की हत्या कर दी गई और लोगों ने इस मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन भेजा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने एक्स पर पोस्ट किया, जब सत्ता मनुवादी सोच की गोद में बैठती है, तो दलितों की जान की कोई कीमत नहीं बचती। हरियाणा के हिसार में दलित किशोर गणेश वाल्मीकि की हत्या और उसके परिवार के साथ हुई बर्बरता सिर्फ एक अपराध नहीं है। यह भाजपा - आरएसएस के मनुवादी सिस्टम का वह घिनौना चेहरा है जो आज भारत में बहुजनों के जीवन को सस्ता समझता है , जो उन्हें समानता और सम्मान का हकदार नहीं मानता। राहुल गांधी ने कहा कि परिजनों का आरोप है कि गणेश की हत्या पुलिस ने की , 9 दिन बाद भी कोई कार्वाई नहीं हुई और जब परिवार न्याय मांगने गया , तो उल्टा उन्हीं को प्रताड़ित किया गया। उन्होंने दावा किया कि यह कोई इकलौती घटना नहीं है और पिछले 11 सालों में दलितों , आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के मामले बेलगाम बढ़ गए हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि यह सब इसलिए हो रहा है क्यों कि सत्ता में बैठी भाजपा ने, भेदभाव के लिए हिंसा को खुली छूट दे दी है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, मोदी सरकार ने ना सिर्फ़ इन अत्याचारों पर चुप्पी साध ली है बल्कि संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करके , पुलिस और प्रशासन को ऐसे अपराधों का हथियार और अपराधियों की ढाल बना दिया है। मोदी के दौर में दलित होना, गरीब होना , वंचित होना मानों अपराध बन गया है। उन्होंने कहा कि गणेश वाल्मीकि की मौत सिर्फ एक इंसान की नहीं, संविधान की हत्या है , बाबा साहेब आंबेडकर के सपनों की हत्या है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ा हूं। यह सिर्फ एक परिवार के इंसाफ की लड़ाई नहीं, यह सामाजिक न्याय और भारत की आत्मा की लड़ाई है। दोषियों पर तत्काल सख्त कार्वाई हो - यही न्यूनतम न्याय है।

**इंटरटेनमेंट...**

## सलमान की बैटल ऑफ गलवान बनी चैलेंजिंग



**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म बैटल ऑफ गलवान को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्म में निभाए गए किरदार के बारे में बात की और यह भी बताया कि इस रोल को निभाने के लिए शारीरिक तौर पर उन्हें किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा। बातचीत के दौरान सलमान खान ने कहा, फिल्म बैटल ऑफ गलवान में मेरा किरदार फिजिकली काफी चैलेंजिंग है।

हर साल, हर महीने, हर दिन यह और भी ज्यादा मुश्किल होता जा रहा है। अब मुझे ज्यादा समय देना पड़ता है। पहले मैं यह एक या दो हफ्तों में कर लेता था, लेकिन अब मुझे दौड़ना, किक मारना, पंच करना और इस तरह की चीजें करनी पड़ती हैं। इस फिल्म की मांग ही ऐसी है। सलमान ने कहा, जब मैं फिल्म सिकंदर कर रहा था तो उसका एक्शन अलग था। वह किरदार अलग था। लेकिन बैटल ऑफ गलवान का रोल फिजिकली अलग और मुश्किल है। इसके लिए मुझे लद्दाख के ऊंचे पहाड़ों पर और ठंडे पानी में शूटिंग भी करनी है, जो एक बड़ी चुनौती है। जब मैंने इस फिल्म को साइन किया, तब मुझे लगा कि यह एक शानदार फिल्म है। लेकिन यह करना कठिन है। लद्दाख में मुझे 20 दिन काम करना है और फिर सात से आठ दिन ठंडे पानी में शूटिंग करनी है।

## 'सुपर डांसर चैप्टर 5' में दिखेगा मां-बच्चे का प्यार



**मुंबई।** पॉपुलर डांस रियलिटी शो सुपर डांसर अपने पांचवें सीजन के साथ वापसी कर रहा है। यह शो 19 जुलाई से टेलीकास्ट होगा। नए सीजन में 12 कंटेस्टेंट्स होंगे, जिन्हें कोरियोग्राफर्स के साथ मिलकर परफॉर्म करना होगा। इस बार शो की थीम 'इंटरनेट ने जिन्हें बनाया स्टार, अब स्टेज बनाएगा उन्हें सुपरस्टार है। शो में हिस्सा लेने वाले चार कंटेस्टेंट्स बरकत, आध्याश्री, सोमांश और नमिश ने बातचीत की। इस दौरान उनकी मांओं ने भी अपना अनुभव शेयर किया। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है और मेरी तैयारी भी बहुत अच्छी चल रही है। सुपर डांसर में हिस्सा लेना मेरा सपना था। जब मैं रात को सोती हूं, तो यही सोचती हूं कि एक दिन मैं स्टेज पर जाकर ट्रॉफी पकड़ूंगी। मेरे दिल और दिमाग में हर वक्त सुपर डांसर ही चलता है। हालांकि, इसके साथ-साथ मेरी पढ़ाई भी जारी है। मुझे खुद पर बहुत गर्व महसूस हो रहा है।

### टीवी शो 'अनुपमा' में क्या नये 'वनराज' बनेंगे रोनित रॉय?

मुंबई। टीवी शो 'अनुपमा' को लेकर चर्चा थी कि एक्टर रोनित रॉय अब शो में वनराज शाह का किरदार निभा सकते हैं। जिसके बाद अब रोनित ने अटकलों को लेकर चुप्पी तोड़ी है। मैं अनुपमा नहीं कर रहा हूं। ये खबर पूरी तरह गलत है।

मैं वनराज का किरदार नहीं निभा रहा हूं। शो में वनराज को लेकर कोई नई प्लानिंग नहीं हो रही है। जो बातें चल रही हैं, वो सिर्फ अफवाहें हैं। इसमें कोई सच्चाई नहीं है। रोनित रॉय ने भी कई मीडिया प्लेटफॉर्म पर साफ किया है कि वह यह शो नहीं कर रहे हैं। बता दें कि सीरियल में वनराज का किरदार एक्टर सुधांशु पांडे निभा रहे थे।

## मूवी रिव्यू- 'तन्वी : द ग्रेट' आज होगी रिलीज



मुंबई। अनुपम खेर के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'तन्वीः द ग्रेट' कल यानी कि 18 जुलाई को रिलीज हो रही है। सच्ची घटना पर आधारित यह दिल को छू जाने वाली फिल्म है। इस फिल्म में अनुपम खेर ने अभिनय भी किया है। अनुपम के अलावा फिल्म में शुभांगी दत्त, करण टैकर, बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ, अरविंद स्वामी, पल्लवी जोशी की अहम भूमिका है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 39 मिनट है। दैनिक भास्कर ने इस फिल्म को 5 में से 4 स्टार की रेटिंग दी है।

कहानी दिल्ली से लैंसडाउन (उत्तराखंड) तक की एक भावनात्मक यात्रा है। तन्वी (शुभांगी दत्त) एक ऑटिस्टिक बच्ची है, जिसे उसकी मां विद्या (पल्लवी जोशी) विदेश जाने से पहले उसके दादा कर्नल रैना (अनुपम खेर) के पास छोड़ जाती है। कर्नल रैना सेना से रिटायर हो चुके हैं और बहुत अनुशासित हैं। शुरूआत में उन्हें तन्वी की दुनिया समझ नहीं आती, लेकिन धीरे-धीरे दोनों के बीच एक गहरा रिश्ता बनता है। कहानी मोड़ तब लेती है जब तन्वी अपने शहीद पिता (करण टैकर) का एक वीडियो देखती है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वो चाहते थे कि एक दिन वे सियाचिन में तिरंगे को सलाम करें। यही सपना तन्वी भी देखने लगती है कि वह सेना में भर्ती होकर अपने पिता का सपना पूरा करेगी।

इस सफर में एक और भावनात्मक मोड़ तब आता है जब एक आर्मी ऑफिसर मेजर श्रीनिवासन को पता चलता है कि कभी किसी अनजान व्यक्ति ने खून देकर उनकी जान बचाई थी। बाद में उन्हें ये जानकर झटका लगता है कि वो खून देने वाला और कोई नहीं बल्कि तन्वी के शहीद पिता थे। अब वही छोटी बच्ची सेना में आने का सपना देख रही है। ये बात उन्हें भीतर तक झकझोर देती है। शुभांगी दत्त ने अपना किरदार पूरे दिल से निभाया है। उन्होंने सिर्फ किरदार निभाया नहीं, बल्कि उसे जिया है। उनका हर इमोशन आपको अंदर तक छूता है। अनुपम खेर ने अपने किरदार को बड़े ही सच्चे और सादे तरीके से निभाया है। एक सख्त दादा कैसे धीरे-धीरे एक नन्ही बच्ची के साथ बदलता है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com